

1965 के युद्ध में शास्त्री ने निर्णायक नेतृत्व प्रदान किया - 12



भारत की साख रेटिंग बढ़ाकर बीबीबी+ की - 12




गाजा में युद्धविराम के 15 में से 14 वोट, जवाब में अमेरिका का वीटो - 13



विश्व चैंपियनशिप पदक चूकने से निराश सचिन यादव - 14


आज का मौसम 33.0° अधिकतम तापमान 25.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.00 सूर्यास्त 06.11

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ बरेली कानपुर मुरादाबाद अयोध्या हल्द्वानी

आश्विन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी 12:17 उपरांत अमावस्या विक्रम संवत 2082

शनिवार, 20 सितंबर 2025, वर्ष 6, अंक 301, पृष्ठ 14 मूल्य 6 रुपये


## ब्रीफ न्यूज

### फर्जी नौकरी गिरोह का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** वियतनाम में फर्जी नौकरी गिरोह चलाने वाले ठगों के साथ जुड़े दो लोगों को दिल्ली के एक व्यक्ति से 3.12 लाख रुपये की ठगी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह गिरोह ऑस्ट्रेलिया और कनाडा में नौकरी की तलाश कर रहे भारतीयों को निशाना बनाता था। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि उत्तर प्रदेश में 1,000 किलोमीटर तक का क्षेत्र कवर करने के बाद तीन दिनों तक चली छापेमारी में गिरोह के मास्टरमाइंड सहदेव सिंह (37) और उसके सहयोगी नीरज (37) को एटा से पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान सिंह ने खुलासा किया कि वियतनाम में गिरोह चलाने वालों के साथ काम किया था।

### शरजील, उमर की बेल पर सुनवाई स्थगित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2020 के दिल्ली दंगों के मामले में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र शरजील इमाम, उमर खालिद और अन्य की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई 22 सितंबर के लिए स्थगित कर दी है। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिकाओं पर सुनवाई शुक्रवार को स्थगित कर दी। याचिकाकर्ताओं ने दिल्ली उच्च न्यायालय के दो सितंबर 2025 के संबंधित आदेश को चुनौती दी है, जिसमें जमानत मंजूर करने से इनकार कर दिया गया था।



### सोलर विलेज धोरडो का मोदी करेंगे लोकार्पण

**गांधी नगर।** संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन द्वारा श्रेष्ठ पर्यटन गांव के रूप में गुजरात में प्रतिष्ठित कच्छ के धोरडो गांव का सौ प्रतिशत सौरीकरण (सोलराइजेशन) किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को भावनगर में आयोजित समुद्र से समृद्धि कार्यक्रम अंतर्गत इसका लोकार्पण करेंगे। मेहसाणा के मोढेरा, खेडा के सुखी तथा बनासकांठा के मसाली के बाद धोरडो राज्य का चौथा सोलर विलेज बना है।

### पहला मानवयुक्त मिशन 2027 में निर्धारित

**बेंगलुरु।** भारत का गगनयान कार्यक्रम तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजना और उन्हें सुरक्षित वापस पृथ्वी पर लाना है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी नारायणन ने शुक्रवार को घोषणा की कि भारत का पहला मानवयुक्त मिशन 2027 की अंतिम तिमाही में निर्धारित है। बेंगलुरु में हाइड्रोजन फ्यूल नेशनल वर्कशॉप के उद्घाटन के दौरान मीडिया के बात करते हुए कहा कि इस प्रोग्राम से जुड़े लगभग 80 से 85 प्रतिशत कार्य पहले ही कर लिए गए हैं। कहा कि पहला मानवरहित मिशन इस साल दिसंबर में निर्धारित है।



# टेक्नोलॉजी रोजगार नहीं छीनती पैदा करती है अवसर : मुख्यमंत्री

## गाजियाबाद में युवाओं से योगी का आह्वान- एआई व नई टेक्नोलॉजी को अपनाएं

- कहा, वित्तीय वर्ष 2025-26 में ही यूपी को बनाएंगे 36 लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गाजियाबाद

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवाओं से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डिजिटल टेक्नोलॉजी को अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी रोजगार छीनती नहीं बल्कि नए अवसर पैदा करती है। जिस तरह कंप्यूटर आने पर नई संभावनाएं बनीं, उसी तरह एआई भी कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में नई दिशा देगा। किसान यदि तकनीक अपनाएंगे तो उनकी उत्पादकता तीन गुना तक बढ़ सकती है।

गाजियाबाद में शुक्रवार को पूर्व सांसद रमेश चंद्र तोमर की पुस्तक भारतवर्ष की स्वर्णाभा नरेन्द्र मोदी का विमोचन करने के मौके पर उन्होंने विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प को आगे बढ़ाने और युवाओं को तकनीक से जुड़ने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पुस्तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अब तक की उपलब्धियों को संजोने वाली प्रेरणादायी कृति है। उन्होंने सुझाव दिया कि इसे विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और पुस्तकालयों में रखा जाए ताकि नई पीढ़ी प्रेरणा ले सके। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और जल्द ही तीसरे स्थान पर पहुंचने वाला है। उत्तर प्रदेश भी तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। 2017 से पहले यूपी को बीमारू राज्य कहा जाता था, लेकिन आज यह देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। 2016-17 में यूपी की जीडीपी 12.75 लाख करोड़ रुपये थी, जिसे 2025-26 में ही 36 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य है।



गाजियाबाद में पूर्व सांसद रमेश चंद्र तोमर की पुस्तक भारतवर्ष की स्वर्णाभा नरेन्द्र मोदी के विमोचन समारोह को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी।

### लोगों ने कहा भूत है, फिर भी मैं रात में रुका...

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले गाजियाबाद की पहचान गंदगी और गैंगस्टर से जुड़ी थी। गौतमबुद्ध नगर को अफवाह फैलाकर लूट का अड्डा बना दिया गया था। कहा जाता था कि कोई मुख्यमंत्री यहां नहीं आ सकता, आएगा तो कुर्सी चली जाएगी। बिजनौर और आगरा के लिए भी बना दी गई थी। डर और अफवाहें फैला दी गई थीं। मैं बिजनौर में रात में रुका, आगरा के कथित भूतिया सर्किट हाउस में ठहरा और नोएडा भी गया। जनता ने दोबारा आशीर्वाद देकर मुझे मुख्यमंत्री बनाया। अफवाहें फैलाने वालों की सच्चाई जनता के सामने आनी जरूरी थी।

### परखीं अंतर्राष्ट्रीय ट्रेड शो की तैयारियां

**लखनऊ/ग्रेटर नोएडा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 25 से 29 सितंबर के बीच ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस 2025) की तैयारियों का जायजा लेने के लिए शुक्रवार को स्थलीय निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री ने ई कार्ट में बैठकर आयोजन स्थल को देखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस आयोजन का शुभारंभ करेंगे। इसको देखते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से तैयारियों के विषय में जानकारी ली और जरूरी निर्देश भी दिए।

# भारत-ईयू एफटीए के लिए यूनान का समर्थन

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री मोदी से यूनानी समकक्ष ने फोन पर की बात
- दोनों देशों के बीच संबंधों की मजबूती पर जताई प्रतिबद्धता



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शुक्रवार को यूनानी प्रधानमंत्री काइरियाकोस मित्सोताकिस ने फोन पर बात की और उन्हें पारस्परिक रूप से लाभकारी भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को शीघ्र पूरा करने के लिए यूनान के समर्थन से अवगत कराया। दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच फोन पर बातचीत के दौरान यह मुद्दा उठा। मोदी और मित्सोताकिस ने भारत तथा यूनान के बीच द्विपक्षीय संबंधों, विशेषकर व्यापार, निवेश और रक्षा के क्षेत्रों में संबंधों का भी जायजा लिया।

भारत की ओर से जारी बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, नौवहन, रक्षा, सुरक्षा, संपर्क और लोगों के बीच रिश्तों जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों में विकास का स्वागत किया तथा भारत-यूनान रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। इसमें कहा गया कि मित्सोताकिस ने पारस्परिक रूप से लाभकारी भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को शीघ्र पूरा करने और 2026 में भारत द्वारा आयोजित किए जाने वाले एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन की सफलता के लिए यूनान के समर्थन से अवगत कराया। फोन यूनानी नेता की ओर से किया गया।

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौते के लिए 13वें दौर की वार्ता पिछले सप्ताह नई दिल्ली में आयोजित हुई। यूरोपीय संघ भारत का सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है और दोनों देशों के बीच वित्त वर्ष 2023-24 में द्विपक्षीय व्यापार 135 अरब अमेरिकी डॉलर का रहा। दोनों पक्षों ने पहले ही 11 अध्यायों पर बातचीत पूरी कर ली है, जिनमें सीमा शुल्क और व्यापार सुविधा, विवाद निपटान, डिजिटल व्यापार, टिकाऊ खाद्य प्रणाली, लघु और मध्यम आकार के उद्यम, प्रतिस्पर्धा तथा सब्सिडी और पूंजीगत आवाजाही शामिल हैं।

# 474 और दलों को सूची से किया बाहर

नई दिल्ली, एजेंसी

- निर्वाचन आयोग ने छह वर्षों से चुनाव न लड़ने पर की कार्रवाई
- दो महीने में कुल 808 राजनीतिक दलों को सूची से हटाया

निर्वाचन आयोग (ईसी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने पिछले छह वर्षों में चुनाव न लड़ने सहित अन्य मानदंडों का उल्लंघन करने के कारण 474 और पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूची से हटा दिया है।

इस प्रक्रिया के पहले चरण में, निर्वाचन आयोग ने नौ अगस्त को 334 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों (आरयूपीपी) को सूची से हटा दिया था। बयान में कहा गया है कि इसी क्रम में, दूसरे चरण में, निर्वाचन आयोग ने 18 सितंबर को 474 आरयूपीपी को सूची से हटा दिया। यह सूची निर्वाचन आयोग द्वारा लगातार छह वर्षों तक आयोजित चुनावों में भाग न लेने के आधार पर बनाई गई।

इस प्रकार, पिछले दो महीनों में 808 आरयूपीपी को सूची से हटा दिया गया है। हाल तक 2,520 आरयूपीपी थे। सूची से बाहर करने की प्रक्रिया के बाद, 2,046 आरयूपीपी बचे हैं। इसके अलावा, छह मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दल और 67 राज्य स्तरीय दल हैं।

## चारधाम यात्रा के लिए हेली सेवा फिर से शुरू

**देहरादून।** चारधाम यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए राहत भरी खबर है। मानसूनी बारिश कम होने और मौसम साफ होने के बाद नागर विमानन महानिदेशालय ने हेलीकॉप्टर सेवाओं को फिर से शुरू करने की अनुमति दे दी है। नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में तय किया गया कि यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए विशेष कदम उठाए जाएंगे। डीजीसीए ने 13 से 16 सितंबर तक तैयारियों का आकलन किया।

# एआई से होगी अभ्यर्थियों की पहचान

नई दिल्ली, एजेंसी

- यूपीएससी ने किया एआई युक्त सत्यापन तकनीक का परीक्षण
- संघ लोक सेवा आयोग की आगामी परीक्षाओं में इस्तेमाल की तैयारी

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के अध्यक्ष अजय कुमार ने शुक्रवार को बताया कि उम्मीदवारों के त्वरित और सुरक्षित सत्यापन के वास्ते कृत्रिम मेधा (एआई) युक्त चेहरे की पहचान करने वाली प्रौद्योगिकी का परीक्षण करने के लिए एक प्रायोगिक कार्यक्रम सफलतापूर्वक संचालित किया गया है। राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग (एनईजीडी) के साथ साझेदारी से विकसित इस पहल का उद्देश्य परीक्षा प्रक्रिया की शुचिता को मजबूत करना और परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के प्रवेश को बेहतर बनाना है।


कुमार ने कहा कि यूपीएससी आगे चलकर सिविल सेवा परीक्षाओं सहित अपनी सभी परीक्षाओं में उम्मीदवारों के लिए चेहरे की पहचान करने वाली तकनीक का उपयोग करने की योजना बना रहा है। आयोग विभिन्न भर्ती परीक्षाएं आयोजित करता है। कुमार ने बताया कि वाई-फाई की उपलब्धता और चेहरे की पहचान में शामिल कर्मियों के लिए प्रशिक्षण जैसी रसद व्यवस्थाएं प्रमुख विचारणीय बिंदु हैं।

इस संबंध में आवश्यक मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) विकसित की जा रही हैं। 14 सितंबर को आयोजित एनडीए, एनए और सीडीएस परीक्षा के दौरान यह प्रायोगिक परीक्षण किया गया।

# डूसू चुनाव : एबीवीपी के आर्यन मान बने अध्यक्ष

नई दिल्ली, एजेंसी

- एबीवीपी तीन, एनएसयूआई को एक पद पर मिली जीत



दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव में राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ से संबद्ध अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने अध्यक्ष सहित तीन पदों पर जीत हासिल की जबकि कांग्रेस समर्थित एनएसयूआई को केवल एक पद से ही संतोष करना पड़ा।

एबीवीपी के आर्यन मान ने एनएसयूआई की जोसलिन नंदिता चौधरी को 16,196 मतों के अंतर से हराकर अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की। एनएसयूआई के राहुल झांसला (29,339 मत) ने एबीवीपी के गोविंद तंवर (20,547 मत) को हराकर उपाध्यक्ष पद पर जीत हासिल की। एबीवीपी के कुणाल चौधरी ने 23,779 मत प्राप्त कर एनएसयूआई के कबीर को हराकर सचिव पद पर जीत हासिल की। एबीवीपी की दीपिका झा ने लवकुश भड़ाना को हराकर संयुक्त सचिव पद पर जीत हासिल की।

## उपहार का सम्मान



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को अपने आधिकारिक आवास पर कदम्ब का एक पौधा रोपा, जो उनके 75वें जन्मदिन पर ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय की ओर से उपहार में मिला था जो मोदी की एक पेड़ मां के नाम पहल से प्रेरित है।

# असम के लोकप्रिय गायक जुबिन गर्ग का निधन

गुवाहाटी, एजेंसी

- सिंगापुर में स्कूबा डाइविंग के दौरान हुआ हादसा
- गैंगस्टर सहित कई बॉलीवुड फिल्मों में गाए थे गाने



...या अली और जाने क्या चाहे मन बावरा... जैसे प्रसिद्ध बॉलीवुड गानों को अपनी आवाज देने वाले और युवा दिलों की धड़कन जुबिन गर्ग की शुक्रवार को सिंगापुर में स्कूबा डाइविंग के दौरान मौत हो गई।

दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश सिंगापुर में एक महोत्सव के आयोजकों ने यह जानकारी दी। वह 52 वर्ष के थे और उनके परिवार में उनकी पत्नी हैं। स्कूबा डाइविंग के दौरान गर्ग को चोटें आईं और उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां आईसीयू में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वह तीन दिवसीय नॉर्थ ईस्ट फेस्टिवल में भाग लेने के लिए सिंगापुर गए थे। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि यह बहुत दुखद है और राज्य तथा राष्ट्र के लिए बहुत बड़ी क्षति है।

# पतंजलि ने दी विज्ञापन के प्रसारण पर रोक को चुनौती

नई दिल्ली, एजेंसी

**डाबर च्यवनप्राश मामला**

- हाईकोर्ट ने चेताया, अपील बेकार लगी तो लगाएंगे जुर्माना

पतंजलि आयुर्वेद ने शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाकर उस आदेश को चुनौती दी जिसमें उसे डाबर च्यवनप्राश के खिलाफ अपमानजनक विज्ञापन प्रसारित करने से रोक दिया गया था।

शुरुआत में, न्यायमूर्ति सी हरिशंकर और ओम प्रकाश शुक्ला की पीठ ने मौखिक रूप से कहा कि यह सामान्य अपमान का मामला है और पतंजलि द्वारा दिए गए बयान प्रतिवादी डाबर के लिए एक स्पष्ट संदर्भ हैं। उच्च न्यायालय ने पतंजलि को चेतावनी दी कि यदि उसे यह बेकार अपील लगी तो वह उस पर जुर्माना लगाएगा। पीठ ने पतंजलि के वकील से कहा कि आपने कहा है कि 40 जड़ी-बूटियों से बने साधारण च्यवनप्राश से क्यों संतुष्ट हों?' इसलिए जब आपने 40 जड़ी-बूटियों शब्द का प्रयोग किया है, तो यह स्पष्ट रूप से प्रतिवादी (डाबर) की ओर इशारा करता है। कहा कि जिस क्षण आप 40 जड़ी-बूटियों वाले साधारण च्यवनप्राश की बात करते हैं, आप जनता के सामने यह प्रस्तुतीकरण कर रहे हैं कि प्रतिवादी का च्यवनप्राश साधारण है और मेरा (पतंजलि) उत्कृष्ट है, तो फिर उसके च्यवनप्राश से क्यों संतुष्ट हुआ जाए।

## मोदी से मिला सिख प्रतिनिधिमंडल

- जोड़े साहिब के रखरखाव की सिफारिश की

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी सहित एक सिख प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को गुरु गोविंद सिंह और उनकी पत्नी की पादुकाओं जोड़े साहिब के सुरक्षित रखरखाव और उपयुक्त प्रदर्शनी के लिए सिफारिशें सौंपी। मोदी ने कहा कि ये पवित्र निशानियां आने वाली पीढ़ियों को सिखों के 10वें और अंतिम गुरु द्वारा दिखाए गए साहस, धर्म, न्याय और सामाजिक सद्भाव के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करेंगी। प्रधानमंत्री ने एक्स पर कहा कि 'जोड़े साहिब' जैसे अहम पवित्र निशानियां, गौरवशाली सिख इतिहास का उतना ही हिस्सा हैं जितना कि वे राष्ट्र के सांस्कृतिक लोकाचार की हैं।

**उपलब्धि** रूस ने पंत कृषि विश्वविद्यालय से दुर्लभ प्रजाति के व्हाइट टाइगर का क्लोन तैयार करने में मांगी मदद

# अब प्रयोगशाला के भीतर भी जन्म लेगा सफेद बाघ

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार :** जंगल का राजा सफेद बाघ अब प्रयोगशाला की दीवारों के भीतर भी जन्म ले सकता है। रूस ने पं. गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंत नगर से इस दुर्लभ प्रजाति के क्लोन तैयार करने में तकनीकी मदद मांगी है। वहीं, पंत विवि ने भी इसे सिर्फ वैज्ञानिक चुनौती नहीं बल्कि अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धि मानते हुए सहयोग देने पर हामी भर दी है।

जीबी पंत विवि के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने शुक्रवार को बताया कि रूस की सेंट पीटर्सबर्ग यूनिवर्सिटी ऑफ वेटनरी साइंस से इस संबंध में गहन बातचीत चल रही है। इसी वर्ष फरवरी में विवि आ चुके वैज्ञानिकों और छात्रों के दल से व्हाइट टाइगर क्लोनिंग पर गंभीर विमर्श के साथ तकनीकी सहयोग पर सहमति बनी थी।



उन्होंने बताया कि रूस की सेंट पीटर्सबर्ग यूनिवर्सिटी ऑफ वेटनरी साइंस सफेद बाघ का क्लोन तैयार करने के लिए सोमैटिक सेल न्यूक्लियर ट्रांसफर तकनीक का उपयोग करेगी। इस प्रक्रिया में किसी कोशिका का नाभिक निकालकर उसे अंडाणु में प्रविष्ट कराया जाता है। विद्युत तरंगों की मदद से भ्रूण विकसित कर उसे जीवन देने का प्रयास किया जाता है। यह विज्ञान और प्रकृति का सबसे अद्भुत संगम है, लेकिन उतना ही जटिल और संवेदनशील भी है। जीबी पंत विवि के विशेषज्ञों का कहना है कि यह परियोजना केवल विज्ञान की उपलब्धि भर नहीं होगी, इससे पर्यटन, वाणिज्य और जैव-विविधता संरक्षण को भी नया आयाम मिलेगा। सफेद बाघ की कीमत वैश्विक स्तर पर चार से पांच करोड़ रुपये आंकी जाती है। रूस इसी आर्थिक और पर्यटन संभावनाओं को देखते हुए इस क्लोनिंग मिशन को आगे बढ़ा रहा है।

### मप्र के रीवा में मिला था पहला व्हाइट टाइगर



कुलपति डॉ. चौहान ने बताया कि भारत में सफेद बाघ का इतिहास वर्ष 1951 से जुड़ा है। जब रीवा (मध्य प्रदेश) के महाराजा मार्तंड सिंह ने गोविंदगढ़ के पास से पहला व्हाइट टाइगर पकड़ा और उसका नाम मोहन रखा, तभी से रीवा को सफेद शेरों की नगरी कहा जाने लगा। आज भी रीवा की व्हाइट टाइगर सफारी दुनिया भर के पर्यटकों का मन मोह लेती है।

### भारत की पहली क्लोन गिर गाय पहले हो चुकी है तैयार

कुलपति के अनुसार, भारत की पहली क्लोन गिर गाय तैयार हो चुकी है। 16 मार्च 2023 को जन्मी इस बछिया का नाम गंगा रखा गया। वर्तमान में उत्तराखंड की पहचान कही जाने वाली बद्री गाय को बचाने के लिए भी क्लोनिंग परियोजना प्रगति पर है। इन्हीं सफलताओं ने पंत विवि की विशेषज्ञता को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर और भी ऊंचा किया। साथ ही, रूस के वैज्ञानिकों को यहां सहयोग लेने को प्रेरित किया।

**न्यूज ब्रीफ**

### गाली देने से मना करने पर दंपती को पीटा

**बिलसंडा, अमृत विचार :** गाली देने से मना करने पर दबंगों ने दंपती के साथ मारपीट की। थाना क्षेत्र के गांव गौहनिया निवासी रामदेवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह धान की नराई करके अपने पति बादशाह के साथ खेत पर खड़ी थी। तभी बेहटी के जगेश्वर, रोहित और जीतू ने पति से गाली गलौज की। विरोध करने पर हमला कर दंपती को पीटा। राहगीरों ने बचाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बाइक सवारों ने महिला के कुंडल उड़ाए

**बिलसंडा, अमृत विचार :** घर लौट रही आशा कार्यकर्ती के कुंडल दो बाइक सवारों ने उड़ाए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ग्राम मीरपुर हरीपुर निवासी चंद्रकली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह आशा कार्यकर्ती हैं वह स्वास्थ्य उपकेंद्र मुड़िया बिलहरा से घर लौट रहीं थीं। शुक्रवार दोपहर डेढ़ बजे रास्ते में हरीपुर पुलिया के आगे रामेश्वर के बाग के पास अकेला पाकर पीछे दो बाइक सवार युवक आए और झपट्टा मारकर दोनों कान से कुंडल खींच ले गए। बमरौली की तरफ भाग गए एसओ सिद्धांत शर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज भी चेक किए जा रहे हैं।

### महिला ने देवर पर लिखाई छेड़छाड़ की रिपोर्ट

**बीसलपुर, अमृत विचार :** एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया उसके पति राजस्थान में सिलाई करते हैं। वह बच्चों के साथ गांव में रहती है। पिछले दिनों देवर घर में घुस आया और छेड़छाड़ की। विरोध करने पर पिटाई की। आरोपी से परिवार की जान को खतरा बताया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुरुवार को रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### आपदा में बचने के तरीके बताए

**ललौरीखेड़ा, अमृत विचार :** सशस्त्र सीमा बल 49वीं वाहिनी की ओर से शुक्रवार को अमरिया तहसील कार्यालय पर मॉक ड्रिल कराई गई। जिसमें आपदा या आपातकालीन स्थिति के लिए तैयारी और प्रतिक्रिया का अभ्यास कराया गया। इसका उद्देश्य वास्तविक आपदा की स्थिति में तेजी से और प्रभावी ढंग से आपदा के दौरान प्रतिक्रिया करने के लिए तैयार रहना रहा। मॉक ड्रिल के दौरान पुलिस, और चिकित्सा विभाग के कर्मचारियों मौजूद रहे। साथ मिलकर अपनी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों का अभ्यास किया।

# घातक केमिकल से हल्दी को बनाया खतरनाक

## जांच रिपोर्ट से खुलासा: वित्तीय वर्ष में 31 अगस्त तक लिए गए 157 सैंपलों में 61 मिले सब स्टैंडर्ड, 10 अनसेफ

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



● मिलावटखोरों पर नहीं लग पा रही लगाम, सेहत से कर रहे खिलवाड़

**अमृत विचार :** बीमारियों में रामबाण का काम करने वाली हल्दी से भी सेहत को खतरा है। बाजारों में बिक रही हल्दी में असुरक्षित हानिकारक कलर मिले हैं। वहीं नमकीन, बेकरी उत्पादों समेत ठेलों और फड़ों पर बिकने वाले स्ट्रीट फूड भी सेहत के लिए बेहद खतरनाक पाया गया है। यह सब कुछ हम नहीं, बल्कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की प्रयोगशाला से जारी की गई जांच रिपोर्ट कह रही है। चालू वित्तीय वर्ष में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम की ओर से लिए गए सैंपलों की जांच में 61 सैंपल मिलावटखोरी की ओर तो इशारा कर ही रहे हैं, वहीं 10 सैंपल असुरक्षित श्रेणी के हैं, जो स्वास्थ्य के लिए पूरी तरह से बेहद घातक हैं। इसमें रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाली हल्दी के दो सैंपल शामिल हैं। अब इन सभी दुकानदारों को नोटिस भेजा गया है।

शहर से लेकर गांव-देहात तक खाद्य पदार्थों में कम लागत में अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर मिलावटखोरी का खेल चल रहा है। अब मिलावटखोर ब्रांडेड कंपनी के नाम पर ही उससे मिलते-जुलते नाम वाले खाद्य पदार्थ बाजार में उतारकर लोगों की जिंदगी से खुलेआम खिलवाड़ करना शुरू कर दिया है हालांकि जिंदगी से खिलवाड़ करने वाले मिलावटखोरी पर शिकंजा कसने के लिए एफएसडीए (फूड सेफ्टी एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) सक्रिय है। मगर, इनकी कार्रवाई भी महज औपचारिकता में सिमटकर रह जाती है। इधर खाद्य सुरक्षा विभाग ने चालू वित्तीय वर्ष में 1 अप्रैल से 31 अगस्त तक जनपद भर से खोया, खाद्य मसाले, दाल, बेकरी उत्पाद, नमकीन समेत अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। इसमें से कई खाद्य पदार्थों की रिपोर्ट अब आ रही है। विभागीय अफसरों के मुताबिक ने बताया कि अभी तक 157 सैंपलों की रिपोर्ट प्रयोगशाला से प्राप्त हुई है। इसमें 61 सैंपल सब स्टैंडर्ड पाए गए हैं। जबकि 10 सैंपल अनसेफ यानी असुरक्षित श्रेणी के पाए गए हैं, जोकि सेहत के लिए घातक होते हैं। जबकि एक सैंपल मिस ब्रांडेड पाया गया है। प्रयोगशाला से आई 157 सैंपलों की जांच रिपोर्ट 10 सैंपल असुरक्षित श्रेणी के पाए गए हैं, जोकि सेहत के लिए बेहद हानिकारक हो सकते हैं। इसमें 02 सैंपल हल्दी, बेकरी उत्पाद, नमकीन और बाजार में सड़कों के किनारे बिकने वाले स्ट्रीट फूड चिकन फ्राई आदि के हैं। इन सभी में अखाद्य रंग मिल पाया गया वो भी मानक से अधिक पाया गया है। विभागीय अफसरों के मुताबिक असुरक्षित खाद्य पदार्थ सेहत के लिए काफी हानिकारक होता है। असुरक्षित आने पर संबंधित कारोबारियों के खिलाफ एसीजेएम कोर्ट में वाद दायर किया जाता है, जिसमें जुर्माना के साथ ही सजा का प्रावधान है।

### नमक, नमकीन और पानी का हाल भी बेहाल

खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी रोकने के लिए भले सख्ती का दावा किया जा रहा हो, लेकिन जांच के बाद सामने आने वाले आंकड़े हकीकत को बयां करने के लिए काफी है। नमक जो कि खाद्य पदार्थ में घर-घर इस्तेमाल होता है। उसकी बात करें तो एक साल में 127 से अधिक नमूने फेल हो चुके हैं। गुणवत्ता से खिलवाड़ कर घटिया क्वालिटी के नमक के तमाम ब्रांड बाजार में बेचे जा रहे हैं। इसे लेकर पूर्व में शिकायतें भी की जा चुकी है। सैंपलिंग हुई और नमूने फेल भी हुए। मगर, धंधेबाज बेफ्रिक है। कई नमूनों की रिपोर्ट भी लंबित है। गत वर्ष की बात करें तो नमकीन के सात नमूनों की रिपोर्ट में छह फेल हुए थे। मिनरल वाटर के नाम पर घटिया पानी भी 20 रुपये लीटर में बेचा जा रहा है, लेकिन उसके नमूने ही नाममात्र है। जिनके सैंपल हुए भी अधिकांश फेल हो चुके हैं।

मिलावटखोरों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। 31 अगस्त तक के सैंपलों की रिपोर्ट में 61 सब स्टैंडर्ड, 10 अनसेफ एक मिस ब्रांड पाया गया है। अनसेफ मिले अधिकांश सैंपलों में हानिकारक कलर का इस्तेमाल होना पाया गया है। इनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। चालू वित्तीय वर्ष में 73 वादों का परिणाम आ चुका है। जिसमें दुकानदारों से 49 लाख से अधिक का जुर्माना वसूला गया है। – **स्वतंत्र कुमार श्रीवास्तव**, प्रभारी अभिहित अधिकारी

### हल्दी का वजन बढ़ाने को हानिकारक रंग की कोटिंग

मिलावटखोरों ने गुणकारी हल्दी को भी नहीं छोड़ा। 10 असुरक्षित श्रेणी के सैंपल रिपोर्ट में दो हल्दी के सैंपल शामिल हैं। जनपद में हर माह करीब 100 क्विंटल से अधिक हल्दी की खपत होती है। जानकारों की मानें तो हल्दी का वजन बढ़ाने के लिए हानिकारक पीले रंग की कोटिंग की जाती है और चमक के लिए लेड क्रोमेट मिलाते हैं। डॉक्टरों का कहना है कि मिलावट वाली हल्दी को खाने से कैंसर का खतरा बना रहता है। हल्दी का प्रयोग हर घर में होता है। सेहत के लिहाज से इसे काफी फायदेमंद माना जाता है। हल्दी में मौजूद औषधीय गुण इसे सबसे शक्तिशाली मसालों में से एक बनाते हैं। मिलावटखोरों ने इसे भी जहरीला बना दिया है।

# चौथे दिन खेले गए छह मैच, एक रहा ड्रा



गांधी स्टेडियम में मैच खेलते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● गांधी स्टेडियम में चल रहा राज्य स्तरीय जूनियर फुटबॉल टूर्नामेंट

**अमृत विचार:** राज्य स्तरीय जूनियर फुटबॉल टूर्नामेंट के चौथे दिन शुक्रवार को कई मैच हुए। मुख्य अतिथि नगर पंचायत गुलड़िया भिंडारा के अध्यक्ष निशांत प्रताप सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर शुरुआत कराई।

पहला मैच देवीपाटन मंडल और अयोध्या मंडल की टीम के बीच हुआ, जिसमें देवीपाटन मंडल 2/0 से जीती। दूसरा मैच चित्रकूट मंडल और लखनऊ डीएफए की टीम के बीच हुआ, जिसमें लखनऊ की टीम 5 /0 से जीती। तीसरा मैच झांसी और बनारस मंडल की टीम के बीच हुआ, जिसमें झांसी ने 1/0 से जीत दर्ज की। चौथा मैच आगरा और मुरादाबाद के बीच हुआ जिसमें आगरा की टीम 5/0 से जीती। पांचवा मैच सहारनपुर मंडल और मेरठ मंडल के बीच हुआ, जिसमें मेरठ ने 2/0 से मैच जीता।

छठा मैच गोरखपुर मंडल और लखनऊ स्पोर्ट्स कॉलेज की टीम के बीच हुआ, जो बराबर पर रहा। इस मौके पर जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह, ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अनिल महेंद्रु, फुटबॉल संघ के अध्यक्ष कपिल देव सिंह, अजय चौहान, फुटबॉल संघ के उपाध्यक्ष देव सिंह समेत अन्य रहे।

# शिव-पार्वती विवाह प्रसंग का किया गया मंचन

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार:** नगर में चल रहे ऐतिहासिक रामलीला मेले में शिव पार्वती -विवाह लीला का मंचन किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने लीला का आनंद लिया। लोगों ने शिव -पार्वती के जयकारे लगाए।

प्रथम दृश्य में माता पार्वती भगवान शिव से विवाह करने के लिए कड़ी तपस्या करती हैं। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव उन्हें पत्नी के रूप में स्वीकार करने को सहमत हो जाते हैं। जब शिव, पार्वती से विवाह करने के लिए अपनी बारात के साथ उनके द्वार पर पहुंचे, तब उस बारात और शिव के स्वरूप को देखकर कई लोग भयभीत हो गए। बारात में भूत-पिशाच, नंदी से लेकर यक्ष, गंधर्व, अप्सराएं, किन्नर आदि के साथ-साथ जानवर, सांप-बिच्छू भी शामिल थे। शिव के गणों में किसी का मुख नहीं था, तो किसी के कई मुख थे। इसी तरह बिना हाथ-पैर या कई हाथ पैर वाले गण शिव के बाराती बने। जब बारात मुख्य द्वार तर पहुंची तो इसे देखकर सभी हैरान थे। यहां तक की पार्वती की मां भी हैरान रह गईं। लेकिन माता पार्वती, शिव के इस स्वरूप और बारात को देखकर बिल्कुल भी विचलित नहीं हुईं। माता पार्वती और भगवान शिव में इस मौके पर सभापति गंगाधर दुबे, उपसभापति विष्णु कुमार गोयल, मंत्री महेशचद्र अग्रवाल, व्यवस्थापक सुरेश चंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राम बहादुर गुप्ता, प्रबंधक मोहित मत्तल, अभय मित्तल, समेत अन्य रहे।

# मेडिकल कॉलेज के स्वास्थ्य शिविर में 310 मरीजों का परीक्षण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** स्वशासी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय की ओर से आयोजित किए जा रहे स्वास्थ्य शिविर में शुक्रवार को बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे। चिकित्सकों ने 310 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और परामर्श दिया गया। छात्र-छात्राओं का भी चेकअप किया गया।

शिविर की शुरुआत अंगूरी देवी सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्राओं के चेकअप से की गई। यहां की 42 छात्राओं का चेकअप किया गया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के 62 और ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज के 25 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। डॉ. नीता सक्सेना ने छात्राओं को पोषण आहार और संतुलित खानपान के महत्व की जानकारी दी।



मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करती मेडिकल कॉलेज की टीम।



मेडिकल कॉलेज स्टाफ के साथ शिविर में लाभान्वित छात्राएं। ● अमृत विचार

● स्कूलों से पहुंची छात्राओं को भी दी गई बेहतर खानपान की जानकारी

अंतर्राष्ट्रीय सर्पदंश जागरूकता दिवस के अवसर पर डॉ. अरुण सिंह, विभागाध्यक्ष कम्युनिटी मेडिसिन ने छात्राओं को सांप के डसने पर बचाव और एंटी स्नेक बाइट उपचार के बारे में जागरुक किया। उन्होंने कहा समय पर सही इलाज से जीवन बचाया जा सकता है। दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. शीतल शर्मा ने बा स्कूल की छात्राओं को दांतों की सफाई, देखभाल और रोगों के उपचार के विषय में जानकारी दी।

डॉ. प्रियंका भटनागर ने मानसिक स्वास्थ्य एवं रोगियों के प्रति संवेदनशीलता पर प्रकाश डाला। शिविर में मेडिकल कॉलेज द्वारा गोद लिए गए गांव गजरौला की करीब 50 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं सर्वाइकल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर की स्क्रीनिंग की। मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा, सीएमएस डॉ. रमाकांत सागर, डॉ. अरुण सिंह ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी दी। प्राचार्या ने कहा कि महाविद्यालय समय-समय पर जनहित में इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर आयोजित करता रहेगा ताकि ज़रूरतमंद मरीजों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध हो सके। इस मौके पर डॉ. गिरीश कुमार अनेजा, डॉ. मानसी सिंह, डॉ. विभूति गोयल, डॉ. परीक्षित सिंह, डॉ. सुमित सचान, डॉ. शालिनी, डॉ. विशिका सिंह, डॉ. पायस राज वर्मा आदि का सहयोग रहा।






# नेचर गाइड पीटीआर की बताएंगे खूबियां

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** पीलीभीत टाइगर रिजर्व के आगामी पर्यटन सत्र के संचालन एवं देशी-विदेशी पर्यटकों के बेहतर मार्गदर्शन को लेकर नेचर गाइडों का दो दिवसीय कार्यशाला शुक्रवार से शुरू हो गई। कार्यशाला के पहले दिन विशेषज्ञों ने विभिन्न वन्य जीवों के रहन-सहन एवं उनके व्यवहार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में 100 से अधिक नेचर गाइड हिस्सा ले रहे हैं।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व का आगामी पर्यटन सत्र पहली नवंबर से शुरू होने जा रहा है। पर्यटन सत्र के दौरान पीलीभीत टाइगर रिजर्व में आने वाले पर्यटकों के टाइगर रिजर्व की वन संपदा समेत वन्यजीवों आदि के बारे बेहतर मार्गदर्शन मिल सके। इसको लेकर टाइगर रिजर्व प्रशासन द्वारा पर्यटन सत्र शुरू होने से पूर्व नेचर गाइडों को प्रशिक्षित करता है। वहीं सफारी चालकों को भी पर्यटकों के साथ बेहतर व्यवहार आदि को लेकर प्रशिक्षित किया जाता है। पिछला पर्यटन सत्र शुरू होने से पूर्व नेचर गाइडों की भर्ती को लेकर लिखित परीक्षा का आयोजन कराया गया था। जिसके बाद पांच वर्ष का अनुभव प्राप्त नेचर गाइडों के साथ 60 अन्य का नेचर गाइड के तौर पर चयन किया गया था। इसके बाद इन सभी को बेंगलुरु के प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षित किया गया था।



कार्यशाला में नेचर गाइडों को जानकारी देते प्रशिक्षक। ● अमृत विचार

● पीटीआर और एनवायरनमेंट वॉरियर संस्था की ओर से दो दिवसीय कार्यशाला शुरू

इधर आगामी पर्यटन सत्र को लेकर टाइगर रिजर्व प्रशासन द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है। इसी कड़ी में अनुभव प्राप्त नेचर गाइडों का दो दिवसीय कार्यशाला शुरू हो गई। कलीनगर तहसील के माधोटांडा स्थित गोमती उद्गम स्थल के सभागार में शुक्रवार से प्रशिक्षण कार्यशाला की शुरुआत की गई। पीलीभीत टाइगर रिजर्व और एनवायरमेंट वॉरियर संस्था के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार सुबह 10 बजे प्रशिक्षण शुरू किया गया। जिसमें तितली विशेषज्ञ विजय सिंह यादव, स्तनधारियों के विशेषज्ञ अनुपम खरे, सरीसृप वर्ग के जीव-जंतुओं के विशेषज्ञ विवेक वर्मा द्वारा नेचर गाइडों को विभिन्न जीव-जंतुओं के रहन-सहन एवं उनके व्यवहार के बारे में विस्तृत से जानकारियां दीं।

कार्यशाला का समापन 20 सितंबर को होगा। कार्यशाला में पीलीभीत टाइगर रिजर्व के उप प्रभागीय वनाधिकारी रमेश चौहान, महोफ रेंज के क्षेत्रीय वनाधिकारी सहेंद्र कुमार यादव, वन दरोगा सुरेंद्र गौतम, ईको विकास समिति मुस्तफाबाद के सदस्य एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# मां सीता के ऊपर गिरा गौरी के हाथों में चढ़ा पुष्पहार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● श्रीरामलीला महोत्सव में पुष्प वाटिका लीला का किया मंचन

**अमृत विचार :** शहर में चल रहे श्रीरामलीला महोत्सव में शुक्रवार को लक्ष्मी नारायण मंदिर की बगिया में लीला का मंचन किया गया। पुष्प वाटिका लीला, गौरी पूजन और सीता द्वारा वरदान प्राप्ति लीला का सजीव मंचन देख भक्त मंत्रमुग्ध हो गए।

इस दौरान दिखाया गया कि प्रभु राम, लक्ष्मण गुरु मुनि विश्वामित्र की पूजा अर्चना के लिए पुष्प लेने पुष्प वाटिका पहुंचे। उसी समय जनक नंदिनी सीता भी गौरी पूजन को सखियों सहित वहां पहुंचीं। लक्ष्मण प्रभु राम से बोले हे भ्राताश्री प्रतीत होता है कि यही जनक पुत्री सीता हैं जो गौरी मंदिर में पूजा के लिए यहां आयी हैं। प्रभु ने एक क्षण सीता को देखा। इधर मां सीता की सखियां बोली हे राजकुमारी ये दोनों राजकुमार राम और लक्ष्मण अयोध्या के महाराज दशरथ के पुत्र हैं जो मुनि विश्वामित्र के साथ आपके स्वयंवर में पधारे हैं। सीता भी एक क्षण प्रभु को देख मन ही मन हर्षित हो उठी। मंदिर में पहुंचकर सीता ने गौरी माता की पूजा अर्चना की और मन ही मन प्रार्थना की हे जगतजन्नी मां आप सभी के मन की बात जानती हैं आप मेरी भी मनोकामना पूर्ण करें। तभी माता गौरी के हाथों में चढ़ा हुआ पुष्पहार सीता के ऊपर आ गिरा, जिसे वह प्रसाद रुप में ग्रहण कर अत्यंत प्रसन्न हो उठी। इस मौके पर महंत ओमकार नाथ, सुनील मिश्रा, अमरीश शर्मा अंबू, पीयूष सक्सेना, अंकुर गुप्ता, राकेश लोधी, भीम सिंह चौहान समेम अन्य रहे।

# 52 प्रतिभागियों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

**पीलीभीत, अमृत विचार:** जन शिक्षण संस्थान की ओर से स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को ग्राम पंडरी खमरिया, गजरौलाकलां में प्रशिक्षण केंद्रों पर स्वच्छता शपथ का आयोजन किया गया। संस्थान के सहायक कार्यक्रम अधिकारी अशरफ हुसैन ने उपस्थित लोगों को स्वच्छता शपथ दिलाई।

बताया अपने शरीर, घर व कार्यक्षेत्र में सफाई रखना बहुत आवश्यक है। हम सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक होकर स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान करना चाहिए। इस दौरान गोदावरी, अनामिका, शांति देवी का सहयोग रहा।


# कर्मियों की चेतावनी, कार्रवाई नहीं हुई तो करेंगे हड़ताल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में महिला अस्पताल के सीएमएस डॉ.राजेश कुमार से भारतीय हिंदू रक्षा परिषद के जिलाध्यक्ष समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने अभद्रता करने के मामले अभी तक कोई कार्रवाई न होने पर स्वास्थ्य कर्मियों का विरोध प्रदर्शन जारी है। कर्मचारियों ने प्राचार्य को अंतिम पत्र सौंपते हुए साफ कर दिया कि यदि सोमवार तक दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं होती तो वे हड़ताल पर चले जाएंगे। संगठन ने स्पष्ट कहा कि अब शोषण बर्दाश्त नहीं होगा और जब तक जिम्मेदार कार्रवाई नहीं कराते, विरोध जारी रहेगा। चौथे दिन भी कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर ही काम किया।



काली पट्टी बांधकर काम करते कर्मचारी।



विरोध में बांधी काली पट्टी।

● भारतीय हिंदू रक्षा परिषद के जिलाध्यक्ष समेत अन्य कार्यकर्ताओं पर एफआईआर की मांग

● बोले- शोषण नहीं होगा बर्दाश्त, जिम्मेदार कराएं रिपोर्ट, विरोध रहा जारी

शनिवार को मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में भारतीय हिंदू रक्षा परिषद के जिलाध्यक्ष यशवंत सिंह ने अपने पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे। सीएमएस को बुलाकर नवजात के शव को कुत्ते के द्वारा उठा ले जाने के मामले में सवाल जवाब किए। आरोप है कि इस दौरान अभद्रता की गई। सिक्योरिटी गॉर्ड से भी अभद्रता की गई थी। दो घंटे तक इमरजेंसी सेवा प्रभावित रही, इसके बाद भी कोई एक्शन नहीं लिया गया है।

इसे लेकर मंगलवार से ही स्वास्थ्य कर्मियों ने विरोध प्रदर्शन शुरु कर दिया था। शुक्रवार को भी कर्मचारी ड्यूटी पर काली पट्टी बांधकर अस्पताल पहुंचे। जहां प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा को अंतिम पत्र सौंपा है। जिसमें कहा गया कि इमरजेंसी में आकर अभद्रता और गाली गलौज करने से उनकी तबियत बिगड़ गई। जिनका बरेली में एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। इसके बाद भी उन पर कोई एफआईआर नहीं कराई गई है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि उक्त लोग संगठन के नाम पर गिरोह बनाकर धन वसूली करते हैं। हाल में ही न्यूरिया थाने में एक मुकदमा दर्ज कराया जा चुका है, इसलिए कर्मचारियों ने अंतिम बार पत्र देकर कहा कि ऐसे लोगों के खिलाफ एफआईआर कराई जाए। साथ ही अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था सख्त करने की मांग उठाई है। अगर दो दिन के भीतर एफआईआर नहीं होती है तो सोमवार से हड़ताल की जाएगी। फार्मासिस्ट कमलेश ने बताया कि प्राचार्य को पत्र दिया गया है। अगर कार्रवाई नहीं होती है तो सोमवार से हड़ताल की जाएगी। प्रत्येक दिन दो घंटे तक काम बाधित किया जाएगा। डॉक्टर और कर्मचारियों शोषण बर्दाश्त नहीं होगा। प्राचार्य को पत्र देने वालों में डॉ. केके भट्ट, डॉ. आरएस गंगवार, डॉ. फिरासत हुसैन, डॉ. एसपी सिंह, डॉ. अफजल हुसैन, डॉ. रुपल खरे, डॉ.नितिन मलिक, डॉ.आशा गंगवार, डॉ.सुरभि सिंह, डॉ. रितू, डॉ.रमाकांत सागर, डॉ.चेतना, डॉ. शीतल, डॉ.लवेश अग्रवाल, डॉ.राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## शहर में आज

- गोमती उद्गम स्थल में चल रहे प्रशिक्षण का समापन दोपहर 12 बजे।
- गांधी स्टेडियम में सब जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का चयन ट्रायल सुबह 11 बजे।
- परमठ मंदिर में श्रीरामलीला महोत्सव के तहत धनुष यज्ञ लीला का मंचन शाम 05 बजे।
- सदर समेत पांच तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस सुबह 10 बजे से।
- श्रीबालाजी नीम करौली धाम काशीराम ईदगाह में हवन दोपहर 01 बजे।

# सपा- कांग्रेस का 2047 तक नहीं आने वाला नंबर : केशव प्रसाद

## पीलीभीत पहुंचे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्ष पर साधा निशाना, प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित कर कार्यकर्ताओं में भरा जोश

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** एक दिवसीय दौरे पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य पीलीभीत पहुंचे। प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित कर कार्यकर्ताओं में जोश भरा और आगामी रणनीति को लेकर निर्देश देते हुए जिम्मेदारी तय कर दी। विपक्षी दलों पर भी सियासी निशाना साधा। केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां बताई। प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की गई।

उपमुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से शुक्रवार दोपहर पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड पहुंचे। यहां डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, एसपी अभिषेक यादव, एडीएम ऋतु पूनिया समेत कई अधिकारियों ने स्वागत किया। भाजपा के तमाम जनप्रतिनिधि और पदाधिकारियों ने भी बुके भेंट कीं। इसके बाद वह कार से भाजपा कार्यालय पहुंचे और प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता पदाधिकारी सेवा पखवाड़ा में अपनी सहभागिता देते हुए विभिन्न सेवा करने का अवसर ले रहा है। रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान और संवाद किए जा रहे हैं। कार्यकर्ताओं को एकजुटता और सक्रियता का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में सपा के साथ सभी विपक्षियों की जमानत जब्त करानी है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा राहुल गांधी जिस प्रकार से भाषा शैली और कार्य को दिखा रहे हैं। मगर प्रधानमंत्री पर जनता का असीम आशीर्वाद प्राप्त है, इसलिए देश की जनता ने 2014, 2019 और 2024 में प्रधानमंत्री को जमकर वोट दिया। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश में भी 2017 और 2022 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश सरकार को जमकर वोट दिया। कहा विपक्षी दलों को सिर्फ एक ही चीज खटक रही है वो हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। अखिलेश यादव का बयान आता है बांटो और राज करो। उन्होंने कहा कि 2047 तक विपक्षी दलों का नंबर नहीं आने वाला है। इनके गुंडों पर कार्रवाई हो रही है। सपा और कांग्रेस में जो हवा भर गई थी, वह फुस्स हो गई है। बिहार में भाजपा का गठबंधन जीतने जा रहा है। ये भी कहा इस तरह से काम करिए कि भारत की अर्थव्यवस्था चार नंबर से तीन पर आ जाए। ये भी कहा कि मतदाता सूची में नाम दो जगह है तो उसका कटना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार से मुक्त भारत आगे बढ़ रहा है। कमल का फूल खिलेगा तो सभी सुख रहेंगे। प्रधानमंत्री कहते हैं ना खाऊंगा मैं खाने दूंगा, जो खाएगा उसकी जांच कराऊंगा। जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ है। प्रबुद्ध सम्मेलन का संचालन जिला महामंत्री लेखराज भारती ने किया।

**ये जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी रहे मौजूद :** जिले के प्रभारी मंत्री कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, गन्ना राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार, जिला अध्यक्ष भाजपा संजीव प्रताप सिंह, पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा, विधान परिषद सदस्य डॉ. सुधीर गुप्ता, पीसीयू चेयरमैन सुरेश गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष पति गुरुभाग सिंह, पूर्व विधायक किशन लाल राजपूत, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल, नगर पंचायत नौगवां पकड़िया अध्यक्ष संदीप कौर आदि।


पुलिस लाइन में उपमुख्यमंत्री को बुके देकर स्वागत करते अधिकारी।


स्वामी प्रेम सुगंध महाराज से मुलाकात करते उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य।


उपमुख्यमंत्री का फूल माला पहनाकर स्वागत करते भाजपाई। ● अमृत विचार

### ..जब सिक्योरिटी ने गेट पर ही रोक दिए कई भाजपाई

पुलिस लाइन से कार में सवार होकर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भाजपा कार्यालय पहुंच गए थे। यहां पर भाजपा पदाधिकारी, कोर कमेटी सदस्यों, जनप्रतिनिधियों संग बैठक और प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन हो रहा था। भाजपा नेताओं में उपमुख्यमंत्री से मुलाकात करने की होड़ मची हुई थी। भीड़ भी बढ़ गई थी। ऐसे में तमाम नेता भीतर प्रवेश गए और फिर गेट बंद कर दिया गया था। इसी बीच पहुंचे भाजपा के कई पदाधिकारी, पूर्व पदाधिकारी वरिष्ठ नेताओं को सिक्योरिटी ने गेट पर ही रोक दिया। उन्होंने अपना परिचय भी दिया लेकिन बात नहीं बन सकी। एक पूर्व जिलाध्यक्ष ने तो इस पर कड़ी आपत्ति जताई और खफा दिखे। एक जनप्रतिनिधि भी बाहर रह गए थे। इसे लेकर मासूसी के बीच शोर बढ़ा तो कुछ पदाधिकारियों को भीतर प्रवेश अन्य पदाधिकारियों ने कराया। मगर चंद मिनट में उनके दोबारा बाहर आकर चले जाने से चर्चाएं बढ़ गई।

### न्याय की गुहार लगाने पहुंचे कई फरियादी

उप मुख्यमंत्री के पीलीभीत आगमन का पता लगने के बाद तमाम फरियादी उनसे न्याय की गुहार लगाने के लिए भाजपा कार्यालय पहुंच गए। वह उपमुख्यमंत्री से मुलाकात करने की जिद करते रहे। पुलिस बल ने उन्हें एक कतार में खड़ा कराया और ये आश्वस्त किया कि अभी बैठक से बाहर निकलने के बाद मौका मिलेगा। कई फरियादियों ने अपनी शिकायतें दी, जिसका संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण करने के निर्देश दिए गए प्रबुद्ध सम्मेलन में शामिल होने के बाद काफिले के साथ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बकैनिया उदय करनपुर पहुंचे। यहां साक्षी फाउंडेशन श्रीगुरु आशीष आश्रम में स्वामी प्रेम सुगंध महाराज से मुलाकात की गई। इस दौरान कई भाजपा जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### खेत में लगे यूकेलिप्टिस के पेड़ काटे

**पीलीभीत, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव गौनेरा निवासी महेंद्र पाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया उसके खेत से लगभग 20 हजार रुपये की कीमत के यूकेलिप्टिस के चार पेड़ थे। उन्हें 15 सितंबर को गांव सरौरी निवासी खेमकरन ने काट लिया। जब वह आरोपी के घर शिकायत करने गया तो आरोपी ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इंस्पेक्टर जहानाबाद प्रदीप विश्नोई ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

### पति समेत अन्य पर एफआईआर

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव कोकिला निवासी शांती देवी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पति लाखनलाल, जेठ भानू, जेठानी पार्वती, शीतल व वर्षा पुत्री भानू, देवर छत्रपाल, देवरानी रोहिणी, नंदकिशोर परेशान करते हैं। अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर मारपीट की जाती है। काफी समझाने के बाद भी ससुराल वाले नहीं माने। घर से निकालने को कह रहे हैं। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### अनियंत्रित टेंपो पलटा तीन लोग घायल

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** ग्राम नवादा महेश व मुसरहा मार्ग पर टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें मासूम समेत तीन लोग घायल हो गए। हादसा शुक्रवार दोपहर हुआ। एक टेंपो सवारियां लेकर मुसरहा गांव जा रहा था। टेंपो पर नौ सवारियां बैठी हुई थी। पीलीभीत बीसलपुर मुख्य मार्ग के किनारे गांव नवादा महेश से निकलकर आगे पहुंचा और तेज रफ्तार होने की वजह से पलट गया। हादसे में गांव मुसरहा निवासी 58 वर्षीय नत्थूलाल, हीराकली पत्नी भगवान दास और तीन वर्षीय शिवम पुत्र भगवत शरन घायल हो गये। तीनों को सीएचसी भेजा गया। वहां से घायल नत्थूलाल को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।

# उपमुख्यमंत्री के दौरे के बाद गरमाई सियासत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



- सपा जिलाध्यक्ष बोले, व्यक्तिगत दौरा, बाढ़ पीड़ितों को नहीं मिली जगह

**अमृत विचार:** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दौरे के बाद तराई की राजनीति भी गरमा गई। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने इसे व्यक्तिगत दौरा करार दिया। साथ ही ये भी सवाल उठाए कि बाढ़ पीड़ितों के लिए उपमुख्यमंत्री के कार्यक्रम में कोई जगह नहीं दी गई।

सपा जिलाध्यक्ष ने प्रेसवार्ता कर कहा शारदा पार के हजारों लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। उपमुख्यमंत्री जनपद में आए लेकिन उनका दौरा सिर्फ हरियाणा के धोखाधड़ी के आरोपी जो कि पहचान बदलकर डेरा जमाए हुए है। उससे मुलाकात करने तक का रहा है। बोले कि उपमुख्यमंत्री बाढ़ पीड़ितों की उपेक्षा कर रहे हैं। धोखाधड़ी के आरोपी को नायक बनाने के लिए पीलीभीत आए थे। बोले कि ये दौरा सिर्फ दिखावा है। ये भी कहा कि जिससे मुलाकात की गई, उस पर शहर के 23 हाई प्रोफाइल लोगों ने भी शिकायत दी थी। कहा कि वर्तमान समय में बाढ़ पीड़ितों को मदद की जरूरत थी, मगर दौरे में बाढ़ पीड़ितों को जगह नहीं दी जा सकी है। हजारों एकड़ फसल नष्ट हुई है। खाद की समस्या बनी हुई है। ट्रांस शारदा, बीसलपुर चंदिया हजारा सहित सैकड़ों गांव जलमग्न हुए और जनजीवन अस्त व्यस्त रहा। पुलों की हालत खस्ता है। शारदा का पुल अभी तक नही बना। हरदोई ब्रांच सहित जिले के कई पुल क्षतिग्रस्त हैं।

# अफसरों के साथ की समीक्षा बैठक, बांटे आयुष्मान कार्ड

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गांधी सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। सीवीओ से गोआश्रय स्थलों की जानकारी प्राप्त की और विशेष अभियान चलाकर निराश्रित गोवंशीय पशुओं को गोशालाओं में संरक्षित करने के निर्देश दिए। गोशाला में सीसीटीवी की व्यवस्था दुरूस्त रखने और गोचर भूमि को चिन्हित कर नेपियर घास लगाने की बात कही। मार्गों के निर्माण कराने के निर्देश दिए। गोमती उद्गम स्थल, शारदा सागर डैम आदि को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए प्रस्ताव मांगे।

गांधी सभागार में हुई बैठक में उपमुख्यमंत्री ने नगर पालिका / नगर पंचायतों में सीवरेज की व्यवस्था सुनिश्चित कराने को कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। नगर पालिका बीसलपुर में काशीराम आवास का आवंटन कराने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए। जिन चीनी मिलों द्वारा अभी तक किसानों के गन्ने का बकाया भुगतान नहीं किया गया है किसानों को बकाया गन्ना मूल्य भुगतान कराएं। कहा कि जंगल के किनारे जहां तार फेंसिंग नहीं है, वहां पर कराएं। अभियान चलाकर पैमाइश कराने के निर्देश दिए। कहा कि जनप्रतिनिधियों से सुझाव लेते हुए नए धान क्रय केंद्र खोले जाएं। विद्युत सप्लाई, समय से खराब ट्रांसफार्मर बदला जाना, विद्युत बिल में त्रुटि में सुधार सम्बन्धी बिंदुओं पर जानकारी प्राप्त की। कहा कि नई विद्युत लाइन के निर्माण कार्य में निर्धारित मानक के अनुरूप कार्य कराया जाए। खाद की तस्करी पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाया जाए। बीएसए को निर्देश दिए कि बच्चों की यूनिफार्म स्वयं सहायता समूहों से खरीदने के लिए उनके अभिभावकों को प्रेरित करें। 05 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड, 06 टीबी. मरीजों को पोषण पोटली वितरित की। महिलाओं की गोद भराई की गई। इस मौके पर डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने जनपद की पहचान बांसुरी भेंट की। इस दौरान कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

- छुट्टा पशुओं को संरक्षित करने और विकास कार्यों में तेजी से काम करने के दिए निर्देश


गोद भराई की रस्म कराते उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य। ● अमृत विचार

### आंगनबाड़ी की रेस्पी को सराहा, किया पुरस्कृत

उपमुख्यमंत्री ने गांधी सभागार में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जागरूकता के प्रचार प्रसार को लगाए स्टॉल भी देखे। बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के स्टॉल पर आंगनबाड़ी कार्यकताओं की ओर से कम नमक व कम तेल से बनाई गई स्वादिष्ट व पौष्टिक रेसिपी का प्रदर्शन किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पौष्टिक आहार से युक्त दलिया भेंट की गई। निरीक्षण के दौरान बाल विकास के स्टॉल पर पहुंचे उपमुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बनाई गई रेसिपी को देखा और सराहना की। उत्कृष्ट कार्य करने वाली कार्यत्रियों को वजन मशीन व सम्मान शील्ड देकर सम्मानित किया गया। रीना, मुन्नी, आसमा, सोनी श्रीवास्तव, मंजू भारती, नीरज देवी, मंजू रानी, अर्चना गंगवार सम्मानित हुई।

### राज्यमंत्री को साथ ले गए उपमुख्यमंत्री

एक दिवसीय दौरे पर आए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इसके बाद शाम को वह वापस लखनऊ के लिए रवाना हो गए। इस दौरान राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार को वह अपने साथ लखनऊ ले गए। राज्यमंत्री के साथ जाने को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का बाजार गरमाया रहा।

# उपमुख्यमंत्री तक पहुंची सभासदों की तकरार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत




- राज्यमंत्री के प्रतिनिधि और भाजपा से चुनाव जीते कुछ सभासदों पर लगाए आरोप

**अमृत विचार :** संगठन को मजबूती और आगामी पंचायत चुनाव को लेकर पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कोर कमेटी के सदस्यों को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बैठक कर कई बिंदुओं पर सियासी गुर सिखाए।

एकजुटता पर भी जोर दिया। इसी दौरान उपमुख्यमंत्री के समक्ष लंबे समय से चली आ रही नगर पालिका पीलीभीत के सभासदों की रार का मुद्दा भी पहुंच गया। इस बार नगर पालिका की कार्यशैली के पक्ष वाले ग्रुप के बारह सभासदों ने संयुक्त रूप से शिकायती पत्र सौंपा। जिसमें राज्यमंत्री के प्रतिनिधि और कुछ भाजपा के टिकट पर ही चुनाव लड़ने वाले सभासदों पर गंभीर आरोप लगाए।

उपमुख्यमंत्री को दिए गए शिकायती पत्र में बताया नगर पालिका पीलीभीत में भाजपा के टिकट पर चुनाव जीते कुछ सभासद, राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के प्रतिनिधि भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंह लंबे समय से नगर पालिका में सभासदों में गुटबाजी करा रहे हैं। ये भी आरोप लगाया कि एक तरह से नगर पालिका विरोधी अभियान चला रखा है। शहर के विकास कार्यों की लगातार निराधार शिकायतें कर जांच कराई जा रही हैं। सोशल मीडिया व्हाट्सएप ग्रुप संचालित कर शहर के लोगों को जोड़ा गया है, जिसमें स्थानीय निकाय और सरकार की छवि धूमिल करने का आरोप लगाया। इस मामले की संगठनात्मक जांच कराकर पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त सभासदों, राज्यमंत्री के प्रतिनिधि के खिलाफ कार्रवाई कराने की मांग की गई। ये भी कहा जिला प्रशासन को शहर में सबका साथ सबका विकास के उद्द्देश्य को देखते हुए समान रुप से काम कराने के निर्देश दिए जाएं। शिकायत पत्र देने वालों में निजाकत अली, वतनदीप मिश्रा, साकेत सक्सेना, विपिन कुमार, शबनम, राशिद हुसैन, जाहिदा बी, निर्मल सिंह, रविंद्र कौर, ईकबाल, अनस अंसारी, मोहम्मद शरीफ आदि थे।

### प्रदेश अध्यक्ष समेत कई से हो चुकी शिकायतें

नगर पालिका में चल रही सभासदों के बीच रार के कई मायने निकाले जा रहे हैं। राजनीति से हटकर आम नागरिकों के बीच भी ये आम बात हो चुकी है। अब भले ही उपमुख्यमंत्री से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई है। इससे पूर्व दूसरे गुट के सभासद भी नगर पालिका के कार्यों पर भेदभाव, भ्रष्टाचार समेत कई आरोप लगाते हुए शिकायतें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, नगर विकास मंत्री समेत कई रदिग्गज नेताओं से शिकायतें कर चुका है। उपमुख्यमंत्री के दौरे के बीच कयास तो लगाए जा रहे थे कि शिकायत पहुंचेगी। यह बात दीगर रही कि इस बार शिकायत पालिका के पक्ष वाले सभासदों के ग्रुप से की गई है।

### परिवारिक विवाद में मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** मोहल्ला पुरैना निवासी ओमकांति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया 16 सितंबर को शाम 7 बजे उसके पति घर पर नहीं थे।

इसी बीच मामूली कहासुनी को लेकर उसकी चचेरी ननद मधुरानी ने उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मधु और उसकी मां सोमवती ने उससे मारपीट की। जिससे वह घायल हो गई। दोनों महिलाओं ने उसको जान से मारने की धमकी भी दी है। परिवार के लोगों ने किसी तरह बीच बचाव कर मामला शांत कराया।

पति के आने के बाद उसने पूरे घटनाक्रम की जानकारी अपने पति को दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# सड़क पर भरे पानी में मिला युवक का शव

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- कोतवाली क्षेत्रों के राना कॉलोनी का मामला, पुलिस जांच में जुटी
- कब्जे में ली गई सीसीटीवी फुटेज शव पोस्टमार्टम को भेजा

**अमृत विचार :** सड़क किनारे भरे पानी में एक युवक का शव मिला। शव देखकर मौके भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को निकलवाने के बाद उसे पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है।

मामला सदर कोतवाली क्षेत्र के राणा कॉलोनी का है। शुक्रवार सुबह एक युवक का शव सड़क पर पड़ा मिला। जिस जगह शव मिला, वहां पर पानी भी भरा हुआ था। शव पड़े होने की सूचना पर काफी भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पुलिस को दी गई तो कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक की पहचान कराने के प्रयास किए। मृतक की पहचान राणा कॉलोनी निवासी इंद्रजीत (40) के रूप में हुई। पुलिस की सूचना के बाद परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि मृतक शुक्रवार सुबह घर से निकला था। पुलिस के मुताबिक मृतक नशे का आदि था।

मृतक सुबह पौने 11 बजे घटनास्थल के पास से ही लड़खड़ाता हुआ जाता दिखाई दे रहा है। पुलिस ने सीसी कैमरे की फुटेज को भी कब्जे में ले लिया है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली राजीव कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### ऑटो चालक के खिलाफ रिपोर्ट

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** सड़क हादसे में युवक की मौत के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है।

दियोरियाकलां के गांव जगतपुर रामनगर निवासी ताराचंद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया 18 सितंबर को उसका भाई दयाशंकर (25) गांव के ही दिनास के साथ प्रदीप के ऑटो पर बैठकर बरखेड़ा गया था। बरखेड़ा से लौटते समय चालक ऑटो को तेजी व लापरवाही से चला रहा था। जिस पर उसके भाई दयाशंकर व दिनेश ने उसे मना भी किया। शाम करीब 7 बजे गांव मूसेपुर खुर्द में रामस्वरूप के स्पेलर के पास पहुंचते ही चालक की लापरवाही से ऑटो से नीचे गिर गया। हादसे में दयाशंकर की मौत हो गई जबकि उसकी पत्नी सुनीता देवी घायल हो गई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

# डिप्टी सीएम का काफिला निकलने से पहले बंद कर दिए रास्ते, फंसे राहगीर

- पहले आगमन के दौरान से बंद करने की थी रणनीति, फिर बदली
- टनकपुर हाईवे पर कचहरी से लेकर असम चौराहा तक जाम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के पीलीभीत आगमन पर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर सतर्कता बरती। पुलिस लाइन में हेलीकॉप्टर पहुंचने से पहले टनकपुर हाईवे पर कचहरी से लेकर असम चौराहा तक रास्ते बंद कर दिए गए। जिसके बाद राहगीर फंसे रहे। दिन में यह रुट दो से तीन बार बंद किया गया। डिप्टी सीएम के जाने के बाद आवागमन सुचारू कराया जाता रहा।

बता दें कि जिले में विकास कार्यो की समीक्षा और भाजपा के प्रबुद्ध सम्मेलन में शामिल होने शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य पहुंचे थे। उनके आगमन पर कई दिन पहले ही तैयारियां शुरु हो गई थी। शुक्रवार पूर्वान्ह 11:45 बजे उनका हेलीकॉप्टर पुलिस लाइन में बने हेलीपैड पर पहुंचा। उनके आगमन से पहले ही पुलिस लाइन को जाने वाले रास्ते को बंद कर दिया गया। हालांकि जिन भाजपा पदाधिकारियों का पास जारी किए गए थे। उन्हीं लोगों को हेलीपैड पर जाने दिया गया। सलामी लेने के बाद वह सीधे असम हाईवे पर स्थित भाजपा कार्यालय के लिए रवाना हुए। पुलिस लाइन से निकलने से पहले करीब 30 मिनट पहले ही टनकपुर हाईवे पर बैरीकेडिंग लगाकर यातायात बंद कर दिया। सभी लिंक मार्गों पर पुलिस तैनात कर दी गई। चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात देखी की गई। कलेक्ट्रेट परिसर को भी पुलिस ने अपनी सुरक्षा में ले लिया। आगमन वाले रुट नकटादाना चौराहा, यशवंतरी देवी मंदिर, जिला अस्पताल मोड़, गौहनिया चौराहा, गन्ना तिराहा, छतरी चौराहा से असम चौराहा तक रास्ते बैरियर लगाकर ट्रैफिक क्लीयर किया गया। सभी वाहनों को रोक दिया गया। इस दौरान मार्ग पर सिर्फ पुलिस एवं अन्य अधिकारियों की गाड़ियां ही दौड़ती नजर आई। दोपहर 12:30 बजे उपमुख्यमंत्री के काफिले ने गौहनिया चौराहा पार किया। जिसके बाद पुलिस ने12:45 पर बैरियर हटाकर रास्ता खोला। ऐसे में चारों ओर से आए वाहनों की वजह से चौराहा पर लंबा जाम लग गया। हालांकि ट्रैफिक पुलिस के साथ पुलिस कर्मियों ने एक-एक कर वाहन निकलवाए। गौहनिया चौराहे पर पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। करीब एक घंटे तक वाहन जाम की वजह से रेंगते रहे। भाजपा कार्यालय से कोर कमेटी की बैठक और प्रबुद्ध सम्मेलन से निकलने के बाद वह पूरनपुर के लिए रवाना हुए। ऐसे में पूरनपुर रुट पर भी करीब 30 मिनट पहले ही वाहन किनारे खड़े करा दिया गया। वहां एक आश्रम में संत से भेंट करने के बाद उनका काफिला पुनः हेलीपैड के लिए रवाना हुआ। जिस वजह से दोबारा फिर से टनकपुर हाईवे वाले रुट पर यातायात रोका गया। ठीक 4:30 बजे वह लखनऊ के लिए रवाना हुए।


काफिला निकलने के बाद खुला रुट, तो लगा लंबा जाम। ● अमृत विचार

### मुस्तैद रही पुलिस, खुफिया एजेंसी भी सक्रिय

उपमुख्यमंत्री की सुरक्षा में कोई चूक न हो जाए। इसके लिए हेलीपैड से लेकर सड़कों तक पुलिस फोर्स तैनात किया गया। निर्धारित रुट पर हर एक मोड़ और गली पर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी। उनके आगमन से पहले ही फील्ड, डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, एसपी अभिषेक यादव समेत अन्य अफसरों की गाड़ियां सड़कों पर दौड़ती रही। इधर, नगरपालिका की ओर से भी शहर को स्वच्छ दिखाने के लिए दिन रात सफाई अभियान चलाया गया। छुट्टा पशु भी हटाए जाते रहे।

# प्रगतिशील बार एसोसिएशन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

**बीसलपुर, अमृत विचार :** प्रगतिशील बार एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम नागेंद्र पांडेय को सौंपा।

ज्ञापन में संरक्षक महेंद्र कुमार पटेल एडवोकेट के साथ हुई धोखाधड़ी के संबंध में एसपी के आदेश पर 27 को थाना बिलसंडा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। लेकिन अभी तक कार्रवाई नहीं हुई। आरोपी पीड़ित अधिवक्ता को धमकी दे रहे हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी कराने की मांग की। इस मौके पर अध्यक्ष अवनीश शुक्ला, भानु प्रताप सिंह, मुकेश गुप्ता, देवेंद्र गौतम, विपिन गौतम, यीशु मिश्रा, अरुण राना, लोकेश वर्मा, मनोज गंगवार, महेश चंद्र गंगवार आदि अधिवक्ता थे।

अमृत विचार
बरेली, शनिवार, 20 सितंबर 2025
पीलीभीत

# कैसे रुके जाम का झाम, ई-रिक्शा बने सिरदर्द

## शहर के मुख्य मार्गों से लेकर हाईवे पर भी दौड़ रहे हैं ई-रिक्शा, नियमों की अनदेखी पर पूर्व में हुई सख्ती, नहीं सुधरे हालात

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार:** सड़कों पर फैली अव्यवस्था और नियम पालन कराने में बरती जा रही ढील राहगीरों की मुसीबत बनी हुई है। दुकानों आगे अतिक्रमण की भरमार के बीच ई-रिक्शा का बेतरतीब संचालन जाम का सबब बना हुआ है। इसे लेकर न तो रूट तय किया जा सका है, न ही नियम उल्लंघन पर सख्ती हो सकी है। यातायात व्यवस्था चरमराई हुई है।

शहर की सड़कों पर जाम की दिक्कत लंबे समय से है। कई बार इसका समाधान कराने के दावे करते हुए अभियान चलाए गए, लेकिन विरोध तो कभी राजनीतिक दबाव के चलते मुहिम असर नहीं दिखा सकीं। अभी भी सड़कों पर हालात बदतर बने हुए हैं। मुख्य मार्गों पर ही जाम लगता है। दिन में कई बार लगने वाले जाम से परेशानी होती है। दोपहर के वक्त तो घर से निकलने के बाद जाम में फंसना तय है। इसकी एक वजह सड़कों पर दुकानों के आगे किया गया

> यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। नो एंट्री प्वाइंट पर सख्ती से नियम का पालन कराया जा रहा है। उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई भी की जा रही है। जाम की समस्या के निस्तारण के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।
> – **राघवेंद्र प्रताप सिंह**, टीएसआई

अतिक्रमण तो है ही। वहीं बेतरतीब तरीके से की जाने वाली वाहन पार्किंग के बीच ई-रिक्शा का मनमाने तरीके से संचालन जाम की दिक्कत बढ़ा रहा है। बीते साल डीएम-एसपी के दखल के बाद परिवहन विभाग ने ई-रिक्शा के रूट तय किए थे, ताकि मुख्य मार्गों पर वाहनों का भार कम हो। कुछ दिन तक सख्ती के बाद पुनः हालात जस के तस हो चुके हैं। आलम ये है कि हर तरफ ई-रिक्शा की भरमार है। सुनगढ़ी तिराहे पर दिन में कई बार जाम लगता है।जिसमें अधिकांश ई-रिक्शा होते हैं। रेलवे स्टेशन रोड, गांधी स्टेडियम रोड, ड्रमंडगंज चौराहा, लोहा मंडी, चूड़ी वाली गली, चूने वाली गली समेत कई इलाकों में तो दिन में कई बार


लकड़ी मंडी रोड पर ई-रिक्शा की वजह से लगा जाम। ● अमृत विचार


बरेली गेट चौराहा के पास दौड़ते ई-रिक्शा। ● अमृत विचार

### मालवाहक वाहन भी बन गए ई-रिक्शा

ई-रिक्शा में नियत से अधिक सवारियां ले जाई जा रही है। वहीं, ई-रिक्शा मालवाहक वाहन का रूप लेते जा रहे हैं। लोहे के भारी भरकम सामान लादकर भीड़ के बीच ई-रिक्शा का संचालन किया जा रहा है। जिससे हादसे का डर बना रहता है। इतना ही नहीं स्कूली बच्चों को लाने-ले जाने में भी ई-रिक्शा का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल है। हाईवे पर भी ई-रिक्शा से सवारियां ढोई जा रही है। इसे लेकर पूर्व में अभियान चलाए गए लेकिन नतीजा शून्य रहा।

जाम लगने वाले जाम के पीछे ई-रिक्शा वजह बनता है। कहने को नो एंट्री प्वाइंट भी चिन्हित हैं और बैरियर भी लगाए गए हैं। मगर, अधिकांश स्थानों पर होमगार्ड की तैनाती रहती है। उनके रोकने पर भी वाहन चालक नहीं मानते और नो एंट्री में वाहन ले जाते हैं। राहगीर इसमें फंसकर परेशान हो रहे हैं। बीते दिनों अभियान चलाकर अवैध तरीके से दौड़ रहे ई-रिक्शा बड़े पैमाने पर सीज किए गए थे। कुछ दिन तक तय रूट पर दौड़े लेकिन इसके बाद अब कोई देखने वाला नहीं है।


असम चौराहा के पास बेतरतीब खड़े ई-रिक्शा। ● अमृत विचार

## हिंसा पीड़ित महिलाओं को दी जानकारी

**पीलीभीत, अमृत विचारः** सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत महिला कल्याण विभाग के सखी वन स्टॉप सेंटर एवं हब एंपावरमेंट ऑफ वूमेन की टीम द्वारा वन स्टॉप सेंटर में हिंसा से पीड़ित महिलाओं के लिए कानूनी सहायता एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया।

शुक्रवार को आयोजित हुए शिविर में विधिक सहायता प्राधिकरण से एडवोकेट सुमन गुप्ता और पीएलवी मनोज शर्मा ने महिलाओं को कानूनी सहायता के बारे में जानकारी दी। विशेषज्ञों ने बताया कि घरेलू हिंसा अधिनियम महिला को अपने वैवाहिक घर में रहने का अधिकार सुनिश्चित करता है। इस अधिनियम की विशेषता यह है कि कानून के तहत विशिष्ट प्रावधानों से महिला को हिंसा मुक्त घर में रहने की सुरक्षा प्रदान करता है। यह भी जानकारी दी गई कि यदि किसी कार्यस्थल पर कार्य कर रही महिला के साथ कोई दुर्व्यवहार होता है तो यौन उत्पीड़न से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम के माध्यम से पीड़ित को निवारण प्रदान करने के लिए भी कई प्रावधान रखे गए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### इनरव्हील क्लब ग्रेटर ने वृद्धा आश्रम में भेंट किया सामान



**पीलीभीत, अमृत विचार** : इनरव्हील क्लब पीलीभीत ग्रेटर ने शुक्रवार को वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों की सेवा की। डॉ. वीके बालियान ने वृद्धजनों की आँखों की जांच की। क्लब की ओर से आश्रम को गद्दे, चादर, तकिए और खानपान का सामान भेंट किया गया। वहीं, बुजुर्गों को भोजन भी कराया गया। क्लब की पदाधिकारियों को आशीर्वाद दिया। इस मौके पर रीमा अग्रवाल, नेहा गुप्ता, मोनिशा बग्गा, लवी गुप्ता, पूजा, सुरभि, सोनल, गौरी, अंजलि, ऋद्धि, आंचल, डॉ. दीपा, पूनम, निशा, रूमा आदि मौजूद रहे।

### श्रीमद् भागवत कथा से पहले निकाली गई कलश यात्रा

**बिलसंडा, अमृत विचार** : ब्लॉक क्षेत्र के गांव दियोरियाखुर्द में देवीस्थान मंदिर पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन से पूर्व ग्रामीणों ने कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें महिलाएं, पुरुष बच्चे शामिल हुए। तिलहर सरोवर से महिलाओं ने जल भरा। सात दिवसीय कथा के पहले दिन कथा वाचक रीता शास्त्री ने प्रभु के गुणों का वर्णन किया। बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### सत्यवीर सिंह अध्यक्ष और सुनील बनाए गए महामंत्री

**पीलीभीत, अमृत विचार** : आल्या कार्मिक वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रांतीय नेतृत्व में जिला इकाई की बैठक हुई। जिसमें जिला इकाई का गठनकिया गया। राजकीय बीज गोदाम में हुई बैठक में सत्यवीर सिंह अध्यक्ष, रविंद्र सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुनील कुमार जिला महामंत्री, विजय कुमार मौर्य कोषाध्यक्ष, हरीश कुमार उपमहामंत्री, दिनेश कुमार संगठन मंत्री, वरुण कुमार सचिव, विश्वपाल मीडिया प्रभारी, वासिफ मलिक उपाध्यक्ष, गंगाराम, दुर्गेश कुमार, सुनील कुमार, सोमपाल, कमल किशोर, अतुल कुमार शर्मा, कपिल वर्मा, अनिल वर्मा, अरुण कुमार सदस्य बनाए गए।

### कड़ी मशक्कत के बाद पकड़ा घायल लंगूर किया जाएगा इलाज

**खुदागंज, अमृत विचार** : भाजपा सोशल मीडिया के जिला सहसंयोजक आकाश दीक्षित ने पिछले सप्ताह उप जिलाधिकारी से शिकायती पत्र देकर घायल लंगूर को पकड़ने और इलाज कराने की मांग की गई थी। जिस पर उप जिलाधिकारी ने बीडीओ और वन क्षेत्राधिकारी की संयुक्त टीम को लंगूर पकड़ने के निर्देश दिए थे। कई दिनों तक चली जद्दोजहद के बाद शुक्रवार को वन विभाग की टीम लंगूर को पकड़ने में कामयाब रही। लंगूर को उपचार के लिए भेज दिया है।

## एसडीएम की मौजूदगी में हुई मॉक ड्रिल

**बीसलपुर, अमृत विचारः** बारह पत्थर चौराहे के नजदीक स्थित श्रीरामचंद्र म्युनिसिपल बोर्ड इंटर कॉलेज परिसर में शुक्रवार को नोडल अधिकारी एसडीएम नागेंद्र पांडे की अध्यक्षता में मॉक ड्रिल कराई गई। फायर विभाग के कर्मियों ने आग बुझाने और बचाव के तरीके बताए।

इस दौरान इमारत या मकान में अचानक आग लग जाने पर वहां रहने वालों वाले लोग क्या करें। यह प्रदर्शित करते हुए दिखाया। कहा कि ऐसी स्थिति में सबसे पहले एंबुलेंस या फायर ब्रिगेड को तत्काल बुलाएं। जिससे आग पर काबू पाया जाए। यदि कोई व्यक्ति अग्निकांड में झुलस गया है, तो उसे तत्काल एंबुलेंस के माध्यम से सरकारी अस्पताल उपचार के लिए भेजा जाए। इसके पश्चात अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने रसोई घर में रखें घरेलू गैस सिलेंडर में आग लगने पर उसे बुझाने के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि ऐसे वक्त में घबराना नहीं चाहिए। विवेक से काम लेकर जलते हुए सिलेंडर की ऑक्सीजन काट देना चाहिए। ऐसा करने से तुरंत आग बुझ जाएगी। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका शेर सिंह, वन क्षेत्राधिकारी रोहित जोशी, बीडीओ बरखेड़ा वेद प्रकाश, एसएसआई रमेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## आईफोन 17 सीरीज की लांचिंग, केक काटा


आईफोन 17 सीरीज की लांचिंग में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचारः** शहर के चावला चौराहे पर स्थित आरके सेल्स पर शुक्रवार को आईफोन 17 सीरीज की लांचिंग की गई। ग्राहकों के द्वारा केक काटकर इसकी लांचिंग कराई गई।

उनके द्वारा प्री बुक्ड फोन मनचाहे कलर में उपलब्ध कराए गए। इस मौके पर प्रतिष्ठान स्वामी विपिन वर्मा, राहुल वर्मा, आइप्रो नीरज गुप्ता, डॉ राघवेंद्र गंगवार, अंकुर गुप्ता, वेद प्रकाश, प्रेम गंगवार, सैफ अंसारी, नीरज मिश्रा, जॉली राजपाल, अर्जुन सिंह टहलानी, संजीव मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## चौपाल में सुनीं गईं ग्रामीणों की समस्याएं

**बिलसंडा, अमृत विचार** : ब्लॉक क्षेत्र के गांव बेहटी और मीरपुर में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं। सचिव और प्रधान ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना।

चौपाल में राशन कार्ड, यूनिट, मृत्यु प्रमाण पत्र संबंधी समस्याओं के निस्तारण के लिए भौतिक सत्यापन किया गया। मीरपुर में ग्रामीणों ने लंबे समय से सफाई कर्मी न होने की समस्या रखी। गांव में सफाईकर्मी की नियुक्ति किए जाने की मांग की गई। प्रधान और सचिव ने उच्चाधिकारियों को अवगत कराकर जल्द ही सफाई कर्मी की नियुक्ति कराने का आश्वासन दिया।चौपाल में गांव मीरपुर में सचिव विवेक वर्मा, बेहटी गांव में सचिव प्रियांशु और प्रधान नितिन पटेल ने जनसमस्याओं को सुना।

## चौथे दिन सीता राम विवाह का प्रसंग सुन भावविभोर हुए भक्त

● कस्बा बमरौली के एक स्कूल में चल रहा आयोजन

**संवाददाता, बिलसंडा**

**अमृत विचार** : कस्बा बमरौली के आरआरबी पब्लिक स्कूल में चल रही श्रीराम कथा के चौथे दिन कथाव्यास शांति देव महाराज ने धनुष भंग और श्रीराम विवाह का प्रसंग का वर्णन किया। जिसे सुनकर भक्त भावविभोर हो गए।

कथाव्यास ने बताया गुरुकुल से शिक्षा दीक्षा ग्रहण करने के बाद राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न राजमहल वापस लौट जाते हैं। राक्षसों के आतंक से परेशान होकर गुरु विश्वामित्र महाराज दशरथ से अपने यज्ञ की रक्षा के लिए राम और लक्ष्मण को अपने साथ ले जाते हैं। श्रीराम लक्ष्मण ऋषि विश्वामित्र के आदेश पर रास्ते में क्रूर राक्षसी ताड़का का वध कर देते हैं। यज्ञ में बाधा डालने वाले राक्षसों का वध करते हैं। ऋषि विश्वामित्र का यज्ञ


कथा सुनाते शांति देव महाराज।

सकुशल संपन्न हो जाता है। उधर जनकपुरी से सीता स्वयंवर का निमंत्रण मिलने पर ऋषि विश्वामित्र राम और लक्ष्मण को लेकर स्वयंवर में शामिल होने के लिए चल देते हैं। रास्ते में गौतम ऋषि के आश्रम के समीप पत्थर की शिला के रूप में मौजूद अहिल्या का अपनी चरण रज से उद्धार करते हैं। जनकपुरी पहुंचने के बाद राजा जनक सीता स्वयंवर का आयोजन करते हैं। स्वयंवर में दूरदराज से पहुंचे राजा अपने बल का प्रयोग कर धनुष उठाने का प्रयास करते हैं, लेकिन शिव धनुष को तनिक भी हिला नहीं पाते हैं।

गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर प्रभु राम धनुष को उठाने के आगे बढ़ते हैं। राम के छूते ही धनुष टूट जाता है। कथा व्यास ने भगवान परशुराम का क्रोध के साथ महल में प्रवेश होना और लक्ष्मण भगवान परशुराम संवाद का विस्तृत रूप से वर्णन किया। इस मौके पर स्कूल प्रबंधक सुखीराम मौर्य, शिवशरन वर्मा, राजाराम वर्मा, श्रीदेव गुप्ता, अंचल शुक्ला, विजय कुमार पांडे, हरिहरनाथ मिश्रा, राजीव सैनी, अनिल शर्मा, ज्ञानप्रकाश शुक्ला, संतराम पाल आदि मौजूद रहे।

## आरा मशीन पर छापेमारी, इमारती लकड़ी बरामद

● सामाजिक वानिकी प्रभाग की टीम ने की छापेमारी, आरा मशीन सील
● चिरान के लिए आरा मशीन पर लाई गई थी अवैध लकड़ी

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचारः** सामाजिक वानिकी प्रभाग की टीम ने पूरनपुर में एक आरा मशीन पर छापेमारी की। इस दौरान टीम ने आरा मशीन पर जलौनी लकड़ी के साथ इमारती लकड़ी बरामद की। टीम ने लकड़ी को जब्त करते हुए आरा मशीन को सील कर दिया। इस मामले में सामाजिक वानिकी प्रभाग की ओर से आरा मशीन संचालक के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है।

पूरनपुर तहसील क्षेत्र में अवैध कटान की घटनाएं लगातार सामने आ रही है। बीती रात सामाजिक वानिकी प्रभाग के डीएफओ भरत कुमार डीके को पूरनपुर में आम के पेड़ों के अवैध कटान की सूचना मिली थी। जिसके बाद डीएफओ ने सामाजिक वानिकी पूरनपुर रेंज को कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। सामाजिक वानिकी प्रभाग पूरनपुर रेंज के क्षेत्रीय वनाधिकारी सोवरन लाल


पूरनपुर में आरा मशीन सील करती सामाजिक वानिकी प्रभाग की टीम।

> पूरनपुर रेंज में अवैध कटान की सूचना मिली थी। जिसके बाद रेंज टीम को कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। इस मामले में आरा मिल संचालक के विरुद्ध वृक्ष संरक्षण अधिनियम और आरी मिल स्थापना एवं विनियमन नियमावली के तहत मामले दर्ज किए गए हैं।
> – **भरत कुमार डीके**, डीएफओ, सामाजिक वानिकी प्रभाग।

ने शुक्रवार को टीम के साथ पूरनपुर स्थित अखलाक अहमद आरा मशीन पर छापेमारी की। टीम ने जांच के दौरान आरा मशीन से 150 क्विंटल जलाऊ लकड़ी और 9 घन मीटर इमारती लकड़ी बरामद कर जब्त कर ली। अवैध लकड़ी मिलने पर टीम ने आरा मशीन को सील कर दिया। टीम में डिप्टी रेंजर कपिल कुमार, वनरक्षक सुरजीत कुमार, बिजेंद्र कुमार आदि शामिल रहे। इस मामले में आरा मिल संचालक के विरुद्ध वृक्ष संरक्षण अधिनियम और आरी मिल स्थापना एवं विनियमन नियमावली के तहत मामले दर्ज किए गए हैं।

### सिमरिया से बगैर परमिट कटान कर लाई गई थी लकड़ी

पूरनपुर के घुंघचिहाई थाना क्षेत्र के सिमरिया में बगैर परमिट आम के 10 पेड़ों का कटान किया गया था। बताते हैं कि रातों रात लकड़ी को अखलाक अहमद की आरा मशीन पर चिरान के लिए पहुंचा दिया था। आरा मशीन पर छापेमारी से पूर्व सामाजिक वानिकी प्रभाग की टीम ने गांव सिमरिया पहुंचकर मामले की जांच की। इसी दौरान पूछताछ में लकड़ी को ठिकाने लगाने के लिए आरा मशीन पर पहुंचाने की बात सामने आई। जिसके बाद टीम ने बाग मालिक और लकड़ी ठेकेदार असलम के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज कराई

## टीएलएम का उपयोग कक्षा को बनाता है रुचिकरः प्राचार्य

● शिक्षकों ने क्राफ्ट और पपेट्री का प्रयोग करते हुए टीएलएम बनाए

**संवाददाता, बीसलपुर**

**अमृत विचार** : जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्था में षष्टम जनपद स्तरीय कला, क्राफ्ट एवं पपेट्री प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता का आयोजन प्राथमिक स्तर पर भाषा और गणित विषय व उच्च प्राथमिक स्तर पर विज्ञान, गणित और सामाजिक विषय के लिए किया गया। प्रतिभागी शिक्षकों ने कक्षा शिक्षण संबंधी परिणाम से संबंधित कला क्राफ्ट, पपेट्री का प्रयोग करते हुए विभिन्न प्रकार के टीएलएम बनाए। प्राथमिक स्तर पर भाषा विषय में शिक्षिका प्रियंका बिश्नोई, प्राथमिक विद्यालय रुरिया, पूरनपुर और गणित विषय में शिक्षिका यशिका शर्मा, प्राथमिक विद्यालय रूपपुर कमालू , ललौरीखेड़ा का चयन किया गया। उच्च प्राथमिक स्तर पर विज्ञान विषय में शिक्षिका प्रियंका गुप्ता, उच्च प्राथमिक विद्यालय बेहटी, बिलसंडा , गणित विषय में शिक्षक रवींद्र कुमार, उच्च प्राथमिक विद्यालय ताहपौटा, मरौरी और सामाजिक विज्ञान में शिक्षक रतनलाल , कंपोजिट विद्यालय नौगवां संतोष, बिलसंडा का चयन किया गया। प्राचार्य महेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में वरिष्ठ प्रवक्ता दरवेश कुमार ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। संचालन डायट प्रवक्ता पुलकित शर्मा ने किया। इस मौके पर डायट प्रवक्ता विजय कुमार, वीरेंद्र कुमार, स्वदेश कुमार, स्मिता लोधी, मंजू लता, सुनीता बिष्ट, आशा सुमन , आसाराम, रविंद्र कुमार, निर्मित कुमार आदि मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य मेले में 662 मरीजों का हुआ परीक्षण

● सात लोगों ने किया रक्तदान, विधायक ने कराई शुरुआत

**संवाददाता, बीसलपुर**

**अमृत विचार** : स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की ओर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में शिविर लगाया गया। स्वास्थ्य मेले में 662 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सात लोगों ने रक्तदान भी किया।

स्वास्थ्य मेले की शुरुआत विधायक विवेक वर्मा ने कराई। कहा कि शासन द्वारा स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार अभियान पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर उन्हें निरोगी बनाना है। चिकित्सक अभियान के तहत महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर पूरी जिम्मेवारी से उनका उपचार करें। जिला चिकित्सालय से आए नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ.शकील, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.छत्रपाल, महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ आशा गंगवार, मानसिक रोग विशेषज्ञ पल्लवी सक्सेना, चेस्ट रोग विशेषज्ञ डॉ.पारुल मित्तल, दंत रोग चिकित्सक डॉ. आशीष अग्रवाल, डॉ. सलीम के साथ ही सीएचसी अधीक्षक डॉ. लेखराज, डॉ. चंदन, राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय के चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरविंद गगवार ने मरीजों की जांच की। फार्मासिस्ट शशि और गिरीश कुमार ने दवा का वितरण किया।

## मंडल स्तरीय टीम के लिए खिलाड़ियों हुआ चयन

● जिला स्तरीय प्रदर्शन के आधार पर किया गया चयन

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचारः** माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से हुई जिला कबड्डी प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों की टीमों का चयन किया गया। चयनित टीमें अब मंडल स्तर पर प्रतिभाग करेगीं। प्रतियोगिता में जनपद के नौ स्कूल-कॉलेजों की टीमों ने भाग लिया।

जिला कबड्.डी प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को गुरुनानक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करनापुर शाहगढ़ में किया गया। जिसमें सीएंडजे कालेज कलीनगर, पब्लिक इंटर कालेज पूरनपुर, राजकीय इंटर कालेज पौटाकलां, छत्रपति शिवाजी इंटर कालेज जोगीठेर, एसएन इंटर कॉलेज पौटाकलां, अवंतीबाई बालिका इंटर कालेज पीलीभीत, सरस्वती विद्या मंदिर बीसलपुर कंपोजिट स्कूल नगर क्षेत्र पीलीभीत के बालक-बालिकाओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक संदीप सिंह एवं प्रधानाचार्य डॉ. राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी ने किया। प्रतियोगिता में अंडर-14, 17 एवं अंडर-19 के बालक-बालिकाओं की टीमों ने प्रतिभाग किया।

कबड्डी मैचों के बाद विभिन्न वर्ग की टीमों का चयन किया गया। चयनित टीमें अब मंडल स्तर पर प्रतिभाग करेगी। डॉ. योगेश गंगवार, खेल शिक्षक संजय सरकार, अनीता जोशी, नंदकिशोर, याशमीन खां ने प्रतियोगिता संपन्न कराने में सहयोग किया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदर्शन के बाद अब खिलाड़ी मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में दमखम दिखाएंगे।

### इन खिलाड़ियों का किया गया चयन

अंडर-19 बालक वर्ग में एसएन इंटर कॉलेज के सोनू, रोहित कुमार, कामिल, ताजीम, मोहम्मद साहिब, पब्लिक इंटर कॉलेज पूरनपुर के अजीम मोहम्मद, विजय, सोनपाल, सचिन, रितिक, नितिन, अरुण, अंडर-14 बालक वर्ग में राजकीय इंटर कॉलेज पौटाकलां के शांतुन, नितिन सिंह, चौधरी निहाल सिंह कॉलेज ऐमी के विकास कुमार, गुरुनानक माध्यमिक विद्यालय के रोहित, आदित्य, सौरभ, मनवीर, अंश, राजकीय इंटर कॉलेज पौटाकलां के राजू वर्मा, अमान, विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पीलीभीत के अंशुमान गंगवार, अंडर-17 बालक वर्ग में गुरु नानक माध्यमिक विद्यालय करनापुर के शिवम, निहाल, मोहम्मद साहिल, सीएंडजे कलीनगर के विशाल, समीर, निहाल, चौधरी निहाल सिंह कॉलेज ऐमी के आकाश, पीयूष, हेमंत, पीआईसी पूरनपुर के सचिन, गांधी स्मारक बिलसंडा के हिमांशु, विद्या मंदिर बीसलपुर के आर्यन, अंडर-19 बालिका वर्ग में अवंतीबाई कॉलेज पीलीभीत की नेहा, शीतल, लक्ष्मी, कमलेश, प्रियंका, निर्मला, मधु, रजनी, अंशिका, आशा, सीएंडजे कलीनगर की मोहिनी और रेनू, अंडर-17 बालिका वर्ग में गुरुनानक माध्यमिक विद्यालय करनापुर की चांदनी, दीपा, करीमा, शिवानी, स्वाति, छत्रपति शिवाजी कालेज जोगीठेर की लीलावती, सीएंडजे कलीनगर की वर्षा, शानू, प्रिया, एसएन कालेज पीलीभीत की जहरा फातिमा, जया, दिव्या का चयन हुआ है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

हर्षिल हॉस्पिटल
क्रिटिकल केयर एण्ड पेन सेन्टर
डॉ. हिमांशू वर्मा
MBBS, MD, FICM, FIPM
क्रिटिकल केयर एवं पेन फिजिशियन
Advanced ICU & OT 24x7 Emergency Operation | TPA/कैशलेस की सुविधा उपलब्ध
पता:- प्लाट नं. 4 राघव पेट्रोल पम्प के सामने, बुखारा, बरेली
Mob : 9458702280, 8937810741

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जाँच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
TPA सुविधा उपलब्ध
8077344353
समय :- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

## न्यूज ब्रीफ

### प्रदीप बने व्यापार मंडल के संयोजक

**निघासन, अमृत विचार :** नगर उद्योग व्यापार मंडल के प्रदीप गुप्ता संयोजक बनाए गए है। प्रदीप गुप्ता ने बताया कि कई सालों से यह गुट निष्क्रिय चल चल रहा था। व्यापारियों को जोड़ने के लिए नई जिम्मेदारी से कार्य का निर्वहन करेंगे। उन्होंने बताया कि व्यापारियों के हित में यह संगठन ऊंचाइयों तक ले जायेंगे। प्रदीप गुप्ता पहले से ही सामाजिक कार्यों में बढ़ चढकर हिस्सा लेते थे।


प्रदीप गुप्ता।

### विभिन्न मामलों में तीन आरोपी गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी,** अमृत विचार : थाना हैदराबाद पुलिस ने विभिन्न मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान भेजा है। एसआई अशोक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने झनकारी पुत्र माधवराम निवासी कैथोला, परशुराम उर्फ साधु पुत्र चेतईलाल निवासी छिछौना और आला उर्फ गिरिश पुत्र रामप्रसाद निवासी शाहबुद्दीनपुर को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों के खिलाफ कोर्ट से वारंट जारी था। पुलिस ने तीनों आरोपियों का चालान भेजा है।

### पेड़ से टकराकर बाइक सवार घायल

**पलिया कलां, अमृत** विचार : गांव पसरपुर निवासी अवधेश भीरा की तरफ से अपने घर जा रहा था। गांव बोझवा मोड़ पर सामने से आ रहे किसी बड़े वाहन की तेज लाइट पड़ने से उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वह जामुन के पेड़ से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है।

### जहर खाने से युवक की हालत बिगड़ी, जान गई

**लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** थाना पढ़ुआ क्षेत्र के गांव सेमरी निवासी 30 वर्षीय दीपक उर्फ कृष्ण कुमार ने अज्ञात कारणों के चलते गुरूवार की शाम करीब सात बजे जहर खा लिया। घटना की जानकारी होने पर परिजन दीपक को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां पर देर रात उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

---

जिला अधिकारी की पहल पर सरकारी सहायता के साथ दी जा रही स्पेशल किट

# बाढ़ पीड़ितों की मदद को आगे आए उद्यमी और स्वयंसेवी संस्थाएं

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- 45 लाख रुपये की लागत से तैयार की गई किट, पांच हजार लोगों को बांटी
- किट में मच्छरदानी, छाता, बैटरी सहित टॉर्च का किया जा रहा वितरण

**अमृत विचार :** जनसहभागिता से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए पांच हजार सीएसआर स्पेशल किट का वितरण किया जा रहा है। किट में 45 लाख रुपये की लागत से कॉरपोरेट सेक्टर, उद्यमियों और स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से तैयार किया गया। डीएम ने बताया कि प्रदेश में ऐसा पहला जिला है, जहां पर बाढ़ पीड़ितों के लिए सीएसआर स्पेशल किट वितरित की जा रही है। एक किट की लागत करीब नौ सौ रुपये है।

डीएम ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हमेशा आपदा के समय प्रदेशवासियों के साथ खड़े रहते हैं। उनकी प्रेरणा से ही बाढ़ प्रभावित इलाकों में पांच हजार सीएसआर स्पेशल किट का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि किट को जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए जिले की पांच बाढ़ प्रभावित तहसीलों के सभी बाढ़ प्रभावित गांव में निराश्रित महिलाओं, दिव्यांगों और 70 वर्ष से ऊपर के वृद्धजनों को चिन्हित किया गया है। इसके साथ ही हर जरूरतमंद को स्पेशल किट का वितरण किया जा रहा है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने गुरुवार को सदर तहसील में विधायक सदर योगेश वर्मा, विधायक श्रीनगर मंजू त्यागी, सीडीओ अभिषेक कुमार, एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह के साथ जरूरतमंदों को सीएसआर स्पेशल किट वितरित की। वहीं तहसील पलिया में विधायक रोमी साहनी के साथ एसडीएम डॉ. अवनीश कुमार, धौरहरा में विधायक विनोद शंकर अवस्थी, एडीएम (न्यायिक) अनिल रस्तोगी और एसडीएम शशिकांत मणि जबकि गोला में एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह व एसडीएम युगांतर त्रिपाठी ने सीएसआर स्पेशल किट वितरित की।


पलिया में बाढ़ पीड़ितों को किट देते विधायक रोमी साहनी। • अमृत विचार


पीड़ित को किट और छाता देतीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल। • अमृत विचार

### जरूरत पड़ने पर और भी स्पेशल किट कराई जाएंगी तैयार

डीएम ने बताया कि गुरुवार को जिले की निघासन, धौरहरा, गोला गोकर्णनाथ और पलिया तहसीलों में चिन्हित दिव्यांगजन, निराश्रित महिला एवं 70 वर्ष से अधिक उम्र वाले वृद्धजनों को स्पेशल सीएसआर किट का वितरण किया गया। बताया कि फिलहाल बाढ़ पीड़ितों को पांच हजार स्पेशल किट दी गईं। वहीं जरूरत पड़ने पर और भी सीएसआर स्पेशल किट को बनवाया जाएगा। किट में मच्छरदानी, छाता, बैटरी सहित टॉर्च, सेनेटरी पैड (2 पैकेट) और गर्म पानी रखने के लिए 2 लीटर की थर्मस शामिल है।

---

## बेहजम में स्वास्थ्य मेले में उमड़ी मरीजों की भीड़


आंख का परीक्षण करते डॉ. अच्छतर।

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के तहत शुक्रवार को सीएचसी बेहजम में विशाल स्वास्थ्य मेला संपन्न हुआ। मेले का उद्घाटन जिला उपाध्यक्ष भाजपा व पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय दीक्षित ने किया।

मेले में कुल 1495 मरीजों और उनके परिजनों ने भाग लिया। डॉ. राकेश गुप्ता एपिडेमियोलॉजी एनसीडी और देव नंदन श्रीवास्तव एनसीडी सेल ने भी मेले में भाग लेकर इसका संचालन सुनिश्चित किया।

---

# बंद रहे जन औषधि केंद्र, मरीज हुए परेशान

डिस्टेंस पॉलिसी का विरोध, सरकारी अस्पतालों के केंद्र खुले रहे, संचालकों ने लगाया वादा खिलाफी का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** डिस्टेंस पालिसी के विरोध में शुक्रवार को जिले भर की जन औषधि केंद्रों पर ताला लगा रहा। हालांकि सरकारी अस्पतालों के केंद्र खुले रहे। अन्य केंद्रों पर दवा लेने पहुंचे जरूरतमंद मायूस होकर लौट गए। केंद्र संचालकों का कहना है कि जन औषधि केंद्र खोलने के समय तीन किलोमीटर की डिस्टेंस पॉलिसी बताई गई थी, जिसे बाद में कम कर अब पूरी तरह से खत्म कर दिया गया है। यह पूरी तरह गलत है।

जिले में करीब 60 जन औषधि केंद्र है। जो जिला अस्पताल से लेकर हर सीएचसी पर खुले हैं। इसके अलावा बाजार आदि में खुले जन औषधि केंद्रों की संख्या भी 35 के करीब है। शुक्रवार को सरकारी अस्पतालों के केंद्रों को छोड़कर अन्य सभी में डिस्टेंस पालिसी के विरोध में ताला लगा रहा। केंद्र संचालकों ने बताया कि जन औषधि केंद्र खोलने के दौरान बताया गया था कि हर तीन किलोमीटर पर ही केंद्र खुलेगा, जिसे बाद में कम करके एक किलोमीटर कर दिया गया। मगर, अब डिस्टेंस पालिसी को पूरी तरह से खत्म कर दिया गया, जो पूरी तरह से गलत है। केंद्र संचालकों का कहना है कि डिस्टेंस पालिसी खत्म होने से आसपास ही केंद्र खुल जाएंगे, जिससे बिक्री प्रभावित होगी। एक तो डॉक्टर जन औषधि केंद्र की दवाएं नहीं लिखते, जिससे बिक्री नहीं होती। दूसरे पास में ही केंद्र खुलने से जो कुछ बिक्री होती है वह भी नहीं होगी। संचालकों का कहना है कि जन औषधि केंद्रों को जिंदा रखने के लिए डिस्टेंस पालिसी अत्यंत जरूरी है।



मितौली सीएचसी के जन औषधि केंद्र पर हो रहा दवा वितरण। • अमृत विचार



शहर में हड़ताल के कारण बंद जन औषधि केन्द्र। • अमृत विचार

### सरकारी अस्पतालों में दवा का होता रहा वितरण

**मितौली, अमृत विचार :** सीएचसी समेत जिले भर के सरकारी अस्पतालों में स्थित जन औषधि केन्द्र खुले रहे, जिससे इनमें दवा वितरण होता रहा। अस्पतालों के केन्द्र खुले रहने से यहां लोगों को कोई दिक्कत नहीं हुई। इसी तरह जिला अस्पताल, गोला, पलिया कलां, मोहम्मदी, निघासन, धौरहरा में भी सरकारी अस्पतालों में खुले जन औषधि केन्द्र खुले रहे।

### जन औषधि केंद्र बंद रहने से लोगों को हुई दिक्कत

शुक्रवार को जन औषधि केंद्रों पर ताला लगा रहने से दवा लेने पहुंचे लोग निराश होकर लौट गए। गोला से दवा लेने आए राजीव कुमार, नरेश वर्मा और बालकृष्ण ने बताया कि प्रोस्टेट की दवा लेने आए थे, लेकिन मेडिकल बंद होने से नहीं मिल सकी। अब कल फिर लेने के लिए आना होगा, क्योंकि बाजार में इस दवा की दस गोलियों की कीमत करीब 220 रुपये है, जबकि यहां पर 38 रुपये की पड़ती है।

---

## सीएचसी में डॉक्टर और फार्मासिस्ट के बीच हाथापाई

संवाददाता, धौरहरा

- दोनों पक्षों ने शिकायत दर्ज कराई सीएमओ ने जांच करने के लिए गठित की टीम

**अमृत विचार:** धौरहरा सीएचसी में डॉक्टर और फार्मासिस्ट के बीच हुई कहासुनी हाथापाई में बदल गई। इससे वहां अफरा-तफरी मच गई।

बताते हैं कि सीएचसी में तैनात डॉ. रंजीत चौधरी और फार्मासिस्ट नवीन वर्मा के बीच किसी कार्य संबंधी मुद्दे पर बहस शुरू हुई। बहस बढ़ते-बढ़ते हाथापाई तक पहुंच गई।

मौके पर मौजूद अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी तुरंत बीच-बचाव करने पहुंचे और दोनों को अलग किया। हाथापाई के बाद दोनों पक्षों ने अलग-अलग पुलिस थाने में तहरीर दी। इसके अलावा, दोनों ने सीएमओ से भी शिकायत दर्ज कराई।

सीएमओ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए विभागीय जांच टीम गठित कर दी है। जांच के दौरान घटनाक्रम के हर पहलू की समीक्षा की जाएगी और दोषी कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की संभावना जताई गई है। सीओ शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है और संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ जरूरी कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विशेषज्ञों और ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे विवाद केवल कर्मचारियों के बीच मतभेद नहीं बल्कि मरीजों की सेवा पर भी असर डालते हैं। उनका कहना है कि अस्पताल में पेशेवर अनुशासन बनाए रखना न केवल कर्मचारियों की जिम्मेदारी है, बल्कि मरीजों के भरोसे और स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए भी जरूरी है।

यह घटना सीएचसी में कर्मचारियों के आपसी तालमेल और पेशेवर व्यवहार पर सवाल उठाती है, और स्वास्थ्य विभाग को सतर्क रहने की चेतावनी देती है।

---

## सपा ने उठाई पंजाब को राहत पैकेज देने की मांग

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



पंजाब ट्रेड सेंटर पर सभा में धौरहरा सांसद आनंद भदौरिया व अन्य। • अमृत विचार

- सपा प्रतिनिधिमंडल ने पंजाब के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का किया दौरा

**अमृत विचार :** पंजाब में हाल ही में आई बाढ़ की तबाही का जायजा लेने शुक्रवार को सपा का उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल राज्य के बाढ़ प्रभावित इलाकों में पहुंचा और बाढ़ से हुई त्रासदी की जमीनी हकीकत जानी। सपा प्रतिनिधिमंडल ने केंद्र सरकार से पंजाब को 50 हजार करोड़ का बाढ़ राहत पैकेज दिए जाने की मांग की है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पहुंचे इस दल में लोकसभा में सपा के सचेतक धर्मेंद्र यादव, धौरहरा से सांसद आनंद भदौरिया, लोक लेखा समिति के अध्यक्ष व पूर्व मंत्री महबूब अली, पंजाब प्रभारी कुलदीप सिंह भुल्लर, प्रदेश अध्यक्ष सोहनलाल बालग्गन, चंडीगढ़ प्रदेश अध्यक्ष विक्रम यादव और पलिया के पूर्व प्रत्याशी पीतेंद्र सिंह कुक्कू शामिल थे। चंडीगढ़ एयरपोर्ट से लुधियाना पहुंचने के बाद पंजाब ट्रेड सेंटर में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सांसद आनंद भदौरिया ने कहा कि पंजाब में आई बाढ़ ने किसानों और आम लोगों को भारी नुकसान पहुंचाया है, लेकिन केंद्र सरकार ने अब तक जो राहत पैकेज दिया है, वह ऊंट के मुंह में जीरा के बराबर है। उन्होंने कहा कि पंजाब देश को अन्न उपलब्ध कराने वाला प्रमुख राज्य है और इस आपदा की घड़ी में केंद्र सरकार का सौतेला रवैया निराशाजनक है।

उन्होंने केंद्र से मांग की कि पंजाब को मुख्यधारा में बनाए रखने और बाढ़ पीड़ितों की हर संभव मदद के लिए कम से कम 50 हजार करोड़ रुपये का विशेष राहत पैकेज जारी किया जाए। आनंद भदौरिया ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल शनिवार को बाढ़ग्रस्त गांवों का दौरा कर जानमाल और आर्थिक क्षति का विस्तृत सर्वे तैयार करेगा, जिसे राष्ट्रीय नेतृत्व को सौंपा जाएगा। इसके बाद पार्टी अपनी ओर से भी सहायता राशि उपलब्ध कराने का काम करेगी। इस दौरान क्रांति कुमार सिंह, गुरदेव सिंह, सरदार बलवीर सिंह, राजेश यादव, अनुज सिंह सहित कई नेता मौजूद रहे।

---

## लखीमपुर मेडिकल कॉलेज में बनेगा योग व नेचुरोपैथी सेंटर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** स्वस्थ भारत की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा (नेचुरोपैथी) केंद्र की स्थापना को हरी झंडी मिल गई है। सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन योगा एंड नेचुरोपैथी, नई दिल्ली और आयुष मंत्रालय ने इस केंद्र को औपचारिक स्वीकृति दी है।

महाविद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. वाणी गुप्ता ने बताया कि प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति प्राचीन और प्रभावी चिकित्सा विधा है, जिसमें मिट्टी और भाप थेरेपी जैसी तकनीक से कई रोगों का इलाज संभव है। यह पद्धति बिना दवाओं के शरीर की आंतरिक उपचार क्षमता को बढ़ाती है। योग, उपवास, मालिश और प्राकृतिक स्नान जैसी पद्धतियां इसके प्रमुख हिस्से हैं। यह केंद्र न सिर्फ मेडिकल छात्रों बल्कि स्थानीय जनसमुदाय को भी स्वास्थ्य लाभ देगा। योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो स्वस्थ समाज और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मील का पत्थर बनेगी। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा और इसके बाद स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सकेगा।


प्रधानाचार्य डॉ. वाणी गुप्ता।

- मिट्टी-भाप थेरेपी से मरीजों को मिलेगा इलाज

---

## पहली बार गोला में होगा खेल महोत्सव

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद में स्वच्छ भारत मिशन के तहत पहली बार गोला खेल महोत्सव का आयोजन कराने का निर्णय किया गया। पालिकाध्यक्ष विजय कुमार शुक्ल रिंकू की अध्यक्षता और सेवानिवृत्त खेल प्रवक्ता श्याममूर्ति शुक्ल की मौजूदगी में हुई बैठक में 13 खेलों का आयोजन कराने की रणनीति बनाई गई।

पालिकाध्यक्ष विजय कुमार शुक्ला रिंकू ने बताया कि बैठक में 13 खेलों मैराथन, योगा, हॉकी, फुटबाल, वॉलीबाल, क्रिकेट, एथलीट, बैडमिन्टन, शतरंज, कबड्डी, खो-खो, टेबिल टेनिस और ताईक्वान्डो खेलों का आयोजन पहली नवंबर से किया जाएगा। मैराथन दौड़ के साथ प्रारंभ एथलीट प्रतियोगिता का 13 या 14 नवंबर को पब्लिक इंटर कॉलेज स्थित राजेन्द्र गिरि स्टेडियम में समापन समारोह होगा। विभिन्न खेल गोला नगर के विभिन्न विद्यालयों में स्कूल प्रबंधकों, प्राचार्य एवं स्टाफ के सहयोग से सम्पन्न कराए जाएंगे। बैठक के बाद पालिकाध्यक्ष ने स्वच्छता की शपथ दिलाई। बैठक में खेलों के विशेषज्ञ राजर्षि शुक्ला, सभासद कफील अहमद, भोली गिरि, पूर्व सभासद पंकज गुप्ता, सरोज कुमार वर्मा, मकसूद अली, ऋषिकेश पांडे, संतोष कुमार मौर्य, अतुल गुप्ता, कदीर अहमद, रोली त्रिपाठी आद मौजूद रहे।


गोला की नगर पालिका में स्वच्छता का संकल्प दिलाते पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू।

---

श्रद्धा | मिट्टी के कारोबार पर महंगाई का असर, श्रद्धा के आगे काम को लेकर नहीं आई कमी

# शारदीय नवरात्र : मूर्तिकार दिन रात बना रहे मूर्तियां

संवाददाता, मूड़ा सवारान/ लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** शारदीय नवरात्र में पंडालों में सुशोभित करने के लिए मूर्तिकार दिन रात मूर्तियां तैयार कर रहे हैं। शारदीय नवरात्र को लेकर चारों ओर उत्साह है। क्षेत्र में दर्जनों जगह भव्य पंडाल सजाए जाएंगे, इन पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना कर नौ दिनों तक भक्ति और श्रद्धा से पूजा अर्चना की जाएगी।

बिजुआ ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत वसलीपुर ग्रंट के मूर्तिकार निमाई वैद्य मूर्तियों को आकार देने में पूरी तन्मयता से जुटे हैं। निमाई एक माह से मां दुर्गा की प्रतिमाएं तैयार कर रहे हैं। प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने का समय है। 22 सितंबर से शुरू हो रहे शारदीय नवरात्र के मौके पर पूजा पंडालों में उनकी बनाई हुई मूर्तियां सुशोभित की जाएगी। निमाई वैद्य ने बताया कि उन्हें लगभग 120 मूर्तियां बनाने के आर्डर मिले हैं। जिसमें 4, 6, 8, 10 और 12 फुट ऊंची प्रतिमाएं शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सभी ग्राहकों को नवरात्र के प्रथम दिन तक मूर्ति उपलब्ध कराना है। जिसके लिए इन दिनों दिन रात मेहनत कर मूर्तियां तैयार कर रहे हैं। बताया कि इस बार प्रतिमा निर्माण की लगभग सभी सामग्रियां लकड़ी, सजावट का सामान, वस्त्र, पेंट आदि के दाम बढ़ चुके हैं, जिससे प्रतिमा तैयार करने में अधिक खर्च आने लगा है। मूर्तिकार निमाई वैद्य ने बताया कि प्रतिमाओं को तैयार करने का सामान कोलकाता से लाते हैं। दुर्गा प्रतिमा का आकर्षण तभी बढ़ता है जब उसमें रंगों की जीवंतता, वस्त्र, जेवर, आभूषण सहित अन्य श्रृंगार सामग्री आदि को भव्यता के साथ प्रयोग किया जाता है। मूर्तिकार निमाई वैद्य ने बताया कि इस बार शारदीय नवरात्र में लखीमपुर, सीतापुर ,हरगांव, बिजुआ, गोला, पल्हनापुर, छोटेलालपुर, भैठिया, मूड़ा अस्सी, जलालपुर, पिपरावां, फत्तेपुर, चैरठिया, नकहा पिपरी, कुकुरा, दुबहा, सुनहरा भूड, सैदापुर, टेढ़ेनाथ, दलेल नगर, महेवागंज आदि जगहों पर पूजा पंडालों में सुशोभित करने के लिए मां दुर्गा की मूर्तियां तैयार की हैं।


मूर्तियों का रंग रोगन करते मूर्तिकार निमाई वैद्य। • अमृत विचार

- शारदीय नवरात्र को लेकर श्रद्धालुओं में छाया उत्साह

### मूर्तिकार बोले- प्रतिमा की सामग्री के दाम बढ़ गए

मूर्तिकार निमाई का कहना है कि भले ही इस बार प्रतिमा तैयार करने वाली सामग्री के दाम बढ़ गए हैं, लेकिन श्रद्धा के आगे काम की कमी नहीं आई है। बताया कि मां दुर्गा की कृपा से सभी कठिनाइयां दूर होंगी और नवरात्र का पर्व इस बार भी धूमधाम से मनाया जाएगा।

---

## भाइचारे और शांतिपूर्वक मनाएं त्योहार: एसडीएम

**मितौली, अमृत विचार:** थाना परिसर में एसडीएम मधुसूदन गुप्ता की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई, जिसमें सीओ जितेंद्र सिंह परिहार भी शामिल रहे। एसडीएम मधुसूदन गुप्ता ने कहा कि नवरात्र का आरंभ 22 से 30 सितंबर को होगा। दुर्गा महाष्टमी 30 सितंबर रामनवमी 1 अक्टूबर को होगी। सभी पर्व भाईचारे एवं शांति वातावरण में मनायें। सीओ जितेंद्र सिंह परिहार ने कहा अपने - अपने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखें। किसी प्रकार की अप्रिय घटना से बचे। पूजा जुलूसों में अश्लील वीडियो, गीतों का प्रयोग न हो और गहरे पानी में मूर्तियों का विसर्जन न करें। थाना प्रभारी रविन्द्र सोनकर ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील की। इस दौरान चौकी प्रभारी कस्ता के अलावा क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक, उलेमा, धर्मगुरु, व्यापारी, ग्राम प्रधान, बीडीसी आदि मौजूद रहे।

निधन/शवयात्रा



मेरी माता जी **श्रीमती लक्ष्मी सक्सेना** का स्वर्गवास आज दिनांक 19.09.25 को हो गया है। उनका **शवयात्रा** 20.09.25 प्रातः 9:00 बजे मेरे निवास स्थान **H -25, North City extension,** कुर्मांचल नगर के सामने से **संजय नगर शमशान भूमि** के लिए प्रस्थान करेगी।

शोकाकुल परिवार

गौतम सक्सेना - संगीता सक्सेना, विनय सक्सेना - मीनू सक्सेना, संजीव सक्सेना-मोनिका सक्सेना (पुत्र-पुत्रवधू), तरुणा सक्सेना - अशोक सक्सेना, तनुजा, सक्सेना-हमेश सक्सेना (बेटी-दामाद), इशिता-संकेत (पौत्री-पौत्री दामाद) आकांश-तान्या, (पौत्र -पौत्र बधू), स्पर्श, आयुष, साक्षी, खुशी (पौत्र -पौत्री)

- Digital computers, Bareilly
- Digital Informatics Pvt Ltd, Bareilly
- CAKE24 (Sai bakers india), Bareilly

Ph 9837890470,9458688333

## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व सैनिक सेवा परिषद का स्थापना दिवस समारोह कल

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद का चतुर्थ स्थापना दिवस समारोह 21 सितंबर रविवार को समारोह पूर्वक मनाया जाएगा। परिषद के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार मिश्रा एवं संरक्षक राजेश्वर सिंह ने बताया कि लखीमपुर रोड स्थित कुंभी ब्लॉक के सभागार में पूर्व सैनिक सेवा परिषद का वार्षिकोत्सव, चतुर्थ स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसके मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि एवं विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू होंगे।

### अखंड गायत्री और दीपयज्ञ आज

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज की अधिष्ठात्री गुरुमाता परम वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा की जयंती पर गायत्री परिवार प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के संयोजन में प्रदेश में दो दिवसीय प्रांतीय सेवा-साधना कार्यक्रम का विशेष आयोजन किया गया है, जिसके अंतर्गत पहले दिन 20 सितंबर को जिले भर में गायत्री परिवार की सभी शक्तिपीठों और साधना केंद्रों पर प्रात: 5 बजे से सायं 5 बजे तक अखंड गायत्री मंत्र जप का सामूहिक साधना अनुष्ठान चलेगा, जिसका समापन दीपयज्ञ के साथ होगा।

### नवविवाहिता ने खाया जहर, अस्पताल में मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** अज्ञात कारणों के चलते नव विवाहिता ने जहर खा लिया। उसकी हालत बिगड़ गई और अस्पताल में मौत हो गई। थाना खीरी क्षेत्र के गांव खानपुर गुरैला निवासी बालक ने अपनी 20 वर्षीय बेटी प्रियंका की शादी गांव मरखापुर निवासी देशराज के बेटे संजय के साथ पांच माह पहले की थी। मृतका के मामा आकाश ने बताया कि प्रियंका ने बुधवार की रात करीब दो बजे प्रियंका ने अज्ञात कारणों के चलते जहर खा लिया। घटना की जानकारी होने पर परिजन उसको जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। यहा पर इलाज के दौरान शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# प्रधानमंत्री ने 11 वर्ष के कार्यकाल में बिना भेदभाव विकास कराया : राजेश वर्मा

## प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में बोले सीतापुर से पूर्व सांसद राजेश वर्मा, देश के विकास पर की चर्चा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में मौजूद पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष और सीतापुर से पूर्व सांसद राजेश वर्मा व मंचासीन भाजपाई।

**अमृत विचार :** पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष और सीतापुर से पूर्व सांसद राजेश वर्मा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 11 वर्ष के कार्यकाल में भाजपा को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए देश में बिना किसी भेदभाव के विकास कराया है। इसके कारण आज भारत विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था है और पूरे विश्व में नरेंद्र मोदी के विकास रोल मॉडल की सराहना की जा रही है।

पूर्व सांसद भाजपा द्वारा चलाए जा रहे हैं सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शुक्रवार को जिला सहकारी बैंक सभागार में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी संविधान बचाओ का फर्जी राग अलापकर देश को गुमराह किया। अब वोट चोरी का फर्जी तानाबना बुन जनता को गुमराह करने का कार्य कर रहे हैं। हालांकि जनता सब कुछ जानती है, यही कारण है कि जनता की आस्था नरेंद्र मोदी में है। क्योंकि उसे लगता है कि इसका विकास पूरी ईमानदारी एवं लग्न के साथ केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि समाज को आईना दिखाने का कार्य प्रबुद्ध वर्ग ही करता है और यह वर्ग पूरी तरह भाजपा के साथ है। युवराज दत्त महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. डीएन मालपानी ने कहा कि देश को आईना दिखाने का कार्य केवल प्रबुद्ध वर्ग करता है, क्योंकि उसे सच्चाई का पूरा भाग एवं ज्ञान होता है। मोदी ने जो बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराए एवं भ्रष्टाचार मुक्त नीतियां बनाकर जनता को लाभ पहुंचाने का कार्य किया गया, उसकी प्रबुद्ध वर्ग पूरी तरह सराहना कर रहा है। सदर विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि पार्टी द्वारा निरंतर कार्य कार्यकर्ताओं को दिए जा रहे हैं, फिर भी भाजपा के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी पूरी मेहनत से कार्यक्रमों को सफल बनाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। श्रीनगर विधायक मंजू त्यागी ने कहा कि भाजपा ही महिलाओं का सम्मान करती है और संविधान के तहत महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का महत्वपूर्ण कार्य किया है।

**बिना भेदभाव सबको मिल रहा उचित लाभ**

अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि भाजपा की विकासपरक राजनीति है, जिससे बिना भेदभाव के सबको उसका उचित लाभ मिला है। सम्मेलन का संचालन जिला उपाध्यक्ष एवं प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन के संयोजक कुलभूषण सिंह ने किया। सम्मेलन को लखीमपुर ब्लॉक प्रमुख दिव्या सिंह, महामंत्री राम जी मौर्य, आशू मिश्रा, विनोद लोधी, विनोद वर्मा, विजय महेश्वरी, उमेश शुक्ला, जिला मीडिया प्रभारी रमेश चंद्र मिश्र, जिला मंत्री राम जी दीक्षित, अरनी खाना गन्ना समिति के अध्यक्ष अशोक अवस्थी, सभासद कुमुदेष शंकर शुक्ला आदि ने भी अपने विचार रखे।

# प्रदेश में पहला और दूसरा स्थान पाया

संवाददाता, औरंगाबाद

● दो किसानों ने राज्य स्तरीय गन्ना प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन


प्रभात कुमार सिंह, इकाई प्रमुख अजबापुर चीनी मिल

**अमृत विचार :** राज्य स्तरीय गन्ना प्रतियोगिता में अजबापुर चीनी मिल परिक्षेत्र के दो किसानों ने शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश में पहला और दूसरा स्थान प्राप्त किया। यह सफलता चीनी मिल के सुख-समृद्धि का संकल्प, अधिक उपज ही विकल्प नारे के तहत चलाए गए उपज बढ़ोत्तरी कार्यक्रम का प्रत्यक्ष परिणाम है।

फत्तेपुर जोन के गांव छत्तापुर निवासी प्रगतिशील किसान ज्योति प्रकाश सिंह ने 2509 क्विंटल प्रति हेक्टेयर उपज के साथ प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि ग्राम ओसरी निवासी संत कुमार वर्मा संजय ने 2442 क्विंटल प्रति हेक्टेयर उपज लेकर दूसरा स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि से क्षेत्र के गन्ना किसानों में हर्ष और उत्साह का माहौल है। डीसीएम श्रीराम ग्रुप के शुगर समूह के ईडी व सीईओ रोशन लाल टामक, अजबापुर यूनिट हेड प्रभात कुमार सिंह, गन्ना विभाग प्रमुख डॉ. एचके त्रिपाठी, रीजनल हेड रमेश चौधरी, जोनल हेड पंकज सिंह, अरविन्द सिंह और प्रगतिशील किसान नवाब कल्वे हसन ने दोनों किसानों को बधाई दी और उनकी उपलब्धि की सराहना की। ज्योति प्रकाश सिंह और संत कुमार वर्मा संजय ने बताया कि सफलता में मशीनीकरण, वैज्ञानिक पद्धति से गन्ना खेती, मिट्टी की जांच, ट्रेंच विधि से बुवाई, समय पर सिंचाई, खरपतवार नियंत्रण, जैविक खाद का प्रयोग और रोग-कीट प्रबंधन महत्वपूर्ण रहे। अजबापुर यूनिट प्रमुख प्रभात कुमार सिंह ने कहा कि चीनी मिल का उपज बढ़ोत्तरी कार्यक्रम गन्ना किसानों को प्रेरित करेगा। आने वाले समय में गन्ने की प्रगति और रकवा बढ़ेगा।

# कहानी व व्यंग्य का वाचन कर किया अभिभूत



गद्यकार सम्मेलन में कहानी का वाचन करतीं कहानीकार। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** सामाजिक साहित्यिक एवं नाट्य संस्था अनुरंजनी के तत्वावधान में हिंदी पखवाड़ा के तहत गद्यकार सम्मेलन का आयोजन किया। मुख्य अतिथि लखनऊ के प्रसिद्ध कहानीकार संजीव जायसवाल संजय मुख्य अतिथि रहे। इस दौरान कहानी व व्यंग्य का वाचन कर सभी को अभिभूत कर दिया गया।

गुरु प्रसाद भवन में आयोजित गद्यकार सम्मेलन का संचालन करते हुए लघु कथाकार सुरेश सौरभ ने अपने कथा संग्रह भीगते सावन से कहानी एक था ठठेरा का वाचन करते हुए खो रही स्थानीय लोक कला की चर्चा की। कहानीकारों को संस्था के अध्यक्ष महेश जायसवाल ने सभी कहानीकारों व व्यंग्यकारों का शाल ओढाकर सम्मानित किया। सत्य प्रकाश शिक्षक, कमलेश धुरंधर, श्याम किशोर आदि मौजूद रहे।

# प्रधान पुत्र की मौत हत्या का आरोप

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** थाना खमरिया क्षेत्र के गांव निवासी ग्राम प्रधान के 23 वर्षीय पुत्र की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसका शव थआना शारदानगर क्षेत्र में गांव सनवानी पुरवा के पास बरामद हुआ। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है।

थाना खमरिया क्षेत्र के गांव सुजावलपुर निवासी ग्राम प्रधान कंधईलाल का 23 वर्षीय पुत्र प्रदीप कुमार गुरूवार की दोपहर पड़ोस के रहने वाले एक युवक के साथ बाइक से टहलने गया था। आरोप है कि प्रधानी रंजिश के चलते गांव ही युवक बाइक से उनके बेटे को टहलने के बहाने लेकर गया। उसका शव देर शाम शारदानगर थाना क्षेत्र के गांव सनवानी पुरवा के पास संदिग्ध हालात में बरामद हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# अवैध स्कूलों पर 45 दिन बाद भी कार्रवाई नहीं

अमृत विचारः मझगईं


नौगवां कस्बे में टिनशेड के नीचे चल रहा बिना मान्यता स्कूल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शिक्षा विभाग की मिलीभगत से ग्रामीण इलाकों में अवैध स्कूल खुलेआम चल रहे हैं और बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ हो रहा है। विभाग ने 31 जुलाई को ऐसे स्कूलों को बंद करने व एक लाख रुपये जुर्माना लगाने का नोटिस जारी किया था। नोटिस में यह भी कहा गया था कि स्कूल न बंद करने पर दस हजार रुपये प्रतिदिन जुर्माना लगेगा, लेकिन करीब 45 दिन बीत जाने के बाद भी न तो स्कूल बंद हुए और न ही किसी पर ठोस कार्रवाई हुई।

नोटिस में पलिया, बिसेनपुरी, संपूर्णानगर, खजुरिया, महंगापुर, पटिहन, नौगवां, त्रिलोकपुर समेत कई ग्रामीण क्षेत्रों के फर्जी स्कूलों का नाम दर्ज है। इनमें शिवाजी शिक्षण संस्थान त्रिकौलिया, लॉर्ड कृष्णा स्कूल बाजारपुरवा त्रिलोकपुर, सतगुरु एकेडमी त्रिलोकपुर, एसबीएस शिक्षा निकेतन बिसेनपुरी, शारदा बाल विद्या मंदिर श्रीनगर, स्वामी दयानंद बाल विद्या मंदिर मझगई, नवयुग मोंटेसरी स्कूल बाजारपुरवा त्रिलोकपुर, डॉ. भीमराव अंबेडकर मांटेसरी स्कूल नौगवां, डायमंड पब्लिक स्कूल खान का सुभाष नगर, कैंब्रिज पब्लिक स्कूल निझौटा, कैमुना शिक्षण संस्थान विशेनपुरी, विष्णुदेव शिक्षण संस्थान बलुआ, फ्लोरेंस नाइटेंगल एकेडमी बिशनपुरी सहित कई नाम शामिल हैं।

● **शिक्षा विभाग की ढिलाई से अवैध स्कूलों पर नहीं लग पा रहा अंकुश**

स्थानीय अभिभावकों का आरोप है कि नोटिस को ठेंगा दिखाकर ये स्कूल टीन-छप्परों के नीचे बेधड़क चल रहे हैं। दो हफ्ते पहले नौगवां के फर्जी स्कूलों की जांच कर बंद करने की चेतावनी दी गई थी, मगर हालात जस के तस हैं। खंड शिक्षा अधिकारी रमन सिंह का कहना है कि नोटिस के बाद भी जो स्कूल बंद नहीं हुए हैं, उन पर जुर्माना लगाने की प्रक्रिया जारी है।

# समय से स्कूल नहीं पहुंचते शिक्षक

संवाददाता, सिंगाही निघासन


मनमदपुर प्राथमिक स्कूल के गेट पर पड़ा ताला व इंतजार में खड़े बच्चे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** विकासखंड के सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की समय पालन न करने की समस्या बच्चों के भविष्य पर गंभीर असर डाल रही है। तय समय सुबह 8 बजे से दो बजे तक का है, लेकिन कई स्कूलों में शिक्षक नियमित रूप से समय पर नहीं आते। छोटे-छोटे बच्चे स्कूल के गेट पर ही खड़े रह जाते हैं और कभी-कभी ताले बंद मिलने पर भटकते रहते हैं।

शुक्रवार सुबह 8:15 बजे तक प्राइमरी स्कूल मनमदपुर का मुख्य द्वार बंद पाया गया, जहां तैनात तीन शिक्षक अनुपस्थित थे। इसी तरह अन्य प्राइमरी और जूनियर स्कूलों में भी 8:20 बजे तक कोई शिक्षक या शिक्षामित्र मौजूद नहीं होते। बाहर खड़े बच्चों ने बताया कि मास्टर साहब रोज देर से आते हैं। तब तक हमें बाहर खड़े रहकर गेट खुलने का इंतजार करना पड़ता है। स्कूल परिसर में स्थापित आंगनबाड़ी केंद्र का ताला भी बंद मिला। सरकार बच्चों को मुफ्त ड्रेस, किताबें, मिड-डे मील जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है, लेकिन शिक्षकों की लापरवाही से ये प्रयास बेअसर साबित हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर शिक्षकों की ढिलाई बनी रही तो बच्चों का भविष्य अंधकार में डूब जाएगा। यही वजह है कि कई अभिभावक अब प्राइवेट स्कूलों का रुख कर रहे हैं। परिणामस्वरूप कई सरकारी स्कूलों में छात्र संख्या घट रही है और कुछ विद्यालय पहले ही बंद कर अन्य स्कूलों में विलय किए जा चुके हैं। खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेश यादव ने बताया कि सुबह शिक्षकों के देर से आने की सूचना मिली थी। संबंधित विद्यालय स्टाफ को नोटिस जारी की जा चुकी है और जवाब मिलने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

● **ताले बंद मिलने पर बच्चे स्कूल के गेट पर करते है इंतजार**

# दहेज के लिए जहर देकर हत्या, छह पर रिपोर्ट दर्ज

**मोहम्मदी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के सहजनिया गांव में दहेज के लोभियों ने शादी के महज दस माह बाद बहू की जान ले ली। भाई शेर सिंह ने बताया कि बहन ऐन्सी देवी की शादी करीब दस माह पहले गांव सहजनिया निवासी सनोज के साथ की गई थी। पति सनोज लगातार तीन लाख रुपये की अतिरिक्त मांग कर रहा था। आरोप है कि मांग पूरी न होने पर पति, सास, ननद, देवर और जेठानी ने ऐन्सी देवी को जहर देकर मार डाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। 48 घंटे बीत जाने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर मायके वालों ने हंगामाा किया। सीओ अरुण कुमार सिंह ने भरोसा दिलाया तब जाकर परिजनों ने अंतिम संस्कार किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# जर्जर भवन में बच्चों की पढ़ाई राम भरोसे


केन ग्रोवर्स इंटर कॉलेज जेबी गंज में छतों का हालत जर्जर।



केन ग्रोवर्स इंटर कॉलेज जेबी गंज। ● अमृत विचार

संवाददाता, पसगवां

**अमृत विचारः** जंगबहादुरगंज स्थित केन ग्रोवर्स इंटर कॉलेज के अधिकांश कक्षों की स्थिति दयनीय होने के कारण बरसात के मौसम में कक्षाएं चलाना भारी पड़ रहा है। मंगलवार को बरामदे में प्लास्टर टूट कर गिरने से असहज स्थिति उत्पन्न हो गई।

कॉलेज के भवन को लगभग 70 वर्ष हो चुके हैं। कॉलेज के पीछे वाले सभी कमरे खस्ताहाल में हैं। सामने के कमरों में प्लास्टर उखड़ रहा है। अधिकांश कमरे टपक रहे हैं। ऐसे में कक्षाएं चलाना भारी पड़ रहा है। लगातार बारिश में स्थिति और भी खराब हो जाती है। इस स्थिति सुधारने के लिए जिलाधिकारी के हस्तक्षेप से कॉलेज प्रबंध समिति न होने की स्थिति में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण तिवारी को बतौर कंट्रोलर नियुक्त किए गया और उनके अधीन एक समिति भी बना दी गई। लगभग एक वर्ष बीत जाने के बाद भी भवन जीर्णोद्धार कार्य का नतीजा ढाक के तीन पात है। मंगलवार को बरामदे में प्लास्टर उखड़ कर गिरने लगा। गनीमत रही कि नीचे बैठे शिक्षक शीघ्रता से हट गए अन्यथा चोटिल हो जाते। उधर, इस बाबत प्रधानाचार्य हरिश्चंद्र ने बताया कि समय समय पर वह उच्चाधिकारियों को कॉलेज भवन की स्थिति से अवगत कराते आ रहे हैं। फिलहाल कक्षों की दयनीय स्थिति और बरसात में टपकती छतों के नीचे शिक्षण कार्य भगवान भरोसे ही है। समय समय पर ब्लॉक और तहसील के अधिकारी भी कॉलेज आते रहते हैं।

● **केन ग्रोवर्स इंटर कॉलेज में बरसात में टपक रही छत**

# मधुकर शैदाई के नाम एक और राष्ट्रीय कीर्तिमान

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** नगर के गजलकार, शायर मधुकर शैदाई ने इण्डिया बुक ऑफ रिकॉर्डस के अन्तर्गत कृति सफर जारी है पर राष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित किया है। इसमें 80 तरही गजलें प्रकाशित हैं।


मधुकर शैदाई।

मधुकर शैदाई ने बताया कि यह देश का पहला गजल संग्रह है। अभी तक सिर्फ तरही गजलों की कोई किताब नहीं छपी है। इसलिए यह देश की पहली किताब है। इसे इण्डिया बुक ऑफ रिकॉर्डस के अंतर्गत राष्ट्रीय-कीर्तिमान का सम्मान प्राप्त हुआ है।

# गांव के पास बाघ का आतंक, बकरी को बनाया शिकार

**मझगई, अमृत विचारः** कस्बे के मजरा छब्बापुरवा में शुक्रवार शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई। जब खेतों के पास चर रही बकरियों पर अचानक बाघ ने हमला कर दिया। हमले में एक बकरी को मार डाला गया, जबकि चरवाहे किसी तरह जान बचाकर भाग निकले। घटना शुक्रवार शाम करीब पांच बजे की है। छब्बापुरवा निवासी ताहिर अपने साथियों के साथ घनश्याम के खेत में बकरियां चरा रहे थे। उसी दौरान खेत में झाड़ियों में छिपा बाघ अचानक बकरियों पर झपटा। चरवाहों ने शोर मचाते हुए भागकर किसी तरह अपनी जान बचाई। इस दौरान बाघ ने ताहिर की एक बकरी को खेत के अंदर खींचकर मार डाला। ग्रामीणों ने लाठी-डंडों के सहारे हिम्मत जुटाकर बाघ को काफी मशक्कत के बाद खेत से भगाया। घटना से पूरे इलाके में दहशत फैल गई है।

# शरदकालीन गन्ना बुवाई पर दिया जोर


बहारगंज की किसान गोष्ठी में बोलते चीनी मिल के अधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** बजाज चीनी क्षेत्र के गांव बहारगंज में किसान गोष्ठी का आयोजन कर शरदकालीन गन्ना बुबाई पर जोर देकर इससे होने वाले लाभ बताए गए।

पंचायत भवन में हुई किसान गोष्ठी में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर ने बताया कि सर्वे,सट्टा सुधार के लिए समिति गोला परिसर में 16 सितंबर से 25 सितंबर तक मेले का आयोजन किया गया है, जो कि सुधार का अन्तिम अवसर होगा।

इस मेले में नए सदस्य, उपज बढ़ोत्तरी की रसीद भी काटी जाएगी। साथ ही समिति व परिषद द्वारा चलायी जा रही गन्ना विकास सम्बन्धी योजनाओं जैसे फॉर्म मशीनरी बैंक, पंचामृत खेती, ड्रिप इरिगेशन के बारे में जानकारी दी। चीनी मिल के वरिष्ठ महाप्रबन्धक गन्ना पीएस चतुर्वेदी ने बताया कि चीनी मिल द्वारा सब्सिडी पर एग्री इनपुट एवं बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रबन्धक गन्ना सत्येन्द्र कुमार मिश्र ने खेत की गहरी जुताई कर लेजर लेवलर द्वारा खेत का समतलीकरण कराकर गन्ने में खाद एवं सन्तुलित उर्वरको में एक तिहाई नेत्रजन, फास्फोरस एवं पोटाश की पूरी मात्रा बुआई के समय प्रयोग करने की सलाह दी।

इस दौरान प्रगतिशील किसान ग्राम प्रधान यशवेन्द्र वर्मा, दुर्गा प्रसाद मिश्र, मोहम्मद असलम, कोमल प्रसाद, रामशरण आदि मौजूद रहे।

# सौहार्दपूर्ण मनाएं दुर्गा पूजा और दशहरा त्योहार

**धौरहरा, अमृत विचार :** दुर्गा पूजा और दशहरा त्योहार को लेकर कोतवाली परिसर में एक बैठक प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सौहार्द पूर्ण त्योहार मनाने के लिए अपील की गई।

धौरहरा कोतवाली परिसर में शुक्रवार शांम सात बजे दुर्गा पूजा और दसहरा को लेकर पीस कमेटी मीटिंग बुलाई गई। बैठक में प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे ने कहा दसहरा में अश्लील महिला नृत्य, किसी भी दशा में नहीं होगे। आयोजक तय करे केवल धार्मिक कार्यक्रम ही कराएं। साथ ही दुर्गा पूजा के बाद विसर्जन प्रसाशन द्वारा चयनित स्थान पर ही करें। सभी सौहार्द पूर्ण भाईचारे के साथ त्योहार मनाए। इस मौके पर रमाशंकर शुक्ला, सुदीप निगम, बृजेन्द्र जायसवाल, राजू शुक्ला, कमाल अहमद, जय मौर्या आदि मौजूद रहे।

# मशरूम उत्पादन का दिया प्रशिक्षण


जमुनाबाद कृषि विज्ञान केंद्र के प्रशिक्षण में मौजूद प्रशिक्षणार्थी। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार :** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के जमुनाबाद कैंपस स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में मशरूम उत्पादन विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। इसमें मशरूम उत्पादन से लाभ और मार्केटिंग की जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण संयोजक डॉ. मोहम्मद सुहेल ने बताया कि मशरूम का सेवन पाचन को मजबूत बनाता है, जिससे स्वास्थ्य अच्छा रहता है। उन्होंने मशरूम की ओएस्टर एवं बटन प्रजातियों के विषय में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मशरूम की बहुत प्रजातियां हैं, उसमें ओएस्टर और बटन दो प्रजातियां आसानी से उगाई जा सकती हैं। इसका उत्पादन कार्य मध्य सितंबर से शुरू होकर मध्य फरवरी तक सामान्य दशा में होता है। केंद्र के कृषि प्रसार वैज्ञानिक डॉ. जियालाल गुप्ता ने कहा कि उद्यमिता नैतिक गुणों पर आधारित काम होता है। इसमें अनुभवी उत्पादकों एवं विशेषज्ञों की सलाह लेने की जरूरत पड़ती है। केंद्र के पशुपालन वैज्ञानिक डॉ. एनके त्रिपाठी ने बताया कि मशरूम उत्पादन के बाद का कंपोस्ट उत्तम श्रेणी की जैविक खाद होती है, जिससे प्रयोग से खेत की उर्वरता एवं उत्पादकता में वृद्धि लाई जा सकती है।

● **उत्पादन से लाभ और मार्केटिंग की दी जानकारी**

## न्यूज ब्रीफ

### चार दिन से लापता युवक का नहीं चला पता

खुदागंज, अमृत विचार : कटरा थाना क्षेत्र के ग्राम ईश्वरा निवासी नकुल (20) पुत्र रमेश 16 सितंबर को अचानक लापता हो गया। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। नकुल के पिता रमेश ने बताया उनका बेटा कुछ समय से मानसिक रूप से बीमार था और उसका इलाज शाहजहांपुर से कराया जा रहा था। अचानक गायब हो जाने से परिवार और ग्रामीण तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं। घटना को चार दिन बीत जाने के बाद भी युवक का कोई पता नहीं चला।

### पीएम के फोटो से छेड़छाड़ करने पर रिपोर्ट

शाहजहांपुर, अमृत विचार : मिर्जापुर थाना क्षेत्र के गांव जरीनपुर निवासी पंकज गुप्ता ने बताया 15 सितंबर को उसके गांव के आशीष यादव उर्फ कल्लू ने फेसबुक आईडी से प्रधानमंत्री और व गृह मंत्री की फोटो व वीडियो के साथ छेड़छाड़ की है, जिससे राष्ट्रभक्तों व हिन्दू समुदाय के लोगों के भावनाओं को ठेस पहुंची है। आरोपी ने बुधवार को उसके नाम से भी एक पोस्ट की थी। उप निरीक्षक चंदपाल सिंह ने बताया कि आरोपी आशीष यादव के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### घर से लापता बहू की खोज कराने की मांग

पुवायां, अमृत विचार : मोहल्ला हरदयाल कूंचा निवासी मीना दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया 8 सितंबर को उनकी बहू मोहिनी मिश्रा पति की जमानत कराने की बात कहकर शाहजहांपुर कचहरी जाने के लिए निकली थी, जो वापस नहीं लौटी। महिला ने बताया कि मां के जाने के बाद उसके एक 10 साल का बेटा और 6 वर्ष की वृन्दा का बुरा हाल हो रहा है। महिला ने पुलिस से शिकायत करते हुए अपनी बहू की तलाश कराए जाने की मांग की है।

### मकान का छज्जा गिरा दो मजदूर घायल

तिलहर, अमृत विचार : राजनपुर गांव में शुक्रवार को मकान का छज्जा गिर गया और दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। बाबूराम और रामप्रसाद मकान पर काम कर रहे थे। स्थानीय लोगों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी।

# कांग्रेस कार्यालय में शुरू किया क्रमिक अनशन

## कांग्रेसियों ने भाजपा के दबाव में एफआईआर नहीं लिखने और गिरफ्तारी नहीं करने का लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- कांग्रेस कार्यालय में हुई तोड़फोड़ मामले में 19 दिन बाद भी पुलिस ने नहीं की कार्रवाई

**अमृत विचार :** कांग्रेस कार्यालय में भाजपा महिला सभा की कार्यकर्ताओं द्वारा की गई तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने 19 दिन बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की है। इससे आक्रोशित जिला कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार से कांग्रेस कार्यालय परिसर में अनिश्चितकालीन क्रमिक अनशन शुरू कर दिया है। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि भाजपा सरकार के दबाव में पुलिस महज आश्वासन देकर टालमटोल कर रही है।

1 सितंबर को भाजपा का झंडा और पटका डालकर बड़ी संख्या में महिलाएं भाजपा कार्यालय में पहुंच गईं थी और हंगामा करते हुए जमकर तोड़फोड़ की थी। कुर्सियां, मेज के साथ अन्य सामान भी तोड़फोड़ डाला था। इतना ही नहीं कार्यालय में लगे महापुरुषों डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम, पंडित नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री और बाबू जगजीवन राम के चित्र भी फाड़ दिए थे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं दो बार कलेक्ट्रेट का घेराव किया। डीएम-एसपी को मिलकर ज्ञापन भी सौंपे औ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की, लेकिन घटना के 19 दिन बीतने के बाद भी नतीजा वही ढाक के तीन पात रहा। कार्रवाई न होने से आक्रोशित कांग्रेसियों ने शुक्रवार से अनिश्चितकालीन क्रमिक अनशन शुरू किया है।

जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने कहा कि महापुरुषों का अपमान देश की आत्मा पर प्रहार है। सत्ता के दबाव में पुलिस दोषियों को बचा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक भाजपा महिला मोर्चा की उन कार्यकर्ताओं पर तत्काल एफआईआर दर्ज कर उन्हें जेल नहीं भेजा जाता, कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। यह सिर्फ कांग्रेस का नहीं, लोकतंत्र की रक्षा का सवाल है। 11 सदस्यीय क्रमिक अनशन दल में मोहन चंद्र उप्रेती, बलराम गुप्ता, रवि तिवारी, मंजू मिश्रा, लतीफ आजम, हरगोविंद वर्मा, तरुण शालू, कमलजीत सिंह, दिनेश जिंदल, दिनेश शर्मा और महेंद्र कुमार गौतम शामिल हैं। इसके अलावा स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में समर्थक पहुंचे। माहौल जोशीला और आक्रोशपूर्ण रहा। कांग्रेस प्रवक्ता रवि तिवारी ने कहा कि भाजपा सरकार में संविधान और लोकतंत्र की खुलेआम धज्जियां उड़ रही हैं। हमारी यह लड़ाई सिर्फ कांग्रेस की नहीं बल्कि हर उस नागरिक की है जो लोकतंत्र और महापुरुषों की गरिमा में विश्वास रखता है। जब तक दोषियों पर कठोर कार्रवाई नहीं होती, यह अनशन जारी रहेगा। कांग्रेस नेताओं ने संकेत दिया कि यदि पुलिस प्रशासन ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की तो पार्टी चरणबद्ध आंदोलन की ओर बढ़ेगी, जिसमें जिला मुख्यालय पर महापड़ाव, राज्यव्यापी विरोध और राजधानी तक पैदल मार्च शामिल हो सकता है। अनशन में कैप्टन मानिस अली नकवी, रियाज अहमद मोनू, वरुण चौधरी, प्रेम वर्मा, रामकुमार मिश्र, शिव सहाय सिंह, कोमल सिंह, चंद्रप्रभा अवस्थी, अब्दुल रहीम, रामजीवन राज एडवोकेट, अनूप सक्सेना एडवोकेट, अजय दरोगा, अकबर अली, राजीव अवस्थी एडवोकेट, अभिषेक स्वरूप, रवि सिंह, रईस अहमद उस्मानी समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसजन और समर्थक मौजूद रहे।



कांग्रेस कार्यालय परिसर में क्रमिक अनशन पर बैठे कांग्रेसी। ● अमृत विचार

### पहचानों... पहचानों के गूंजते रहे नारे

अनशन स्थल पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पहचानों- पहचानों, इन दंगाइयों को नहीं सहेंगे महापुरुषों का अपमान जैसे नारे भी लगाए। इसके साथ ही लगाई गईं होर्डिंग्स में भी तोड़फोड़ के दौरान वायरल हुए वीडियो में तोड़फोड़ करती महिलाओं की भी सामूहिक फोटो लगाई गई है।

# नीली बत्ती लगी बोलेरो से पहुंचे हथियारबंद हमलावर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- लहराईं तलवारें, कोचिंग संचालक के घर पर जमकर किया हंगामा दो लोग घायल
- चालक को पकड़ा, नायब तहसीलदार समेत कई के खिलाफ दी तहरीर

> कोचिंग संचालक ने तहरीर दी है, जिसमें नायब तहसीलदार सुनील कुमार को भी नामजद किया गया है। जांच कर कार्रवाई की जा रही है।
>
> -हेमंत राय, शहर कोतवाल

**अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रामनगर में शुक्रवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई। जब नीली बत्ती लगी सरकारी बोलेरो और एक बुलेट पर सवार हथियारबंद लोग कोचिंग संचालक के घर पर हमला करने पहुंच गए। आरोप है कि हमलावरों ने न केवल जमकर उत्पात मचाया, बल्कि तलवारें लहराते हुए फायरिंग भी की। घटना में दो लोग घायल हुए हैं। कोचिंग संचालक ने नायब तहसीलदार को नामजद करते हुए आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

कोचिंग संचालक दिलीप मिश्रा ने बताया कि उनकी कोचिंग में छात्राएं पढ़ने आती हैं। देवकली रोड निवासी अमन वर्मा, अंश वर्मा और विशाल इन छात्राओं का पीछा कर छींटाकशी कर रहे थे। शुक्रवार सुबह उन्होंने इस हरकत पर कड़ा विरोध जताया। दिलीप का आरोप है कि चेतावनी के बाद ये लोग लौट गए, लेकिन दोपहर करीब कुछ घंटों बाद फिर से हथियारों से लैस होकर आए। दिलीप मिश्रा ने आरोप लगाया कि इन लोगों में नायब तहसीलदार सुनील कुमार, नित्यानंद, अमन वर्मा, अंश वर्मा, विशाल, चालक मनीष पांडेय और समीर शामिल थे। सभी नीली बत्ती लगी सरकारी बोलेरो और एक बुलेट से उनके घर आए। दिलीप के अनुसार सभी हमलावर घर में घुस गए और परिवार को डराते-धमकाते हुए मारपीट करने लगे। शोर सुनकर मोहल्ले के बृजराज सिंह और प्रमोद मिश्रा बचाव के लिए पहुंचे तो हमलावरों ने तलवार से उन पर जानलेवा हमला कर दिया। इसमें बृजराज सिंह और प्रमोद मिश्रा घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि इस दौरान एक हमलावर ने फायर भी किया, जिससे मोहल्ले में दहशत फैल गई। घटना के बाद हमलावर सरकारी बोलेरो और बाइक छोड़कर फरार हो गए। मोहल्लेवासियों ने साहस दिखाते हुए बोलेरो के चालक मनीष पांडेय को दबोच लिया और सदर कोतवाली पुलिस को सौंप दिया। दिलीप मिश्रा ने सदर कोतवाली में दी तहरीर के साथ नायब तहसीलदार और अन्य नामजद आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह हमला उनकी जान लेने की नीयत से किया गया था। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर घायल बृजराज सिंह और प्रमोद मिश्रा को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपितों की तलाश में टीमें भेजी गई हैं।

### उदयपुर महेवा में जलभराव से लोग परेशान

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** शहर से सटे गोला रोड के उदयपुर महेवा गांव में जलभराव की समस्या से लोग परेशान हैं। इसको लेकर गांव के लोगों ने कई बार अधिकारियों से समस्या के समाधान की मांग की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

सुमित्रा मैरिज लॉन के पीछे की बस्ती रमन खंड के नाम से नई बस्ती बसी है। यहां मोहल्ले का मुख्य खड़ंजा मार्ग है। वह भी जर्जर हो चुका है। गड्ढे बन गए हैं। गड्ढों में बारिश का पानी और कीचड़ है। सड़क दलदल में बदल चुकी है। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि रोजाना सड़क से करीब पांच सौ से अधिक लोगों का आवागमन होता। हिंदू संगठन के लोग इस मुद्दे से बीडीओ सदर को अवगत कराया है। समस्या का निदान होने पर धरना की चेतावनी दी है।

# ट्रक की टक्कर से किशोरी की मौत

संवाददाता, भीरा

- दवा लेने आई थी भीरा, हाईवे पार करते वक्त हुआ सड़क हादसा

**अमृत विचार :** कस्बे में स्थित वन बीट अस्पताल में शुक्रवार की सुबह दवा लेने आई शाहजहांपुर के थाना पुवायां क्षेत्र की एक युवती को तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से टक्कर मार दी। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना पुवायां (शाहजहांपुर) के गांव मोहित निवासी सोनी गौतम पुत्री महेश अपने रिश्तेदार के साथ भीरा के लखीमपुर हाईवे स्थित वन बीट आंख अस्पताल में दवा लेने आई थी। सुबह करीब 10 बजे इलाज के बाद जब वह हाईवे पार कर रही थी। तभी लखीमपुर की ओर से आ रहे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सोनी की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं दुर्घटना में शामिल ट्रक को पुलिस ने पकड़ लिया है। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के समय मृतक किशोरी का रिश्तेदार अस्पताल में मौजूद था। परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी गई है। मौत की खबर मिलते ही उनमें कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिवार के लोग पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। शव देख उनमें चीख पुकार मच गई। प्रभारी निरीक्षक गोपाल नारायण सिंह ने बताया कि चालक को हिरासत में लेकर पुलिस ने ट्रक कब्जे में लिया है। अभी परिवार वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।



घटनास्थल पर लगी लोगों की भीड़ व मौजूद पुलिस। ● अमृत विचार

### बजरंग दल ने दो प्रेमी जोड़े पकड़े

**निघासन, अमृत विचार :** कस्बे के नानक नगर स्थित एक पूर्व प्रधान के पैलेस में शुक्रवार को दो प्रेमी जोड़ों को लेकर हंगामा मच गया। सूचना पर पहुंचे बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने पुलिस की मौजूदगी में जांच की। इस दौरान एक युवक और एक युवती मौके से भाग निकले, जबकि एक युवती को पुलिस ने घर भेज दिया और एक युवक को हिरासत में ले लिया।तहरीर न मिलने के कारण पुलिस ने पूछताछ के बाद युवक को भी छोड़ दिया। सात माह में इस तरह का यह चौथा मामला है। पैलेस मालिक का कहना है कि कुछ लोग जानबूझकर प्रतिष्ठान को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं इंस्पेक्टर महेश चंद्र ने स्पष्ट किया कि ऐसा कोई आपत्तिजनक मामला नहीं पाया गया। संदिग्ध होने के कारण युवक को केवल पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया था।

### ससुराल में दावत खाने गया युवक लापता

**बंडा, अमृत विचार :** पांच दिन पहले ससुराल में दावत खाने गया युवक घर नहीं लौटा जिस पर युवक के पिता ने बेटे की तलाश करवाने की मांग की है। बंडा के गांव बिहार रामनगर निवासी गुड्डू ने बताया उसके पुत्र चीनू की ससुराल बंडा के गांव नभीची में है। 14 सितंबर को उसका पुत्र ससुराल में श्राद्ध में शामिल होने गया और रात को वहीं रुक गया। अगले दिन जब वह वापस घर नहीं पहुंचा तो उसके पिता ने उसकी ससुराल में फोन कर जानकारी ली, लेकिन उन लोगों ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इसके बाद घटना के पांचवें दिन पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गुड्डू ने बताया उसका इकलौता पुत्र है जिसके बारे में जानकारी लेने पर ससुराल वाले ठीक-ठाक जवाब नहीं दे रहे हैं। आरोप है 15 सितंबर को उसके पुत्र चीनू ने उसे फोन कर कहा कि उसे यहां से लेकर जाओ नहीं तो ससुराल वाले उसे जान से मार देंगे। वहीं बंडा पुलिस ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

# मॉक ड्रिल में भूकंप व आग से निपटने की परखी तैयारी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- लखीमपुर मेडिकल कॉलेज व मितौली सीएचसी में हुई भूकंप रोधी मॉक ड्रिल

**अमृत विचार:** आपदा के समय त्वरित प्रतिक्रिया और विभागों के बीच तालमेल को परखने के उद्देश्य से शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज की नई बिल्डिंग में भूकंप और आगजनी जैसी आपदाओं से निपटने के लिए व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस मौके पर एसडीएम सदर अश्वनी कुमार सिंह, जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, पुलिस व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, फायर ब्रिगेड के कर्मचारी और कॉलेज प्रशासन के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

पूर्व निर्धारित समय पर जैसे ही सायरन बजा, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस, फायर ब्रिगेड और आपदा प्रबंधन दल के सदस्य तत्काल हरकत में आ गए। कॉलेज के विभिन्न ब्लॉकों में मौजूद कर्मचारियों और मरीजों की भूमिका निभा रहे प्रतिभागियों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने का अभ्यास कराया गया। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने रास्ता खाली कराया और भीड़ को नियंत्रित करने का अभ्यास किया, जबकि स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार प्रदान किया। ड्रिल के क्रम में प्रभावित लोगों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल से पुलिस लाइन स्थित अस्थायी अस्पताल में स्थानांतरित किया गया। वहां चिकित्सकों ने आपातकालीन परिस्थितियों में घायलों की देखभाल, त्वरित प्राथमिक उपचार और गंभीर रोगियों को रेफर करने की पूरी प्रक्रिया का प्रदर्शन किया। एंबुलेंस सेवाओं की गति और समन्वय को भी परखा गया। मॉक ड्रिल के दौरान आगजनी की नकली स्थिति भी तैयार की गई। फायर ब्रिगेड के जवानों ने हाइड्रेंट और आधुनिक उपकरणों का उपयोग कर आग पर काबू पाने का तरीका

मितौली। कस्बे के राजा लोने सिंह इंटर कॉलेज में बनाए गए कंट्रोल रूम को सुबह करीब 10 बजे सूचना मिली कि सीएचसी मितौली में भूकंप के कारण इमारत गिर गई है। सूचना मिलते ही फायर विभाग, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, आपदा मित्र, चिकित्सा विभाग और विकास विभाग की टीमें सायरन बजाते हुए तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू कर दिया। फायर विभाग और आपदा मित्रों ने मलबे में दबे लोगों को निकालने का काम किया। जेसीबी की मदद से मलबा हटाया गया और घायलों को राहत शिविर में भर्ती कराया गया। सीओ जितेन्द्र सिंह परिहार और एसओ रविंद्र सोनकर ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल को येलो टेप से सुरक्षित किया और भीड़ को हटाकर जनता को जागरूक किया। एसडीएम मधुसूदन गुप्ता ने बताया कि इस तरह की मॉक ड्रिल न केवल अधिकारियों की तैयारी का मूल्यांकन करती है, बल्कि आम जनता को भी आपदा के समय सतर्क रहने की सीख देती है। इस दौरान एडिशनल सीएमओ सत्य प्रकाश मिश्रा और प्रभारी तहसीलदार दिनेश सिंह भी सीएचसी पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण कर राहत और बचाव कार्यों की स्थिति का मूल्यांकन किया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. देवेंद्र सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने राहत शिविर में भर्ती मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस अभ्यास ने यह सुनिश्चित किया कि आपदा की वास्तविक स्थिति में सभी विभाग तुरंत और संगठित तरीके से प्रतिक्रिया कर सकें।



सीएचसी में निरीक्षण करते एसडीएम सीओ व अन्य। ● अमृत विचार



राहत कार्य के तहत मलबे से लोगों को बाहर निकालते राहत दल के कर्मी।

### लड़ रहे सांडों की टक्कर से मां और बेटे घायल

**मझगई, अमृत विचार:** गांव कोठिया निवासी पंकज अपनी मां को लेकर किसी काम से मझगई आए थे। घर लौटते समय थाने के पास आपस में लड़ रहे सांडों से उनकी बाइक टकरा गई। ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई और घायलों को सड़क किनारे बैठाकर पानी पिलाया। मां को हल्की चोट आई जबकि पंकज को गंभीर चोटें लगने पर कस्बे के एक प्राइवेट क्लिनिक में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कस्बे में लाखों रुपये खर्च कर गौशाला बनाई गई, फिर भी दर्जनों लावारिस गौवंश सड़कों और खेतों में घूम रहे हैं। ये न सिर्फ किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, बल्कि आए दिन हादसों को भी दावत दे रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान और जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
7906732664, 8445507002

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अरूण शर्मा को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नही होगा। **सुम्मेर लाल पुत्र ज्वाला प्रसाद निवासी ग्राम बकैनिया ता. महद तहसील बीसलपुर थाना गजरौला जिला पीलीभीत।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट सं. एन 3246642 में नाम तसलीम राजा खान (Tasaleem Raja Khan) पुत्र श्री नवाव दूल्हा खान (Navav Doolha Khan) दर्ज है जोकि गलत है जबकि मेरा वास्तविक सही नाम तसलीम रज़ा खान (Tasleem Raza Khan) पुत्र श्री नवाव दूल्हा खान (Navav Doolha Khan) है। आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में भी यही नाम दर्ज है। **तसलीम रज़ा खान पुत्र श्री नवाव दूल्हा खान निवासी 110, स्वाले नगर, जागृति नगर बस्ती, थाना किला, रामपुर रोड, जिला बरेली।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी पत्नी सावित्री, पौत्रवधू लक्ष्मी पत्नी नरेश, नाती जोगेन्द्र पुत्र राजाराम व पौत्रवधू देवकी पत्नी जोगेन्द्र को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए यह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **जयलाल पुत्र चोखे लाल नि.ग्राम रूपपुर मजरा जोगी ठेर पर. तह. व जिला बरेली।**

**Indian's Academy**
Nigohi Shahjahanpur
**REQUIRED**
**Female Teachers**
**NC to VIII**
Fluent in English
Conveyance Available
Salary 6000 to 10000
Interview School Working days
send your resume
9628425505

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।


# शिक्षक-शिक्षिकाओं को दिया प्रशिक्षण




बांकेगंज बीआरसी पर प्रशिक्षण समापन पर मौजूद शिक्षक एवं प्रशिक्षक। ● अमृत विचार

संवाददाता, बांकेगंज

**अमृत विचार:** ब्लाक संसाधन केंद्र बांकेगंज में खंड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार की देखरेख में एफएलएन प्रशिक्षण के पांचवे बैच का समापन शुक्रवार को हो गया। 50-50 के दो बैच में शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशिक्षण दिया गया। ब्लाक क्षेत्र के शिक्षकों को कुल छह बैच में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

ब्लाक संसाधन केंद्र बांकेगंज में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बुनियादी भाषा एवं संख्या ज्ञान तथा एनसीआरटी पाठ्य पुस्तकों पर आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण के पांचवे बैच के समापन में दो कक्ष में 50-50 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। पांच दिवसीय प्रशिक्षण के अंतर्गत सुगमकर्ता एआरपी राहुल मौर्य, अभिनव बाजपेई, सत्यानंद स्नेही, हेमंतपाल सिंह यादव, गौरव शुक्ला द्वारा एनसीआरटी द्वारा विकसित पाठय पुस्तक वीणा एक कक्षा 3, गणित मेला, संतूर में समाहित पाठों पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त संशोधित निपुण लक्ष्य, आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका का प्रयोग, ट्रैकर भरना, गणित के अंतर्गत जोड़, घटाव, गुणा, भाग की अवधारणा पर चर्चा, भाषा, गणित सीखने की स्किल, फोर ब्लॉक मॉड्यूल, जीआरआर मॉड्यूल पर विस्तृत चर्चा की गई। बच्चों में रुचि उत्पन्न करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का कक्षा में प्रयोग करना बताया गया। प्रशिक्षण में तकनीकी सहायक पंकज सिंह द्वारा कार्य किया गया।

### बाइक चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** फरधान थाना पुलिस ने बाइक चोरी की घटना का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी की बाइक और एक अन्य बाइक का ढांचा बरामद कर चालान भेजा है।

एसपी संकल्प शर्मा ने बताया कि थाना फरधान पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान सैदापुर भाऊ निवासी सुरेश कुमार शुक्ला और समीर उर्फ जग्गा को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से 2 अगस्त को चोरी हुई बाइक बरामद की गई। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि यह बाइक उन्होंने करीब एक माह पहले अपने ही गांव से चुराई थी। साथ ही लगभग 18 माह पहले रुकन्दीपुर से भी एक बाइक चोरी करने की बात कबूल की। उस बाइक का ढांचा सुरेश के घर से बरामद हुआ, जबकि उसके पुर्जे बेचकर दोनों ने रकम आपस में बांट ली थी।

# सामूहिक हड़ताल पर रहे अधिवक्ता

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- तय समय सीमा में दाखिल खारिज आदेश पारित न होने से वकीलों में नाराजगी

**अमृत विचार:** तय समय सीमा में दाखिल खारिज आदेश पारित न होने से तहसील के वकीलों ने दूसरे दिन भी अधिकारियों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए सामूहिक हड़ताल जारी रखी।

तहसील के अधिवक्ताओं ने तय समय सीमा के अंदर दाखिल खारिज आदेश पारित न होने के चलते गुरुवार से सामूहिक हड़ताल का ऐलान किया और शुक्रवार को दूसरे दिन भी अधिकारियों की कार्यशैली को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए अपनी हड़ताल जारी रखी। सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष केके शुक्ल की अध्यक्षता में संघ के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं ने अधिकारियों की कार्यशैली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि शासनादेश के मुताबिक अविवादित पत्रावलियों में समय सीमा के अंदर नामांतरण आदेश अधिकारियों द्वारा पारित नहीं किए जा रहे। उन्होंने कहा कि जब तक दाखिल खारिज पारित नहीं किए जाते तब तक अधिवक्ता सामूहिक हड़ताल पर ही रहेंगे। एसडीएम युगांतर त्रिपाठी ने बताया कि प्रशासनिक कार्यों, मॉक ड्रिल आदि में व्यस्तता के चलते बार संघ के पदाधिकारियों से वार्ता नहीं हो पाई है। शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस के बाद अधिवक्ताओं के साथ बैठकर वार्ता की जाएगी और हल निकाला जाएगा। सामूहिक हड़ताल में बार संघ महामंत्री अनूप वर्मा, अरुण दीक्षित, नीरज मिश्रा, नागेंद्र सिंह, नरेश सिंह तोमर, लालबिहारी वर्मा, राकेश त्रिपाठी, नरेंद्र शुक्ला, आदर्श वर्मा, हरिनाम पांडे आदि वकील मौजूद रहे।



गोला तहसील में हुंकार भरते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### 33,800 अभ्यर्थियों की मेरिट सूची जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी नीट यूजी 2025 की दूसरी काउंसिलिंग में रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय ने पंजीकरण कराने वाले 33,800 अभ्यर्थियों की मेरिट सूची जारी कर दी है, साथ ही प्रदेश के सभी सरकारी व निजी मेडिकल कॉलेज व डेंटल कॉलेजों में सीट का ब्यौरा भी वेबसाइट पर जारी कर दिया। मेरिट सूची में अभ्यर्थियों को कल से रिक्त सीटों को ध्यान में रखकर दाखिले के लिए कॉलेजों की प्राथमिकताएं देनी होंगी। नीट पीजी 2024-25 की स्ट्रे वैकेंसी राउंड एवं स्पेशल स्ट्रे वैकेंसी राउंड की काउंसिलिंग में एमडी-एमएस की सीट पाने के बाद, दाखिला न लेने वाले 148 अभ्यर्थियों को इस बार काउंसिलिंग 2025-26 में प्रतिबन्धित कर दिया गया है। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय द्वारा काउंसिलिंग में प्रतिबन्धित किए गए अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी है।

### निष्पक्ष चुनाव हो तो हारेगी भाजपा : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि चुनाव निष्पक्षता और ईमानदारी से हो तो भाजपा का कोई प्रत्याशी प्रदेश में नहीं जीत सकता है। इसलिए पारदर्शी चुनाव और भाजपा को हराने के लिए लगातार काम करना होगा। सपा प्रमुख शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव के सम्बंध में पार्टी पदाधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने लोकतंत्र को कमजोर किया है। भाजपा और अधिकारियों में सांठगांठ हैं। इस सरकार ने शिक्षा का व्यवसायीकरण कर दिया है। पूरी शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। भाजपा गरीबों को शिक्षा से दूर करना चाहती है। फीस महंगी कर दी है। शिक्षा विभाग और शिक्षण संस्थानों में अध्यापकों की कमी से शिक्षा-व्यवस्था कमजोर हो गयी है।

### विजय का आधार बनेगा त्रिशक्ति फार्मूला : धर्मपाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि त्रिशक्ति फार्मूले से सशक्त शक्ति केन्द्र, मजबूत बूथ और प्रभावी मंडल भाजपा की निश्चित विजय का आधार बनेंगे। उन्होंने कहा कि विपक्ष के झूठ-फरेब को भाजपा कार्यकर्ता त्रिशक्ति फार्मूले से ध्वस्त करें। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव, स्नातक व शिक्षक एमएलसी चुनाव के साथ ही विधानसभा चुनाव की तैयारी के लिए शक्ति केन्द्र की मजबूत संरचना तैयार करना है। धर्मपाल सिंह इटावा तथा औरैया में शक्ति केन्द्र संयोजक, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारियों की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इसके साथ ही उन्होंने अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। पार्टी के पूर्व एवं वर्तमान जनप्रतिनिधि, पूर्व जिलाध्यक्ष, अभियान के संयोजक तथा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ भी बैठक में चर्चा की।

### संडे ऑन साइकिल का आयोजन कल

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया अभियान को गति प्रदान करने के लिए उप्र. पर्यटन विभाग 'संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम शुरू करेगा। राजधानी में गोमतीनगर स्थित पर्यटन भवन से 21 सितंबर (रविवार) 2025 को प्रातः 6.30 बजे इसकी शुरुआत होगी। इस कार्यक्रम से फिटनेस को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ सक्रिय जीवनशैली, पर्यावरण संरक्षण और राज्य के पर्यटन स्थलों के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शुक्रवार को दी।

# त्योहारों पर अपनाएं स्वदेशी उत्पाद, ताकि आतंक फैलाने वालों के पास न पहुंचे पैसा

## मथुरा में पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति महोत्सव के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री योगी ने की जनता से अपील

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/मथुरा

- कहा- पं. दीन दयाल उपाध्याय के मंत्र में असंभव को संभव बनाने की शक्ति

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपील की है कि आने वाले त्योहारों में हर नागरिक केवल स्वदेशी उत्पादों का ही उपहार दे। उन्होंने कहा कि विदेशी सामानों से बचकर हमें अपने स्थानीय उत्पादों को खरीदना चाहिए, ताकि पैसा हमारे कारीगरों और किसानों तक पहुंचे, न कि आतंकवाद और नक्सलवाद फैलाने वाली ताकतों के पास। उन्होंने कहा कि स्वदेशी है तो स्वावलंबन है, स्वावलंबन हैं तो स्वाधीनता बनी हुई है और स्वाधीनता है तो हमें सशक्त होने से कोई रोक नहीं सकता। यही पंडित दीन दयाल का मंत्र है।

मथुरा में शुक्रवार को अन्त्योदय के प्रणेता और एकात्म मानव दर्शन के प्रखर वक्ता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की स्मृति में आयोजित चार दिवसीय स्मृति महोत्सव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पंडित जी का सपना आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में साकार हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित उपाध्याय जी ने 1950 के दशक में भारत के राजनीतिक नेतृत्व को जो दृष्टि दी थी, वही आज वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी के रूप में मूर्तरूप ले चुकी है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में असंभव को संभव बनाया गया है, चाहे कश्मीर से धारा 370 हटाना हो, अयोध्या में भव्य राममंदिर का निर्माण हो या 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराना हो। सीएम ने कहा कि जो कभी असंभव लगता था, वही आज देश की ताकत बन चुका है। यही पंडित जी के मंत्र का प्रभाव है कि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और जल्द ही तीसरे स्थान पर पहुंचेगा।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, प्रदेश सरकार में मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण सिंह, जयवीर सिंह, मधुसूदन, सोहनलाल, मनीष अग्रवाल, नरेन्द्र पाठक, सविता, राज्य महिला आयोग अध्यक्ष बबीता चौहान सहित बड़ी संख्या में जनता उपस्थित रही।



मथुरा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की स्मृति में आयोजित चार दिवसीय स्मृति महोत्सव में लोगों को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी।

### पिछली सरकारों से जुड़ा था 'असंभव' शब्द

योगी ने कांग्रेस और सपा पर हमला बोलते हुए कहा कि पिछली सरकारों में भारत को ताकतवर बनाने की दिशा में 'असंभव' शब्द जुड़ा था। यूपी की स्थिति इतनी बिगड़ गई थी कि आजादी के समय जीडीपी में 14 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाला राज्य 2017 तक देश की आठवीं अर्थव्यवस्था बनकर रह गया। लेकिन डबल इंजन सरकार ने यूपी को फिर से देश की नंबर दो की अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प पूरा किया है।

# मरम्मत का काम वहां भी हो, जहां बिल नहीं दे रहे उपभोक्ता : एके शर्मा

## ऊर्जा मंत्री ने समीक्षा बैठक में कहा- बिजली चोरी रोकने के नाम पर न हो उत्पीड़न

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि विजिलेंस एक्शन के दौरान गरीब एवं छोटे उपभोक्ताओं को बिल्कुल भी परेशान न किया जाए। विद्युत चोरी रोकने के नाम पर किसी का भी उत्पीड़न न किया जाए। ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हाई लॉस एरिया में भी ट्रांसफार्मर समय पर बदले जाएं। उन्होंने कहा कि बिल चुकाने वाले उपभोक्ताओं को किसी भी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए समयबद्ध तरीके से मरम्मत और बदलने की कार्रवाई की जाए। ऊर्जा मंत्री ने स्पष्ट तौर पर कहा कि जहां पर 90 प्रतिशत उपभोक्ता विद्युत बिल नहीं दे रहे हैं, वहां पर भी मरम्मत एवं ट्रांसफार्मर बदलने का काम ससमय सुनिश्चित हो ताकि बिल देने वाले 10 प्रतिशत उपभोक्ताओं को दिक्कत का सामना न करना पड़े।


लखनऊ में बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते ऊर्जा मंत्री एके शर्मा।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि विजिलेंस टीम अपनी मर्जी से छापेमारी रोकने के प्रभावी उपाय करे। विद्युत चोरी रोकने को सबसे पहले उन फीडरों पर कार्रवाई हो, जहां 50 प्रतिशत से अधिक बिजली चोरी हो रही है। ऐसे फीडरों पर स्मार्ट मीटर लगाना प्राथमिकता में रखा जाए। ऊर्जा मंत्री ने शक्ति भवन स्थित सभागार में शुक्रवार को विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान ऊर्जा मंत्री ने 50 प्रतिशत से अधिक नुकसान वाले फीडरों पर प्राथमिकता से स्मार्ट मीटर लगाने, बिजली चोरी रोकने, विजिलेंस की कार्यवाही को प्रभावी बनाने, पुराने कुशल संविदाकर्मियों को निकालकर उनकी जगह अकुशल लोगों को रखने की जांच कराने और आगामी त्योहारी सीजन में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश दिए।

### कार्रवाई वहीं हो, जहां नुकसान ज्यादा

बैठक के दौरान एके शर्मा ने कहा कि विजिलेंस एक्टिविटी को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने दो टूक कहा कि विजिलेंस की कार्रवाई केवल उन्हीं फीडरों पर होनी चाहिए, जहां नुकसान ज्यादा है। विजिलेंस टीमें अपनी मर्जी से कहीं भी छापेमारी न करें। उन्होंने अधिकारियों को यह भी हिदायत दी कि जहां विद्युत चोरी अधिक है, वहां कार्रवाई अवश्य की जाए परंतु कार्रवाई करते समय पारदर्शिता और जवाबदेही का पालन अवश्य किया जाए।

# विधान परिषद चुनाव के लिए मतदाता सूची का पुनरीक्षण 30 से

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अगले साल 11 सदस्यों का कार्यकाल होगा समाप्त

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश विधान परिषद के 11 सदस्यों का कार्यकाल 6 दिसंबर 2026 को समाप्त हो रहा है। इनमें से पांच स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों, जबकि छह शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के सदस्य हैं। रिक्त होने जा रही सीटों पर चुनाव के लिए मतदाता सूची का पुनरीक्षण 30 सितंबर से शुरू हो जाएगा। इस क्रम में निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 30 दिसंबर को किया जाएगा।

परिषद में स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की रिक्त हो रहीं 5 सीटों में लखनऊ, वाराणसी, आगरा, मेरठ एवं इलाहाबाद-झांसी शामिल हैं। वहीं, शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की जो 6 सीटें रिक्त हो रही हैं, उसमें लखनऊ, वाराणसी, आगरा, मेरठ, बरेली-मुरादाबाद एवं गोरखपुर-फैजाबाद हैं।

**स्नातक निर्वाचन क्षेत्र :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में लखनऊ स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का विस्तार लखनऊ, हरदोई, खीरी, सीतापुर, बाराबंकी, रायबरेली एवं प्रतापगढ़ जनपद तक। वाराणसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का विस्तार बलिया, गाजीपुर, जौनपुर, वाराणसी, चंदौली, भदोही, मिर्जापुर एवं सोनभद्र जनपद तक। आगरा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का विस्तार आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, अलीगढ़, हाथरस, एटा, मैनपुरी, इटावा, कन्नौज, औरैया, फर्रुखाबाद एवं कासगंज जनपद तक। मेरठ स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का विस्तार बुलंदशहर, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, मेरठ, बागपत, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, शामली एवं हापुड़ जनपद तक। इलाहाबाद झांसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का विस्तार प्रयागराज, कौशांबी, फतेहपुर, बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा, जालौन, झांसी एवं ललितपुर जनपद तक होगा।

**शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र :** शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में लखनऊ शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का विस्तार लखनऊ, हरदोई, खीरी, सीतापुर, बाराबंकी, रायबरेली एवं प्रतापगढ़ तक। वाराणसी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का विस्तार बलिया, गाजीपुर, जौनपुर, वाराणसी, चंदौली, भदोही, मिर्जापुर, एवं सोनभद्र तक। आगरा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का विस्तार आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, अलीगढ़, हाथरस, एटा, मैनपुरी, इटावा, कन्नौज, औरैया, फर्रुखाबाद एवं कासगंज तक। मेरठ शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का विस्तार बुलंदशहर, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, मेरठ, बागपत, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, शामली एवं हापुड़ तक। बरेली-मुरादाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का विस्तार बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, बिजनौर एवं संभल जनपद तक। गोरखपुर-फैजाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का विस्तार बहराइच, श्रावस्ती, गोंडा, बलरामपुर, बस्ती, सिद्धार्थनगर, संतकबीरनगर, गोरखपुर, महाराजगंज, देवरिया, कुशीनगर, आजमगढ़, मऊ, सुल्तानपुर, अयोध्या, अमेठी एवं अंबेडकर नगर शामिल हैं।

# भारत-रूस में आर्थिक संबंध होंगे मजबूत

## युवाओं को इनोवेटिव बिजनेस आइडियाज से आकर्षित करेगा यूपीआईटीएस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र. फिर एक बार अंतरराष्ट्रीय निवेश और साझेदारी को अपना मंच देने जा रहा है। इसी कड़ी में रूस-इंडिया बिजनेस डायलॉग का आयोजन 26 सितंबर को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के दौरान इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट, ग्रेटर नोएडा में किया जाएगा। खास बात यह है कि इस वर्ष रूस पार्टनर कंट्री के रूप में शामिल हो रहा है, जिससे उत्तर प्रदेश और भारत को नए व्यापारिक अवसरों की बड़ी सौगात मिलेगी।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत और रूस के बीच व्यापारिक और आर्थिक सहयोग को नई ऊंचाई पर ले जाना, तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देना और संयुक्त उपक्रमों को प्रोत्साहित करना है। बैंकिंग एवं निवेश, बीमा, शिक्षा और सामान्य व्यापार जैसे क्षेत्रों पर विशेष चर्चा होगी। इससे दोनों देशों के बीच न केवल आर्थिक संबंध मजबूत होंगे, बल्कि प्रदेश के उद्योग और कारोबारी भी लाभान्वित होंगे। संवाद में तकनीकी हस्तांतरण, क्षमता निर्माण और नए निवेश मॉडल पर भी विचार किया जाएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि रूस और भारत की साझेदारी शिक्षा, बीमा और निवेश क्षेत्रों में नई संभावनाओं को जन्म देगी। साथ ही, उत्तर प्रदेश में चल रही औद्योगिक नीतियों और मेगा प्रोजेक्ट्स में रूस की कंपनियों की भागीदारी से रोजगार और विकास के अवसर और बढ़ेंगे।




- 26 को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के दौरान इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट का होगा आयोजन
- 27 को सीएम युवा और 27 शैक्षिक संस्थानों के बीच होगा एमओयू हस्तांतरण
- गलगोटिया, जीएल बजाज, शारदा, एमिटी सहित प्रमुख यूनिवर्सिटी जुड़ेंगी योजना से

### हुनर और उत्पादों को मिलेगा वैश्विक मंच

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट सभागार पहुंच कर निर्देश दिए कि आगामी यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में प्रदेश के प्रत्येक जिले की सक्रिय और प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक जिले के वन डिस्टिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) से जुड़े उत्पादों के लिए विशेष स्टॉल स्थापित किए जाएंगे, ताकि स्थानीय हस्तशिल्प, खाद्य, हस्तकला और उद्योग संबंधी उत्पादों को वैश्विक खरीदारों और निवेशकों के सामने प्रदर्शित किया जा सके। उन्होंने कहा कि यह केवल प्रदर्शनी नहीं होगी, बल्कि यूपी की विविधता, सांस्कृतिक विरासत और व्यावसायिक प्रतिभा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने का महत्वपूर्ण अवसर होगी।

### खादी वस्त्रों में मॉडल करेंगे कैटवॉक

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के अंतर्गत आयोजित होने वाले फैशन शो में देशभर की फिल्म सिटी से जुड़े विशेषज्ञों को भी शामिल किया जाए। फैशन शो में खादी और ग्रामोद्योग के उत्पादों को पेश करने के लिए विशेष कैटवॉक और प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी, जिससे इन उत्पादों की गुणवत्ता और सौंदर्य का प्रभाव वैश्विक स्तर पर दिखाया जा सके।

# फोरेंसिक विशेषज्ञ पोस्टमार्टम ड्यूटी से बाहर, उठे सवाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- चिकित्सकों में रोष, सीएमओ पर लगाए आरोप

**अमृत विचार :** पोस्टमार्टम के लिए नई गाइडलाइन में 60 साल आयु तक के सभी डॉक्टरों की ड्यूटी तो लगा दी गयी है, मगर फोरेंसिक विशेषज्ञों को पोस्टमार्टम ड्यूटी से बाहर रखने का मामला बड़ा विवाद बनता जा रहा है। प्रांतीय चिकित्सा सेवा संवर्ग (पीएमएस) के चिकित्सक, जिन्हें हर माह पोस्टमार्टम का बोझ उठाना पड़ रहा है, विरोध जता रहे हैं। राजधानी समेत कई जिलों में चिकित्सकों ने इस व्यवस्था पर सवाल खड़े किये हैं।

जून 2025 में जारी गाइडलाइन में भले ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) व अपर मुख्य चिकित्साधिकारी को छोड़कर 60 साल आयु तक के डॉक्टरों से पोस्टमार्टम कराने की अनिवार्यता रखी गयी है, मगर जिला स्तर पर पूरा अनुपालन नहीं हो रहा है। क्रमानुसार पोस्टमार्टम में ड्यूटी करने के लिए जिलों में मौजूद डॉक्टरों की कॉमन सूची नहीं तैयार की गयी है। सीएमओ का तर्क है कि व्यवस्थातंर्गत ग्रामीण क्षेत्र के डॉक्टरों को पोस्टमार्टम में नहीं बुलाया जाता है, क्योंकि ग्रामीण क्षेत्र के अस्पताल प्रभावित होते हैं। साथ ही केजीएमयू में फोरेंसिक विभाग के अध्यक्ष प्रो. अनूप वर्मा का कहना है कि 2015 तक लावारिस शवों का पोस्टमार्टम हमारे यहां के चिकित्सकों द्वारा किया जाता था, उसके बाद सीएमओ द्वारा रोक लगा दी गयी थी। उन्होंने बताया कि 2015 के शासनादेश के अनुसार, व्यवस्था लागू करने के लिए चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक एवं स्वास्थ्य महानिदेशक स्तर पर, संयुक्त योजना बनाकर अमल कराना चाहिए, ताकि जिन जिलों में फोरेंसिक शिक्षक हैं, वहां पर पोस्टमार्टम करने का मौका फोरेंसिक एक्सपर्ट को मिल सके, क्योंकि विभाग में पोस्टमार्टम भी विषय है।

### चिकित्सकों पर दोहरी जिम्मेदारी

पीएमएस संवर्ग के कई चिकित्सकों का कहना है कि पहले से ही अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों का बोझ संभालना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में लगातार हर माह पोस्टमार्टम ड्यूटी करने से उन पर दोहरी जिम्मेदारी आ गई है। एक चिकित्सक ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि फोरेंसिक विशेषज्ञ, जो इस क्षेत्र के विशेषज्ञ हैं, उन्हें पूरी तरह अलग कर दिया गया है।

### न्यायालय जाने की चेतावनी

बीते दिनों बागपत जिले में पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई है, जिसके बाद पीएमएस चिकित्सकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही शासनादेश की समीक्षा नहीं की गई और फोरेंसिक विशेषज्ञों को पोस्टमार्टम ड्यूटी में शामिल नहीं किया गया तो न्यायालय की शरण लेंगे।

### बुलंदशहर की डीएम ने शिवपाल से मांगी माफी



**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव की शिकायत के बाद बुलंदशहर की जिलाधिकारी (डीएम) श्रुति सिंह को बैकफुट पर आना पड़ा और सार्वजनिक तौर पर माफी मांगनी पड़ी। जानकारी के अनुसार, सपा के वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव ने किसी मामले को लेकर बुलंदशहर की डीएम श्रुति सिंह से संपर्क करने की कोशिश की। उन्होंने जिलाधिकारी को लगभग 20 से 25 बार कॉल किए, लेकिन कॉल रिसीव न होने पर नाराज होकर सीधे विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से इसकी शिकायत दर्ज कर दी। शिकायत पर विधानसभा अध्यक्ष ने बुलंदशहर की डीएम को नोटिस जारी किया। इसके बाद शिवपाल सिंह से फोन पर माफी मांग ली।

### पीडीए में 'पी' का मतलब पिछड़ा या पंडित



**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा के पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) गठबंधन को लेकर पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी पर करारा वार किया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि पीडीए में 'पी' का मतलब पिछड़ा है या पंडित। मौर्य के इस बयान को सपा नेतृत्व पर सीधा निशाना माना जा रहा है। एक कार्यक्रम के दौरान मऊ जिले में शुक्रवार को स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव खुद यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि 'पी' का मतलब पिछड़ा है या पंडित, 'डी' का मतलब दलित है या डिंपल यादव और 'ए' का अर्थ अल्पसंख्यक है या आधी आबादी। दूसरी तरफ उन्होंने बसपा को लेकर नरमी बरती है, जिससे राजनीतिक घर वापसी के कयास लगाये जा रहे हैं।

# रामभद्राचार्य के खिलाफ अपमानजनक वीडियो तत्काल रोके जाएं : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, लखनऊ

- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को आदेश, दोषियों पर करें कार्रवाई

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने चित्रकूट के जगतगुरु स्वामी रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय के कुलपति स्वामी राम भद्राचार्य के खिलाफ एक यूट्यूब चैनल और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर चल रहे कथित आपत्तिजनक वीडियो को तत्काल रोकने का आदेश फेसबुक, इंस्टाग्राम, गूगल और यूट्यूब के शिकायत निवारण अधिकारियों को दिया है। साथ ही इन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को नोटिस जारी करने का भी आदेश दिया है। कोर्ट ने दिव्यांगों के लिए कार्य करने वाले स्टेट कमिश्नर को भी सोशल मीडिया चैनल चलाने वाले शशांक शेखर के विरुद्ध यथोचित कार्रवाई करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 8 अक्टूबर को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा और न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने शरद चंद्र श्रीवास्तव व अन्य की ओर से दाखिल रिट याचिका पर पारित किया है। याचिका में यह भी मांग की गयी है कि केंद्र व राज्य सरकार विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर लगाम लगाने के लिए नियम बनाएं और उनका सख्ती से पालन करायें। कहा गया है कि यूट्यूबर शशांक शेखर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर स्वामी राम भद्राचार्य के खिलाफ अपमानजनक वीडियो चला रहे हैं। आपत्ति के बावजूद न तो वीडियो को हटाया गया है और न ही संबधित सोशल मीडिया प्लेटफार्म ने ही अपने स्तर से कार्यवाही करके उक्त वीडियो को हटाया है। कहा गया कि स्वामी राम भद्राचार्य के आंखों की रोशनी बचपन में ही चली गई थी, उक्त वीडियो में उनकी इसी दिव्यांगता को लेकर अपमानजनक टिप्पणियों वाला वीडियो चलाया जा रहा है।

सुविधा

10 टन केले से की शुरुआत, फिलहाल किसानों से शुल्क नहीं लिया जाएगा, देना होगा सिर्फ बिजली खर्च

# लखनऊ के मैंगो पैक हाउस में पकेंगे केले, मिलेगा बाजार


लखनऊ के रहमान खेड़ा स्थित मैंगो पैक हाउस में रखे केले।

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** रहमान खेड़ा में संचालित मंडी परिषद के मैंगो पैक हाउस में अब केला भी पकाया जाएगा। यहां किसानों को केला बिक्री के लिए बाजार भी मिलेगा। लखनऊ व आसपास के किसान पैक हाउस में केला लाएंगे। यहां बिना शुल्क तीन से चार दिन में कोल्ड रूम में राइपनिंग यानी पकाकर दिया जाएगा।

पैक हाउस में केला पकाने की शुरुआत शुक्रवार से कर दी है। लखनऊ व आसपास जिलों के किसानों ने 10 टन केला पकाने के लिए रखा है। पैक हाउस शुरुआती दौर में किसानों से सिर्फ बिजली का खर्च लेगा। जिले में यह सुविधा अब तक न होने की वजह से किसान अन्य उपाय व संसाधनों का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन इस नई सुविधा से उन्हें फायदा और बचत होगी। साथ ही आम के सीजन में दो माह संचालित होने वाला पैक हाउस अन्य सीजन में काम करने से मंडी परिषद को फायदा होगा। क्योंकि आम का सीजन जाने के बाद हर माह किराया व बिजली समेत लाखों रुपये खर्च होता है। अब इन्हीं मशीनों, उपकरण और संसाधन का केला में इस्तेमाल करेंगे।

### गैर प्रांतों में ढूंढ रहे बाजार, अगले वर्ष से निर्यात

पैक हाउस अभी किसानों का केला पकाकर उन्हें देगा, जिसकी बिक्री किसान स्वयं करेंगे। इसी के साथ पैक हाउस खुद गैर प्रांतों में केला की बिक्री करने का बाजार ढूंढ रहा है। इससे पैक हाउस की क्षमता बढ़ेगी और बराबर संचालन होगा। किसानों को भी सीधा फायदा होगा। यदि सफल हुए तो अगले वर्ष आम की तरह केला का निर्यातकों को प्रोत्साहित करके निर्यात भी किया जाएगा।

### पैक हाउस की क्षमता

- अभी क्षमता 20 टन
- 40 टन तक बढ़ाएंगे

"पैक हाउस में सिर्फ किसानों का केला पकाकर देंगे, जो स्वयं बिक्री करेंगे, लेकिन इसमें वृद्धि करने के लिए गैर प्रांतों में बाजार तलाश रहे हैं। इससे कि किसानों को भी फायदा हो सके। इसके अलावा निर्यातकों के माध्यम से केले का निर्यात भी करेंगे।

– अमित अग्रवाल, संचालक मैंगो पैक हाउस

## न्यूज ब्रीफ

### छात्रों ने अंक अपलोड न होने पर किया हंगामा

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय में शुक्रवार को संभल से आए कुछ विद्यार्थियों ने अंक अपलोड न होने पर हंगामा किया। छात्रों से अधिकारी ने कहा कि कॉलेज से जाकर संपर्क करें, इससे दूर से आए छात्र नाराज हो गए। छात्रों को परीक्षा नियंत्रक के पास ले जाया गया, जहां मामले का निस्तारण किया गया। पूछताछ में सामने आया कि पहले कॉलेज ओर से विश्वविद्यालय में छात्रों को अनुपस्थित दिखाया गया था। अब छात्र मैनुअल अंक लेकर आए थे लेकिन उसपर प्राचार्य के हस्ताक्षर नहीं थे। इसके अलावा जिस शिक्षक ने अंक दिए थे, उसका स्थानांतरण हो गया है और दूसरे शिक्षक की ओर से अंक दिए गए थे।

### मायावती की रैली को सफल बनाने की तैयारी

**बरेली, अमृत विचार :** पीलीभीत रोड स्थित बहुजन समाज पार्टी के मंडल कार्यालय में शुक्रवार को समीक्षा बैठक हुई। इसका मुख्य उद्देश्य 9 अक्टूबर को लखनऊ में होने वाली कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर आयोजित जनसभा की तैयारियों की समीक्षा की। इस जनसभा को बसपा मुखिया मायावती संबोधित करेंगी। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मुनकाद अली, गिरीश चंद्र जाटव, रणवीर सिंह कश्यप और अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। बैठक में रैली को सफल बनाने की तैयारी की जानकारी ली गई। इस दौरान हज्जान राबिया अख्तर ने अपने समर्थकों के साथ पीस पार्टी छोड़कर बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। महानगर अध्यक्ष डॉ. हसरत अली ने उन्हें सदस्यता दिलाई।

# दिशा पाटनी के घर फायरिंग में शामिल 5वां बदमाश गिरफ्तार

## बदमाशों से शाही क्षेत्र में हुई मुठभेड़, मुख्य शूटर रविंद्र का डमी बनकर आया था बरेली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पैर में गोली लगने से हुआ जख्मी साथी को भी दबोचा
- रेकी की दी गई थी जिम्मेदारी, 25 हजार का था इनाम

**अमृत विचार :** फिल्म अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग करने वाले शूटरों की मदद करने, रेकी करने और साजिश में शामिल रहे पांचवें बदमाश को शुक्रवार की देर शाम शाही थाना क्षेत्र में मुठभेड़ के दौरान उसके साथी संग गिरफ्तार कर लिया गया।

25 हजार के इनामी आरोपी के पैर में गोली लगी है। दोनों आरोपी नेपाल भागने की फिराक में थे। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान ग्राम बेडकला थाना जैतारण जिला बियावर राजस्थान निवासी घायल रामनिवास उर्फ दीपक उर्फ दीपू और ग्राम राजपुर थाना बड़ी सोनीपत हरियाणा के अनिल के रूप में हुई है। अभिनेत्री दिशा पाटनी के सिविल लाइन्स चौपुला स्थित आवास पर दो दिन फायरिंग की गई थी। बाइक से आए अलग-अलग बदमाशों ने 11 और 12 सितंबर को तड़के ताबड़तोड़ कई राउंड फायरिंग कर दहशत फैलाई थी। पुलिस जांच में सामने आया कि फायरिंग के मामले में चार नहीं बल्कि पांच शूटर शामिल थे। वारदात को अंजाम देने वाले मुख्य शूटर रविन्द्र और अरुण को गाजियाबाद में एसटीएफ और दिल्ली की सीआई यूनिट के संयुक्त टीम ने मार गिराया था। जबकि, इन्हीं शूटरों में शामिल रहे नाबालिग बदमाशों को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वारदात में शामिल पांचवां आरोपी दीपू फरार चल रहा था। एसओजी इसकी तलाश कर रही थी। इसी बीच जानकारी हुई कि वह नेपाल भागने की फिराक में है।

### झुमका तिराहे पर तीन घंटे सोया था दीपू

बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर फायरिंग प्रकरण में मुख्य शूटर की भूमिका निभाने वाले रविन्द्र की डमी बनकर रामनिवास उर्फ दीपू 10 सितंबर को ही बरेली आ गया था। उसने ही फिल्म अभिनेत्री के घर की रेकी की थी। साथ ही वह रविन्द्र की तरह शर्ट पहन कर झुमका तिराहे पर यात्रियों के लिए बने शेड में तीन घंटे तक सोया था, जबकि, रविन्द्र शहर में भ्रमण कर रहा था। इतना ही नहीं चारों शूटरों के साथ वह सोनीपत स्थित एक पेट्रोल पंप पर अपाचे में पेट्रोल डलवाते समय भी सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ था। दीपू को चारों शूटरों ने बाइक चोरी करने की भी जिम्मेदारी दी गई थी, जिससे वह चोरी की बाइक से वारदात को अंजाम देकर बाइक यहीं छोड़ कर फरार हो जाएं और पुलिस उन्हें ट्रेस न कर सके। लेकिन, वह बाइक चोरी करने में असफल रहा।

एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि पुलिस टीम ने शुक्रवार की देर शाम शाही क्षेत्र के बिहारीपुर नदी पुल के पास घेराबंदी करके गिरफ्तार करने का प्रयास किया। बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। एसओजी और कोतवाली पुलिस टीम ने जवाबी कार्रवाई करते हुए गोली चलाई। जो रामनिवास के पैर में जा धंसी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके साथ अनिल को भी गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि दीपू शहर में शूटरों के साथ आया था। जो फिल्म अभिनेत्री के घर की रेकी करने समेत पूरे प्रकरण की साजिश में शामिल था। दीपू के कब्जे से पिस्टल, चार जिंदा कारतूस, और अनिल के पास से तमंचा तथा दो जिंदा कारतूस समेत एक मोटरसाइकिल बिना नंबर प्लेट की बरामद हुई है।

### फुटबॉल छात्रावास ने एमईएस एफसी को 4-0 से हराया

**बरेली, अमृत विचार:** स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला फुटबॉल लीग में शुक्रवार को फुटबॉल छात्रावास ने एमईएस एफसी को 4-0 से पराजित किया। मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने दमदार खेल दिखाया। एमईएस एफसी के नीरज सोनकर और निखिल गुप्ता ने बेहतरीन तालमेल के साथ आक्रामक मूव बनाया। नीरज सोनकर ने विपक्षी डिफेंस को छकाते हुए जोरदार शॉट लगाया, जिसे छात्रावास के गोलकीपर पांजल कुमार ने रोक लिया। इसके बाद टीम ने तालमेल और आक्रामकता दिखाते हुए लगातार तीन गोल दागे। 14वें मिनट में अभिषेक, 27वें मिनट में विनय कुमार और 30वें मिनट में प्रशांत सिंह ने शानदार गोल कर स्कोर 3-0 कर दिया। इंटरवल तक छात्रावास पूरी तरह हावी रहा। दूसरे हाफ में फुटबाल छात्रावास को पेनल्टी का मौका मिला, जिसे यासीन ने आसानी से गोल कर विपक्षी टीम की उम्मीदें तोड़ दीं और फुटबॉल छात्रावास ने 4-0 से जीत अपने नाम की। मैच में रेफरी की भूमिका निष्कर्ष कंदारी, मानवेंद्र, हर्षित ने निभाई।

# शिक्षिका से अभद्रता पर छात्र का प्रवेश प्रतिबंधित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- शिक्षिका ने शुक्रवार को कुलपति कार्यालय के बाहर कार्रवाई न होने पर जताया विरोध

**अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय में विधि विभाग की शिक्षिका ने शुक्रवार को कुलपति के समिति कार्यालय के बाहर धमकी देने वाले छात्र पर कार्रवाई न होने पर विरोध जताया। कुलपति ने शिक्षिका की शिकायत सुनकर तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया। इस मामले में शिक्षिका की पूर्व शिकायत पर जांच समिति की रिपोर्ट पर चीफ प्रॉक्टर प्रो. रविंद्र कुमार ने छात्र का विवि परिसर से जांच पूरी होने तक प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया है।

चीफ प्रॉक्टर के मुताबिक विधि विभाग की शिक्षिका ने 18 अगस्त को शिकायत की थी कि एलएलएम द्वितीय सेमेस्टर के छात्र पवन ने व्हाट्सएप पर धमकी भरे मेसेज भेजे। उसने 2 सितंबर को तीन अज्ञात लोगों के साथ एक एंबुलेंस से उनके विश्वविद्यालय परिसर में बने आवास पर आकर नशे में गाली गलौज की। यह एंबुलेंस विधि विभाग के सामने भी देखी गई थी। इस कारण वह काफी परेशान हैं। उसने कई बार रास्ता भी रोककर धमकी दी।

उनकी शिकायत को गंभीरता से लेते हुए छात्र को निलंबित कर प्रो. यतेंद्र कुमार, प्रो. रविंद्र कुमार और डॉ. रामबाबू की जांच समिति बनाई गई थी। समिति ने छात्र की ओर से शिक्षिका के साथ की गई अभद्रता को गंभीर अनुशासनहीनता माना है और कड़ी कार्रवाई करने की संस्तुति की। शिक्षिका ने कुलपति प्रो. केपी सिंह को बताया कि छात्र ने दोबारा अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर उनके साथ अभद्रता की। इससे वह काफी डरी हुई हैं। शिक्षिका की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए छात्र को निलंबित कर महिला ग्रीवांस सेल की प्रो. संतोष अरोड़ा, डीएसडब्ल्यू प्रो. पीबी सिंह और चीफ प्रॉक्टर प्रो. रविंद्र कुमार की तीन सदस्यीय उच्च स्तरीय जांच समिति बनाई गई है और जांच पूरी होने तक छात्र का तत्काल प्रभाव से विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश प्रतिबंधित किया गया। बता दें कि छात्र ने कुछ दिनों पहले शिक्षिका पर आरोप लगाते हुए कई जगह शिकायत की है, जिसकी जांच चल रही है।

# मंडल में कानून-व्यवस्था दुरुस्त रखना प्राथमिकता : कमिश्नर

कार्यालय संवाददाता, बरेली



डीएम और सीडीओ से जिले में कानून व्यवस्था की जानकारी लेते नवनियुक्त कमिश्नर।

- नवागत कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी पहुंचे, कार्यभार ग्रहण कर गिनाईं प्राथमिकताएं

**अमृत विचार :** नवनियुक्त कमिश्नर भूपेंद्र एस चौधरी ने शुक्रवार की शाम करीब 6.30 बजे बरेली पहुंचकर पदभार ग्रहण कर लिया। सर्किट हाउस पहुंचने पर जिलाधिकारी अविनाश सिंह, सीडीओ देवयानी और अपर आयुक्त (प्रशासन) प्रीति जायसवाल आदि ने बुके देकर कमिश्नर का स्वागत किया।

कमिश्नर ने अपर आयुक्त प्रीति जायसवाल से मंडल के जिलों में कानून व्यवस्था और बाढ़ की स्थिति जानी, साथ ही अपनी प्राथमिकताएं बताईं। कार्यभार संभालते ही नवागत मंडलायुक्त मुख्यमंत्री की वीडियो क्रांफ्रेंसिंग में शामिल हुए। अपर आयुक्त ने बताया कि बरेली छोड़कर बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर में कुछ जगहों पर बाढ़ जैसे हालात बने थे, लेकिन अब ठीक है। कमिश्नर ने जिलाधिकारी से कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति और कानून व्यवस्था की जानकारी ली। कमिश्नर ने कहा है कि मंडल में कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने के साथ मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप राज्य सरकार की योजनाओं का सही से क्रियान्वयन कराना प्राथमिकता रहेगी। आगामी त्योहारों पर कानून व्यवस्था दुरुस्त रखी जाएगी। अमेठी निवासी कमिश्नर 2009 बैच के आईएएस हैं। पहली बार कमिश्नर बनाए गए हैं। इससे पहले खाद्य एवं रसद आयुक्त थे। प्रशासनिक सेवा में आने के बाद से उन्होंने मेहनती और नतीजों पर फोकस करने वाले अफसर के रूप में अपनी पहचान बनाई है। संत कबीर नगर, बिजनौर और मऊ जैसे जिलों में बतौर डीएम रह चुके हैं। खाद्य एवं रसद आयुक्त रहते हुए सार्वजनिक वितरण प्रणाली और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाया है।

### अब तक 71 सौ से अधिक प्रवेश, सीटें लॉक होनी शेष

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली कॉलेज में स्नातक और परास्नातक में अब तक 71 सौ से अधिक प्रवेश हो चुके हैं लेकिन अब तक स्नातक और परास्नातक के विद्यार्थी सीट लॉक कराने के लिए आ रहे हैं, जबकि विश्वविद्यालय की ओर से बार-बार तिथि बढ़ाने के बाद अंतिम अवसर 16 सितंबर को ही समाप्त हो गया। अब कॉलेज प्रशासन विश्वविद्यालय की ओर से तिथि बढ़ने पर ही सीट लॉक की बात कहकर छात्रों को भेज रहा है।

कॉलेज के सेमिनार हाल में शुक्रवार को एक साथ कई-छात्र छात्राएं पहुंचे। उन्होंने वहां मौजूद प्रवेश समिति के सदस्यों से सीट लॉक कराने की बात कही तो बताया कि अंतिम तिथि 16 सितंबर निकल चुकी है। विद्यार्थियों से कहा कि बार-बार सूचना देने के बाद भी सीट लॉक कराने क्यों नहीं आए तो कई सूचना न मिलने की बात कहने लगे। पोर्टल पर चेक किया तो सूचना भेजी गई थी।

# 24वें गवाह का बयान दर्ज, टैटू टिप्पणी पर कोर्ट परिसर में गरमाई बहस

**तिकुनिया हिंसा**

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- गवाह के हाथ पर बने टैटू पर टिप्पणी करने से हुआ हंगामा

**अमृत विचार:** बहुचर्चित तिकुनिया हिंसा कांड की सुनवाई शुक्रवार को एक बार फिर सुर्खियों में रही। एडीजे देवेंद्र नाथ सिंह की अदालत में अभियोजन पक्ष के 23वें गवाह बलजीत सिंह से लगातार तीन दिन से चल रही जिरह पूरी हुई। इसके तुरंत बाद अदालत ने 24वें गवाह राम सिंह का बयान दर्ज किया। हालांकि अदालत का समय समाप्त हो जाने से उनकी जिरह अब 22 सितंबर को होगी। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए यह तारीख निर्धारित कर दी है। कोर्ट परिसर में हाथ पर बने टैटू को लेकर हंगामा खड़ा हो गया।

3 अक्टूबर 2021 को लखीमपुर खीरी के तिकुनिया कस्बे में केंद्रीय मंत्री के दौरे के दौरान किसानों का विरोध प्रदर्शन चल रहा था। तभी प्रदर्शनकारियों पर तेज रफ्तार थार गाड़ी चढ़ा दी गई थी। इस दर्दनाक घटना में कई किसानों समेत अन्य लोगों की मौत हुई और इलाके में अचानक हिंसा भड़क उठी। घटना ने पूरे देश में सनसनी फैला दी थी और मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्चस्तरीय जांच और सुनवाई जारी है। अब अदालत 22 सितंबर को 24वें गवाह राम सिंह से जिरह करेगी। इस बीच, अभियोजन और बचाव पक्ष दोनों ही अगले गवाह से पूछताछ को लेकर अपनी तैयारी में जुट गए हैं। तिकुनिया हिंसा कांड की यह सुनवाई लगातार प्रदेश और देश की निगाहों में बनी हुई है, क्योंकि इसका राजनीतिक और सामाजिक दोनों ही स्तरों पर गहरा असर माना जा रहा है।

उधर शुक्रवार की सुनवाई के बाद अदालत परिसर का माहौल उस समय अचानक गर्म हो गया। जब गवाह बलजीत सिंह के हाथ पर बने टैटू को लेकर किसी ने आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। बलजीत सिंह का कहना है कि टैटू उनके धार्मिक विश्वास का प्रतीक चिन्ह है। आरोप है कि टिप्पणी करने वाले ने उन्हें खालिस्तानी समर्थक करार देने की कोशिश की। बलजीत सिंह ने कहा कि धार्मिक प्रतीकों को किसी भी राजनीतिक या अलगाववादी विचारधारा से जोड़ना गलत और अपमानजनक है। उन्होंने साफ कहा कि यह धार्मिक बेअदबी है और वे इस पर अपनी आपत्ति दर्ज कराएंगे। मौके पर मौजूद लोगों के हस्तक्षेप के बाद स्थिति को शांत किया गया और कहासुनी आगे नहीं बढ़ पाई।


## सूचना

अमृत विचार के 17 सितम्बर के अंक में वअदालत उपजिलाधिकारी के मुकदमा नं0 T20251231 के सम्मन मुद्दालय में प्रतिवादी का नाम भूलवश जसदीप सिंह गलत प्रकाशित हो गया है । प्रतिवादी का सही नाम जसवीर सिह है अतः जसदीप के स्थान पर जसवीर सिंह आदि पढ़ा जाए ।

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स डी.पी. गुड्स फारवरडिंग एजेन्सी पता जरी बिल्डिंग श्यामगंज बरेली उत्तर प्रदेश जिसकी पंजीकरण सं. B-10194 है, यह उपरोक्त फर्म दिनांक 01.04.2012 से निरन्तर सुचारू रूप से कार्य कर रही है, उपरोक्त फर्म से दिनांक 01.04.2017 को तीन साझेदार 1. धमेन्द्र पाण्डेय 2. खस्ती नन्दन जोशी 3. मदन सिंह व दिनांक 01.04.2025 को साझेदार 4. गौरी दत्त पाण्डेय 5. गविन्दी देवी पाण्डेय निवासीगण जरी बिल्डिंग श्यामगंज बरेली उ. प्र. स्वेच्छा से सेवानिवृत्त/रिटायर हो रहे हैं, तथा सेवानिवृत्त साझेदार का फर्म पर व फर्म का सेवानिवृत्त साझेदार पर कोई शेष बकाया नहीं है। उपरोक्त फर्म में वर्तमान में कुल तीन साझेदार क्रमशः 1. श्री दिनेश चंद्रा पाण्डेय 2. श्री हेमन्त पाण्डेय 3. श्रीमती दीपा पाण्डेय साझेदार है।

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त साझेदारी फर्म के संशोधन के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकताएं मेरे द्वारा पूर्ण कर ली गई।

दिनेश चंद्र पाण्डेय
साझेदार


### माल बेच कर ट्रक में लगाई आग, रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** प्रेमनगर थाना क्षेत्र में 1.36 करोड़ रुपये का माल भर कर ट्रक चालक लखनऊ के लिए निकला। उसने रास्ते में ट्रक मालिक के साथ मिलकर माल को बेच दिया और उसके बाद ट्रक में आग लगा दी ताकि बीमा क्लेम कर भी रुपये ले सके।

# गोली कांड के आरोपी चुन्नू पंडित ने सीएम पर की अभद्र टिप्पणी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की तलाश

**अमृत विचार :** पीलीभीत बाईपास स्थित बेशकीमती प्लाट पर कब्जा करने को लेकर दिनदहाड़े 100 राउंड फायरिंग करने के आरोपी आदित्य उपाध्याय उर्फ चुन्नू ने सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ और क्षत्रिय समाज के लोगों को लेकर अभद्र टिप्पणी की। कुछ लोगों ने विरोध किया तो उनको भी जान से मारने की धमकी दी।

मामले में युवक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।कैंट थाना क्षेत्र निवासी सर्वेश्वर सिंह ने बताया कि आदित्य उपाध्याय उर्फ चुन्नू पंडित ने सोशल मीडिया पर 16 सितंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ समेत प्रदेश के क्षत्रिय समाज को लेकर अभद्र और अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया। इससे क्षत्रिय समाज के सम्मान को ठेस पहुंची है। यह कृत्य सोची समझी साजिश के तहत किया गया है। समाज के कुछ संभ्रांत लोगों ने समझाने का प्रयास किया तो आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। आदित्य की विवादित टिप्पणी से समाज में रोष है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ध्यान रहे कि पिछले दिनों प्लाट पर जेसीबी लेकर कब्जा करने के दौरान दो पक्षों में दिनदहाड़े 100 राउंड से अधिक गोलियां चलाई गई थीं। मामला प्रदेश स्तर तक गूंजा था। इस पर शासन ने संज्ञान लेते हुए तत्कालीन एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान का तबादला कर दिया था। साथ ही एसएसपी ने तत्कालीन इंस्पेक्टर इज्जतनगर जय शंकर सिंह, हल्का इंचार्ज दरोगा राजीव प्रकाश, सिपाही सनी कुमार, विनोद, राजकुमार व अजय कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया था।

### गणित विभाग में आपत्तिजनक हालत में पकड़े विद्यार्थी

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली कॉलेज के गणित विभाग की कक्षा में छात्र-छात्रा आपत्तिजनक हालत में पकड़े गए। जब एक शिक्षक ने देखा तो दोनों को डांटा, इस पर दोनों शिक्षक से ही उलझ गए। इस पर अन्य शिक्षक मौके पर बुलाए गए तो छात्र-छात्राओं की सिफारिश आने लगी। इस पर दोनों को प्रॉक्टोरियल बोर्ड के समक्ष किया गया। कॉलेज में कुछ दिनों पहले भी इसी तरह का एक मामला सामने आया था, हालांकि इसकी कहीं कोई शिकायत नहीं की गई। चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने बताया कि उनकी संज्ञान में मामला नहीं है। दूसरे प्रॉक्टर के पास मामला पहुंचा होगा तो उन्होंने ही निस्तारण किया होगा।

# मुस्लिम बहनों के धर्म परिवर्तन पर नहीं हो रही कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता बरेली

- आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा बोले, मुसलमान सड़क से लेकर संसद तक सुरक्षित नहीं

**अमृत विचार :** आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान ने शुक्रवार को कहा कि मुस्लिम बहन-बेटियों के धर्म परिवर्तन पर कार्रवाई नहीं हो रही है। मुसलमान सड़क से लेकर संसद तक में सुरक्षित नहीं है। अगर मुसलमान सड़कों पर आ गया तो देश के क्या हालात बनेंगे, इसका जिम्मेदार कौन होगा।

दरगाह आला हजरत स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बात करते हुए तौकीर रजा ने कहा कि हिंदूवादी संगठन और कथित हिंदूवादी नेता मुस्लिम मुस्लिम बहन-बेटियों पर लंबे वक्त से कमेंट्स करते रहे हैं। संसद के अंदर मुसलमान को खुले आम गालियां दी जाती हैं। पैगम्बर ए इस्लाम की शान में गुस्ताखियां की जा रही हैं, दुनिया का मुसलमान सब कुछ सहन कर सकता है मगर रसूल आजम की शान में गुस्ताखी बर्दाश्त नहीं कर सकता। रसूल आजम के लिए आई लव मोहम्मद कहने पर जुर्म बना दिया गया है इस पर मुकदमा लिखा जा रहे हैं। धर्म परिवर्तन के नाम पर एकतरफा कार्रवाई की जा रही है। हद हो चुकी है, हम अपने देश को नेपाल, बांग्लादेश या श्रीलंका नहीं बनने देना चाहते हैं, क्योंकि हम अपने मुल्क से मोहब्बत करते हैं


## कार्यालय ग्राम पंचायत जगराजपुर विकास खण्ड भदपुरा बरेली

### निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मो एवं विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जगराजपुर की कार्य योजना 2025-26 के अन्तर्गत मनरेगा योजना एवं ग्राम निधि योजना के अन्तर्गत निम्न कार्यो को कराये जाने हेतु ईट, रेता, रोड़ी, सीमेन्ट, बजरी, बजरफुट, पन्नी, सरिया इत्यादि सामान की आवश्यकता है। उक्त सामग्री की सीलबन्द निविदायें निम्न दिनांक 20.9.2025 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर सायं 5 बजे तक आमंत्रित की जायेगी जो दिनांक 22.09.2025 को प्रातः 10 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का अधिकार केवल ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | दिनेश गिरि के घर से विकास गिरि के घर तक सी सी रोड व नाली निर्माण कार्य। | 207308/- |
| 2. | महेश के घर से होली चौराहे तक सी सी रोड व नाली निर्माण कार्य | 2405670/- |

ग्राम प्रधान-ओमशीला गंगवार  सचिव-विवेक चौधरी

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
पंचम मण्डल सिंचाई कार्य,
बरेली

**ई-निविदा सूचना संख्या-02/अधी0अभि0/2025-26**

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन http://etender.up.nic.in के माध्यम से प्री-क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड एवं प्राईस-बिड/फाइनेन्शियल बिड, सिंचाई विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक-22.09.2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे से दिनांक-04.10.2025 अपरान्ह 03.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। प्री-क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड/दिनांक-04.10.2025 को अपरान्ह 04.00 बजे अधीक्षण अभियन्ता, पंचम मण्डल सिंचाई कार्य, बरेली उत्तर प्रदेश के कार्यालय में मुख्य अभियन्ता, (शारदा) सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0 बरेली द्वारा गठित समिति के समक्ष ऑनलाइन खोली जायेगी एवं प्री-क्वालिफिकेशन टेक्निकल बिड में उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं के प्राइस-बिड/फाइनेन्सियल बिड खोलने की तिथि कुल प्राप्त निविदाओं की संख्या के आधार पर नोटिस बोर्ड/ई-पोर्टल पर सूचित किया जायेगा। कार्यालय बन्द होने या छुट्टी होने की दशा में यह बिड अगले कार्यालय दिवस में उसी समय प्राप्त की जायेगी।

| लाट सं0 | कार्यों का विवरण | कार्य से सम्बन्धित खण्ड का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (जी0एस0टी0 रहित) (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | ठेकेदार के पंजीकरण की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | दूनी बैराज के नवीनीकरण का कार्य | शारदा सागर खण्ड, पीलीभीत | 238.75 | 4.78 | 12 माह | 2715.00 | सिंचाई विभाग में "ए" अथवा उच्च पंजीकृत श्रेणी |

अधीक्षण अभियन्ता
पंचम मण्डल सिंचाई कार्य,
बरेली

UP-237865 दिनांक 18.09.2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।


**कार्यक्रम** रोहिलखंड मेडिकल कालेज एंड हॉस्पिटल में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय ईएनटी कांफ्रेंस हुई शुरू

# नाक, कान और गले के इलाज की आधुनिक पद्धतियों को किया साझा

कार्यालय संवाददाता, बरेली




कार्यशाला को संबोधित करते वक्ता।



कार्यशाला में मौजूद डॉक्टर व स्टॉफ। ● अमृत विचार

- कांफ्रेंस में देशभर से 200 से अधिक डॉक्टर्स की रही भागीदारी

**अमृत विचार:** रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के ईएनटी विभाग की ओर से आयोजित तीन दिवसीय भारतीय ओटोरहिनोलैरिंगोलॉजिस्ट एसोसिएशन के उत्तर प्रदेश चैप्टर का 42वां वार्षिक सम्मेलन शुक्रवार से शुरू हुआ। पहले दिन ईएनटी के इलाज में आई आधुनिकता विषय पर कांफ्रेंस में अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय ईएनटी विशेषज्ञों ने बात रखी। सर्जरी के विभिन्न पहलुओं और उसके इलाज की आधुनिक पद्धतियों के बारे में डॉक्टरों को बताया।

ईएनटी के विभागाध्यक्ष डॉ. अभिनव श्रीवास्तव ने कहा कि कांफ्रेंस का लक्ष्य कान, नाक और गला की चिकित्सा में नए और बेहतर रास्ते तलाशने और उनके लाभों को ईएनटी विशेषज्ञों के साथ साझा करना है। कांफ्रेंस में करीब 200 डॉक्टरों ने भाग लिया। गाजियाबाद से आए वरिष्ठ ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. ओमवीर ने बताया कि इस कांफ्रेंस में कान, नाक और गला के इलाज से जुड़ी विभिन्न प्रकार की सर्जरी में अत्याधुनिक मेडिकल उपकरणों और तकनीक पर विस्तार से चर्चा की गई। कांफ्रेंस में एसजीपीजीआई के विशेषज्ञ डॉ. अमित केसरी ने ईएनटी की नई तकनीकों की चर्चा की। चंडीगढ़ के मोहाली के डॉ. अशोक गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार की कांफ्रेंस आधुनिक मेडिकल तकनीक के प्रचार और प्रसार के लिए बहुत कारगर साबित होती हैं। इसका फायदा मरीज को बेहतर चिकित्सा परिणाम के रूप में मिलता है। कार्यशाला में काठमांडू समेत भारत के सभी प्रांतों से करीब 300 विशेषज्ञ शामिल होंगे। ईएनटी एसोसिएशन के सचिव डॉ. रोहित शर्मा, डॉ. मंगल सिंह, डॉ. अहिला सैमी आदि मौजूद थे।

**तीन दिन चलेगी कार्यशाला, आज डीएम करेंगे उद्घाटन:** तीन दिन तक चलने वाली कार्यशाला में सुनने की क्षमता कम होने के अनुवांशिक कारण, चेहरा घुमाने पर चक्कर आना, कान के रास्ते से ब्रेन ट्यूमर की सर्जरी, चेहरे के लकवा के इलाज, जन्मजात मूकबधिर बच्चों के काक्लियर इम्प्लांट, एंडोस्कोपिक कान की सर्जरी, कान से स्राव होने पर उसके इलाज, टीबी के कारण कान में संक्रमण, एलर्जी के कारण सर्दी जुकाम की समस्या सहित अन्य बीमारियों पर चर्चा की जाएगी। कांफ्रेंस का विधिवत उद्घाटन शनिवार को डीएम अविनाश सिंह, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल आदि करेंगे। मुख्य वक्ता ऑन्कोलॉजी निदेशक अपोलो अस्पताल डॉ. अनिल के डी क्रूज भी नाक, कान और गले के रोगों पर विस्तृत बताएंगे। उन्हें नाक, कान और गले के इलाज में व्यापक अनुभव है। वह रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में 'गामा कैमरा, उच्च खुराक' चिकित्सा एवं अस्थि सज्जा प्रत्यारोपण केंद्र की आधारशिला भी शनिवार दोपहर 1 बजे रखेंगे।



तुम्हारा अधिकार केवल कर्म करने में है, फल पर नहीं।
-भगवद् गीता



## निवेश और आत्मनिर्भरता

भारत की अर्थव्यवस्था आज ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां उद्योगों में निवेश और क्षमता विस्तार का प्रश्न केवल आर्थिक वृद्धि तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन और युवाओं के भविष्य से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का यह कहना बिल्कुल प्रासंगिक है कि अब उद्योग जगत को और अधिक निवेश करना चाहिए तथा उत्पादन क्षमता का विस्तार करना चाहिए। सरकार की नीतियों ने उद्योगों के लिए एक अनुकूल वातावरण तैयार किया है और अब यह उद्योग जगत की जिम्मेदारी है कि वे इसका उपयोग कर देश के आर्थिक विकास में तेजी लाएं। सरकार लगातार उद्योग और व्यापार जगत से संवाद कर रही है। भारतीय गुणवत्ता प्रबंधन प्रतिष्ठान जैसे संस्थान उद्योगों को केवल उत्पादन तक सीमित नहीं रखना चाहते, बल्कि युवाओं को कौशल विकास के अवसर उपलब्ध कराने पर भी जोर दे रहे हैं। यह प्रयास उल्लेखनीय है, क्योंकि आज भारत की सबसे बड़ी पूंजी उसका युवा वर्ग है। यदि उद्योग इन युवाओं को प्रशिक्षण और रोजगार देंगे, तो यह न केवल कंपनियों की उत्पादकता बढ़ाएगा बल्कि देश की समग्र प्रगति में भी योगदान देगा।

वित्त मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया है कि उद्योग केवल सरकार से अपेक्षाएं न रखें, बल्कि साझेदारी की भावना से आगे आएं। जब प्रधानमंत्री स्वयं समय-समय पर सुधारों के लिए ठोस कदम उठाते रहे हैं, तो यह अपेक्षित है कि उद्योग जगत भी अपने निवेश और जोखिम लेने की क्षमता को मजबूत बनाए। केवल बजट भाषण या घोषणाओं तक सीमित रहना पर्याप्त नहीं है। आज की वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भारत को आगे बढ़ने के लिए निरंतर निवेश और नई तकनीक अपनानी होगी। जीएसटी सुधारों के माध्यम से कर संरचना को सरल और पारदर्शी बनाने का प्रयास पहले ही किया जा चुका है। वित्त मंत्री के अनुसार नई प्रणाली से अर्थव्यवस्था में दो लाख करोड़ रुपये तक का लाभ संभावित है। उद्योगों के लिए यह अवसर है कि वे इस सरलीकृत कर प्रणाली का लाभ उठाएं और अपने व्यापार विस्तार में इसे सहायक बनाएं। हालांकि अभी 'एकल दर वाली प्रणाली' लागू होने में समय लगेगा, लेकिन यह दिशा सही है और उद्योगों को भी दीर्घकालिक दृष्टि से इसकी तैयारी करनी चाहिए।

आज की सबसे बड़ी आवश्यकता यह है कि उद्योग निवेश करने में संकोच न दिखाएं। भारतीय अर्थव्यवस्था एक ऐसे मुकाम पर है, जहां घरेलू मांग, युवा श्रमशक्ति और सरकारी नीतियों का त्रिकोण अभूतपूर्व अवसर प्रदान कर रहा है। यदि इस अवसर का सही उपयोग हुआ तो भारत अगले दशक में न केवल पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगा बल्कि वैश्विक विनिर्माण और सेवाओं का खास भी केंद्र बन सकता है। उद्योगों को चाहिए कि वे पारंपरिक लाभ-हानि के गणित से ऊपर उठकर दीर्घकालिक दृष्टिकोण अपनाएं। नवाचार, अनुसंधान एवं विकास, और कौशल निर्माण पर निवेश को केवल खर्च न मानकर भविष्य की नींव के रूप में देखा जाए। साथ ही, सरकार और उद्योग जगत के बीच भरोसे और साझेदारी की भावना को और गहरा करने की आवश्यकता है। संक्षेप में कहा जाए तो आज भारत के लिए यह समय निर्णायक है।

### प्रसंगवश

## पुरातन आलेख सहेजने की मुहिम है ज्ञान भारतम्

संस्कृति मंत्रालय ने 'ज्ञान भारतम्' नामक एक ऐतिहासिक राष्ट्रीय पहल शुरू की है, जो भारत की पांडुलिपि धरोहर के संरक्षण, डिजिटलीकरण और प्रसार के लिए समर्पित है। अब प्रश्न उठता है कि ज्ञान भारतम् मिशन के मायने क्या हैं? आखिर इसकी जरूरत क्यों पड़ी? पिछले दिनों नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में 11 से 13 सितंबर तक 'पांडुलिपि विरासत के माध्यम से भारत की ज्ञान विरासत को पुनः प्राप्त करने' पर पहला 'ज्ञान भारतम्' अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। भारत और विदेश के विद्वानों, विशेषज्ञों, संस्थानों और सांस्कृतिक कार्यकर्ताओं सहित 1,100 से अधिक प्रतिभागियों ने इस सम्मेलन में भारत की पांडुलिपि संपदा के संरक्षण, डिजिटलीकरण और इसे दुनिया के साथ साझा करने के लिए चर्चा, विचार-विमर्श किया। तीन दिनों तक चले इस सम्मेलन में 12 सितंबर को प्रधानमंत्री ने भी भाग लिया।



एसएन वर्मा
स्वतंत्र पत्रकार

इस राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन की शुरुआत अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में हुई थी, उस समय कुछ सूचीकरण और पहचान का काम जरूर हुआ था, लेकिन बाद के वर्षों में यह प्रयास ठप्प पड़ गए। जैसा कि बताया जा रहा है कि यह पहल भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा में नई जान डालने का एक प्रयास है। 'श्रुति' और 'स्मृति' के बाद लिखित रूप में संरक्षित ज्ञान को अब भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा 'ज्ञान भारतम् मिशन' के माध्यम से पुनर्जीवित किया जा रहा है।

पांडुलिपियों का संरक्षण, प्रकाशन और उपयोग तभी सार्थक होगा, जब वे आम लोगों से जुड़ेंगे। इसे एक जन आंदोलन बनाने के लिए विद्वानों और विशेषज्ञों के प्रयासों को सामाजिक सरोकारों से जोड़ने की भी आवश्यकता है। आधुनिक तकनीक और सोशल मीडिया के माध्यम से पांडुलिपियों को संरक्षित करना, प्रकाशित करना और सुलभ बनाना है, ताकि प्रत्येक भारतीय अपने पूर्वजों की इस बौद्धिक संपदा पर गर्व कर सके। जब तक यह ज्ञान आम लोगों की व्यावहारिक उपयोगिता से नहीं जुड़ेगा, तब तक यह अभियान अधूरा ही माना जाएगा। भारत की पांडुलिपियों में मानवता की संपूर्ण विकास यात्रा के पदचिह्न समाहित हैं। वे केवल राजवंशों के अभिलेख नहीं हैं, बल्कि उन विचारों, आदर्शों और मूल्यों के भंडार हैं, जिन्होंने सभ्यता को आकार दिया है।

देश के इस पहला ज्ञान भारतम् अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में औपचारिक दिल्ली घोषणा पत्र (ज्ञान भारतम् संकल्प पत्र) पढ़ा गया। घोषणापत्र में भारत को विश्व की सबसे समृद्ध पांडुलिपि परंपराओं की भूमि बताया गया तथा विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण में इस विशाल खजाने को संरक्षित करने, डिजिटल बनाने और प्रसारित करने का संकल्प लिया गया, लेकिन जब लोग अपनी सभ्यतागत संपदा को जानेंगे, पहचानेंगे और उससे जुड़ेंगे तभी उनमें सच्चा गौरव उत्पन्न होगा और यह तभी संभव है, जब ज्ञान भारत मिशन डिजिटलीकरण, अनुवाद और तकनीकी नवाचार के माध्यम से पांडुलिपियों को पुनर्जीवित करके इसे आम लोगों के लिए उपलब्ध करा दे।

हजारों वर्ष पहले, हमारे ऋषियों और मनीषियों ने अपने विचार-विमर्श, अनुभवों और अनुभूतियों के माध्यम से ऐसे ग्रंथों की रचना की जो आज भी विश्व के लिए उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने कि वे रचना के समय थे। ये ग्रंथ, सहस्राब्दियों बाद भी, मानवता, पर्यावरण और संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र के लिए महत्वपूर्ण हैं। भारत, दस मिलियन से अधिक पांडुलिपियों के साथ, शायद शास्त्रीय और स्थानीय परंपराओं का सबसे समृद्ध भंडार रखता है।

## नेपाल की जेन ज़ी क्रांति के मायने और भविष्य






अनिल यादव
वरिष्ठ पत्रकार

अगर क्रांति का मतलब अचानक होने वाला व्यापक परिवर्तन है तो नेपाल में ओली सरकार के पतन के साथ जेन-जी क्रांति हो चुकी है। गोलीबारी में बीस युवा मारे गए, प्रधानमंत्री ने इस्तीफा दिया, संसद और सुप्रीम कोर्ट समेत कई प्रमुख ऐतिहासिक इमारतें जला दी गईं, बाजार लूटे गए, हजारों कैदी जेलों से भाग निकले और अब एक ईमानदार छवि वाली महिला को अंतरिम प्रधानमंत्री बनाया गया है, जिन्हें अगले साल मार्च में चुनाव कराने हैं। यह अब से चुनाव के बीच के समय में नेपाल के राजनीतिक दलों की गतिविधियों पर निर्भर करता है कि जैसी सरकार गिरी है वैसी ही एक और खिचड़ी सरकार बनेगी, राजशाही की वापसी होगी, नेपाल फिर से एक हिंदू राष्ट्र बनेगा या कुछ और होगा। अभी पूरी तरह भ्रम और अनिश्चितता का माहौल है।

अगर क्रांति का मतलब आमूलचूल बदलाव और पिछली से बेहतर व्यवस्था का निर्माण है तो नेपाल में कोई क्रांति नहीं हुई है। जो राजनीतिक दल सत्ता में थे उनके नेताओं और नौकरशाहों के व्यापक भ्रष्टाचार से युवा नाराज थे, बेरोजगारी बहुत बढ़ गई थी और सत्ताधारी नेताओं-अफसरों की औलादों की सोशल मीडिया के जरिए सामने आने वाली विलासितापूर्ण जीवन शैली उन्हें कुंठित कर रही थी। इस गुस्से का किसी को अंदाजा नहीं था।

आठ सितंबर को जब भारी तादाद में जेन-जी के बैनरों-पोस्टरों के साथ युवा सड़कों पर उतर आए तो गिने-चुने सरकार विरोधी समूहों ने उनका इस्तेमाल कर विरोध को अपने स्वार्थों की दिशाओं में मोड़ने की कोशिश की, जिसके नतीजे में हिंसा और आगजनी हुई। बीस नौजवान मारे गए और ऐसी अराजक स्थिति बनी, जिसमें अचानक सेना केंद्रीय भूमिका में आ गई और नेपाल की राजनीतिक व्यवस्था और भविष्य तय करने लगी। सोशल मीडिया पर प्रतिबंध से नाराज जेन-जी के चेहरे का इस्तेमाल किया गया। जेन-जी आपात स्थिति में सेनाध्यक्ष से बातचीत के लिए अपने प्रतिनिधि तक नहीं तय कर पाई। अब तक उनकी कोई पार्टी, संगठन या फोरम सामने नहीं आया है, जिसके सामने नेपाल के पिछले से भिन्न राजनीतिक भविष्य का खाका हो और वह उस दिशा में दो कदम चलने की तैयारी रखता हो।

यह समझ से परे है कि किसी आंदोलन के पहले ही दिन कोई सरकार गोली चलवा कर इतने युवाओं को क्यों मरवा देगी? अगर इन युवाओं को सरकार बातचीत की मेज तक ले आती, सोशल मीडिया पर प्रतिबंध का निर्णय टाल दिया जाता या वापस ले लिया जाता तो क्या वे वापस लौट गए होते! क्या पहले ही दिन उन पर गोली चलाने का काम अतिवादी फैसला सुनियोजित था, ताकि उनके विध्वंसक आक्रोश का डर दिखाकर ओली को इस्तीफे के लिए आनन-फानन में बाध्य किया जा सके। इस तरह के विचारों को अगले दिन और अधिक बल मिला, जब उपद्रव करने वालों को संसद और सुप्रीम कोर्ट समेत पूरे नेपाल में कहीं भी किसी रोकटोक का सामना नहीं करना पड़ा। जेलों से भागने वाले कैदियों को भी रोकने का कोई प्रयास नहीं किया गया।

लोगों को सबसे अधिक हैरानी तब हुई, जब राष्ट्रपति के पद पर होते हुए नेपाली सेना के प्रमुख अशोकराज सिग्देल कुछ नेताओं को बुलाकर नेपाल को इस संकट से निकालने और नई राज्य व्यवस्था के उपायों पर चर्चा करने लगे। सोशल मीडिया पर वायरल हुई दुर्गा प्रसाई की तस्वीर ने लोगों का ध्यान खींचा, जिसके साथ कहा गया था कि अगर मेयर बालेन और न्यायविद् सुशीला कार्की राजी नहीं होते, तो वह अंतरिम सरकार बनाने का दायित्व उठाने को तैयार हैं।


दुर्गा प्रसाई नेपाल में पुनः राजशाही स्थापित करने की मांग करने वाले एक आंदोलन के कमांडर हैं, जिन्होंने इसी साल एक हिंसक प्रदर्शन आयोजित किया था, जिसमें एक टीवी पत्रकार समेत दो लोगों की जान चली गई। पुलिस कर्मियों समेत सैकड़ा से ऊपर लोग घायल हुए थे और एक दिन का कर्फ्यू लगाना पड़ा था। राजा समर्थक प्रजातंत्र पार्टी के नेताओं को गिरफ्तार किया गया। प्रसाई को एक पखवारे बाद भारत के आसाम से पकड़ कर नेपाल लाया गया। नवंबर 2006 में माओवादियों के सशस्त्र विद्रोह के बाद राजशाही खत्म हो गई थी, लेकिन नई व्यवस्था से भी लोग संतुष्ट नहीं हैं। पिछले पांच साल से पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह के समर्थक राजशाही और परंपरागत हिंदू राष्ट्र की वापसी के लिए आंदोलनों के जरिए प्रयास कर रहे हैं।

बीते दस दिनों के घटनाक्रम को देखते हुए यह स्पष्ट होने लगा है कि जेन-जी का मुखौटा था लेकिन सेना, राजावादियों और अन्य सरकार विरोधी समूहों की भूमिका थी, लेकिन ये भूमिकाएं लंबी योजना का नतीजा थीं या तात्कालिक परिस्थितियों का या ठीक-ठीक क्या थीं, जब तक इनकी तफसील सामने नहीं आतीं तब तक हालिया नेपाली क्रांति का उचित मूल्यांकन नहीं किया जा सकता। नेपाल में पहले भी राणाशाही और राजशाही के खिलाफ कई क्रांतियां हो चुकी हैं। हर बार चेहरे बदलते हैं, मगर व्यवस्था कमोबेश वही रहती है।

सबसे अधिक उम्मीद माओवादियों की सफल क्रांति के बाद 2008 में अस्तित्व में आए लोकतांत्रिक सेक्युलर नेपाल ने पैदा की थी, लेकिन नए निजाम ने देश का संविधान बनाने में सात साल लगा दिए और इस बीच जितनी सरकारें बनीं, हर बार भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, भाई-भतीजावाद और जनता के गुस्से में बढ़ोत्तरी होती गई। नेपाली कांग्रेस के साथ-साथ माओवादी आंदोलन से निकली दोनों कम्युनिस्ट पार्टियों यूएमएल और माओवादी के नेताओं पर भी भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे। नेपाल के लिए यह जाड़ा बहुत महत्वपूर्ण है। अगले कुछ महीनों में होने वाली राजनीति से साफ हो जाएगा कि नेपाल में लोकतंत्र बचेगा या सेना और राजा का युग लौट आएगा या कोई और कहानी शुरू होने वाली है!

**क्या नेपाल में एक और खिचड़ी सरकार बनेगी, राजशाही की वापसी होगी, नेपाल फिर से एक हिंदू राष्ट्र बनेगा या कुछ और होगा। अभी पूरी तरह भ्रम और अनिश्चितता का माहौल है।**

### आमने



हमारी विदेश नीति में सबसे पहले आपको अपने पड़ोस पर ध्यान देना चाहिए। क्या हम सच में अपने पड़ोसियों के साथ संबंध बेहतर कर सकते हैं। मैं पाकिस्तान गया हूं। वहां मुझे घर जैसा लगा। मैं बांग्लादेश, नेपाल भी गया हूं। वहां भी मुझे घर जैसा लगा।
**-सैम पित्रोदा**, इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख

### सामने

राहुल गांधी के चहेते और कांग्रेस के विदेश प्रमुख सैम पित्रोदा कहते हैं कि उन्हें पाकिस्तान में 'घर जैसा महसूस' हुआ। कोई आश्चर्य नहीं कि यूपीए ने 26/11 के बाद भी पाकिस्तान के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई नहीं की। पाकिस्तान का चहेता, कांग्रेस का चुना हुआ! **-प्रदीप भंडारी**
भाजपा के प्रवक्ता



## सरकारी नौकरी की चाहत और युवा मानसिकता



अमरपाल सिंह वर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

राजस्थान में हाल ही में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (चपरासी) के 53 हजार 749 पदों पर भर्ती के लिए जो आवेदन आए, उसने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। इन पदों के लिए कुल 24 लाख 75 हजार बेरोजगार युवाओं ने आवेदन किया है। इस भर्ती के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता दसवीं कक्षा पास है, लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि आवेदकों में से करीब 75 प्रतिशत अभ्यर्थी दसवीं पास से कहीं ज्यादा शिक्षित हैं। यानी इंजीनियरिंग, प्रबंधन, वाणिज्य, कम्प्यूटर विज्ञान में स्नातक से स्नातकोत्तर तक की पढ़ाई करने वाले युवा भी अब चपरासी बनने की कतार में खड़े हैं।

यह तस्वीर केवल राजस्थान की नहीं, बल्कि पूरे देश में बेरोजगारी का यही स्वरूप दिखाई देता है। जब लाखों पढ़े-लिखे युवा एक मामूली चपरासी की नौकरी के लिए आवेदन करते हैं तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर हमारी शिक्षा व्यवस्था, रोजगार नीति और सामाजिक सोच युवाओं को किस दिशा में ले जा रही है? हमारे समाज में सरकारी नौकरी को अब भी सबसे सुरक्षित और सम्मानजनक कॅरियर माना जाता है।

अब तो कन्या पक्ष विवाह के लिए भी सरकारी नौकरी वाले लडके को ही तरजीह देता है। स्थायी वेतन, पेंशन जैसी सुविधाएं और सामाजिक प्रतिष्ठा युवाओं को इस ओर आकर्षित करती हैं, लेकिन आज चपरासी बनने के लिए भी जिस हद तक भीड़ उमड़ रही है, उससे जाहिर है कि सरकारी नौकरी के प्रति मोह एक जुनून बन चुका है। युवा वर्ग स्वरोजगार, निजी क्षेत्र या पैतृक व्यवसाय के बजाय सरकारी नौकरी पाने के लिए वर्षों तक परीक्षाओं की तैयारी में अपनी ऊर्जा खर्च कर रहा है।

खेती की ओर तो अब किसान पुत्र भी नहीं झांक रहे हैं। इसका नतीजा यह है कि लाखों युवा न तो समय पर रोजगार पा रहे हैं और न ही क्षमता का सही उपयोग कर पा रहे हैं। कई बार योग्यताओं के असंतुलन के कारण स्थिति और भी विकट हो जाती है। जब एक एमबीए या बीटेक छात्र चपरासी की नौकरी के लिए आवेदन करता है, तो वह केवल खुद को ही नहीं बल्कि एक वास्तविक दसवीं पास बेरोजगार को भी प्रतिस्पर्धा से बाहर कर देता है।



राजस्थान में चपरासी भर्ती के लिए उच्च शिक्षित युवाओं की भीड़ उमड़ने से एक और गंभीर सवाल खड़ा हो गया है कि क्या हमारी शिक्षा युवाओं को वास्तव में रोजगार दिलाने लायक बना रही है? अगर लाखों स्नातक और स्नातकोत्तर केवल चपरासी बनने की चाह रखते हैं तो इसका सीधा मतलब है कि शिक्षा रोजगारोन्मुखी नहीं रही। शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री बांटना नहीं होना चाहिए बल्कि छात्रों को ऐसा कौशल और आत्म विश्वास देना चाहिए कि वे अपने दम पर रोजगार खड़ा कर सकें।

दुर्भाग्य से आज अधिकांश युवा डिग्रीधारी तो हैं, लेकिन कौशलहीन हैं। इसी वजह से वे निजी क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाते और अंततः सरकारी नौकरी की दौड़ में लग जाते हैं। सरकार ने कौशल भारत मिशन और अन्य योजनाओं के जरिए कौशल विकास पर जोर तो दिया है, लेकिन उसकी पहुंच और असर अब भी सीमित है। आईटी, कृषि, निर्माण, स्वास्थ्य और सेवा क्षेत्र में असीमित संभावनाएं हैं, लेकिन वहां प्रशिक्षित और दक्ष लोगों की कमी बनी हुई है। आज जब स्टार्टअप संस्कृति पूरे देश में फैल रही है पर हमारे ग्रामीण और कस्बाई इलाकों के लाखों युवा इससे वंचित हैं। बड़ा सवाल है कि इस समस्या का समाधान क्या है? इसके लिए काफी कुछ करने की जरूरत है। अगर उच्च शिक्षा के साथ युवाओं को कौशल आधारित प्रशिक्षण दिया जाए तो वे न केवल आत्मनिर्भर बनेंगे, बल्कि स्वरोजगार और उद्यमिता की राह भी चुन सकेंगे। सरकार की रोजगार नीतियों को व्यावहारिक बनाना होगा। समाज को भी सरकारी नौकरी की मानसिकता से बाहर आने की जरूरत है। हर जिले में उच्च स्तरीय कौशल केंद्र विकसित कर आईटी, कृषि, निर्माण, मशीनरी और सेवा क्षेत्र की जरूरतों के अनुसार युवाओं को प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। सरकार छोटे उद्योग-व्यवसाय शुरू करने के लिए आसान ऋण, तकनीकी सहयोग और बाजार उपलब्ध कराए तो उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा।

**चपरासी के 54 हजार पदों पर भर्ती के लिए 25 लाख युवाओं के आवेदन आए हैं। सरकारी नौकरी के लिए इतनी सारी अर्जियां कई सवाल खड़े करती हैं।**

### सोशल फोरम

## ये उन दिनों की बात है



दुनिया में जितना बदलाव हमारी पीढ़ी ने देखा है, वह न तो हमसे पहले किसी पीढ़ी ने देखा है और न ही हमारे बाद किसी पीढ़ी के देखने की संभावना लगती है। हम वह आखिरी पीढ़ी हैं, जिसने बैलगाड़ी से लेकर सुपर सोनिक जेट देखें हैं। बैरंग ख़त से लेकर लाइव चैटिंग तक देखा है और असंभव लगने वाली बहुत सी बातों को संभव होता देखा है। हम वो आखिरी पीढ़ी हैं, जिन्होंने कई-कई बार मिट्टी के घरों में बैठ कर परियों और राजाओं की कहानियां सुनीं। जमीन पर बैठ कर खाना खाया है। प्लेट में चाय पी है।



अजित सिंह
ब्लॉगर

हम वो आखिरी लोग हैं, जो मोहल्ले के बुज़ुर्गों को दूर से देख कर, नुक्कड़ से भाग कर, घर आ जाया करते थे और समाज के बड़े-बूढ़ों की इज्जत, डरने की हद तक करते थे। हम वो आखिरी पीढ़ी के लोग हैं, जिन्होंने चिमनी, लालटेन, बल्ब की पीली रोशनी में होम वर्क किया है और चादर के अंदर छिपा कर नावेल पढ़े हैं। हम उसी पीढ़ी के लोग हैं, जिन्होंने अपनों के लिए अपने जज्बात, खतों में आदान प्रदान किए हैं और उन खतों के पहुंचने और जवाब के वापस आने में महीनों तक इंतजार किया है। हम उस आखिरी पीढ़ी के लोग हैं, जिन्होंने कूलर, एसी या हीटर के बिना ही बचपन गुजारा है और बिजली के बिना भी गुजारा किया है। हम वो पीढ़ी हैं, जो अक्सर अपने छोटे बालों में, सरसों का ज्यादा तेल लगा कर, स्कूल और शादियों में जाया करते थे, जिन्होंने स्याही वाली दावात या पेन से कॉपी, किताबें, कपड़े और हाथ काले, नीले किए हैं। तख्ती पर सेठे की कलम से लिखा है और तख्ती घोटी है।

हम वो पीढ़ी हैं, जिन्होंने टीचर्स से मार खाई है और घर में शिकायत करने पर फिर मार खाई है। हम वह पीढ़ी हैं, जिन्होंने सोप की गोल डिबिया से साबुन लगाकर शेव बनाई है, जिन्होंने गुड़ की चाय पी है। काफी समय तक सुबह काला या लाल दंत मंजन या सफेद टूथ पाउडर इस्तेमाल किया है और कभी-कभी तो नमक से या लकड़ी के कोयले से दांत साफ किए हैं। **-फेसबुक वाल से**

### सामयिकी

## देश के एक अरब लोग कण प्रदूषण के शिकार

'द एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट एट द यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो (एपिक)' की यह रिपोर्ट चिंतित करने वाली है कि भारत में 1.4 अरब आबादी ऐसे इलाकों में रहती है, जहां कण प्रदूषण का वार्षिक औसत विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशा-निर्देशों से आठ गुना अधिक है। रिपोर्ट के मुताबिक अगर भारत के सबसे प्रदूषित उत्तरी मैदानी क्षेत्रों में कण सांद्रता के दिशा-निर्देशों के अनुरुप हो जाए तो 54.44 करोड़ लोगों अर्थात देश की 38.9 फीसदी आबादी की औसत जीवन प्रत्याशा पांच साल बढ़ सकती है। अगर पूरे भारत में कण प्रदूषण के स्तर को घटाकर विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशा-निर्देशों के मुताबिक कर दिया जाए तो राष्ट्रीय राजधानी और सबसे अधिक आबादी वाले शहर दिल्ली के निवासियों की औसत जीवन प्रत्याशा 8.2 साल तक बढ़ सकती है।



अरविंद जयतिलक
लेखक

गौर करें तो इस तरह की रिपोर्ट कोई पहली बार उजागर नहीं हुई है, जब किसी संस्था द्वारा प्रदूषण से जिंदगी पर पड़ने वाले भयावह असर का जिक्र हुआ हो। गत वर्ष पहले इसी संस्था द्वारा ही खुलासा किया गया था कि बढ़ते प्रदूषण के कारण लोगों की जिंदगी घट रही है। गत वर्ष पहले हार्वर्ड और येल के अर्थशास्त्रियों ने भी खुलासा किया था कि भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में शुमार है, जहां सबसे अधिक वायु प्रदूषण है। इस कारण यहां के लोगों को समय से तीन साल पहले काल के गाल में जाना पड़ रहा है। रिपोर्ट में सावधान करते हुए कहा गया था कि अगर भारत अपने वायु मानकों को पूरा करने के लिए इस आंकड़े को उलट देता है, यानी वायु प्रदूषण पर नियंत्रण कर लेता है, तो इससे 66 करोड़ लोगों के जीवन के 3.2 वर्ष बढ़ जाएंगे। इस रिपोर्ट में भी उल्लेख था कि भारत की आधी आबादी यानी 66 करोड़ लोग उन क्षेत्रों में रहते हैं, जहां सूक्ष्म कण पदार्थ (पार्टिकुलेट मैटर) प्रदूषण भारत के सुरक्षित मानकों से उपर है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट से भी उद्घाटित हो चुका है कि प्रदूषित हवा की चपेट में भारत में वर्ष 2016 में लगभग एक लाख मासूम बच्चों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा था। गौर करें तो यह आंकड़ा प्रतिवर्ष बढ़ता जा रहा है। गत वर्ष पहले यूनिवर्सिटी ऑफ कैरोलीना के विद्वान जैसन वेस्ट के अध्ययन में कहा गया था कि वायु प्रदूषण से सबसे अधिक मौत दक्षिण और पूर्व एशिया में होती है और उसमें भी भारत शीर्ष पर है। आंकड़ें बताते हैं कि हर साल मानव निर्मित वायु प्रदूषण से चार लाख 70 हजार और औद्योगिक इकाईयों से उत्पन्न प्रदूषण से 21 लाख लोग दम तोड़ते हैं। अगर जहर फैला रही इन औद्योगिक इकाईयों पर नियंत्रण लग जाए तो हालात सुधर सकते हैं। दुनिया की जानी-मानी पत्रिका 'नेचर' द्वारा भी खुलासा किया जा चुका है कि अगर शीघ्र ही वायु की गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ तो वर्ष 2050 तक प्रत्येक वर्ष 66 लाख लोगों की जानें जा सकती हैं।

यह रिपोर्ट जर्मनी के मैक्स प्लेंक इंस्टीट्यूट ऑफ केमेस्ट्री के प्रोफेसर जोहान लेलिवेल्ड और उनके शोध दल ने तैयार किया था, जिसमें प्रदूषण फैलने के दो प्रमुख कारण गिनाए गए। एक, पीएम 2.5एस विषाक्त कण और दूसरा वाहनों से निकलने वाली गैस नाइट्रोजन आक्साइड। रिपोर्ट में आगाह किया गया था कि भारत और चीन में वायु प्रदूषण की समस्या विशेष तौर पर गहरा सकती है, क्योंकि इन देशों में खाना पकाने के लिए कच्चे ईंधन का इस्तेमाल होता है जो कि प्रदूषण का महत्वपूर्ण स्रोत है। विशेषज्ञों की मानें तो अगर इससे निपटने की तत्काल वैश्विक रणनीति तैयार नहीं की गई, तो भारत की बड़ी जनसंख्या वायु प्रदूषण की चपेट में आ सकती है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

वैसे तो यात्राएं मैं बहुत करता हूं, लेकिन आज जिस यात्रा का जिक्र यहां करूंगा वो हर व्यक्ति से जुड़ी हुई होगी। शहर बनारस या फिर वाराणसी कहिए, लेकिन मैं अपनी काशी यात्रा के बारे में बताऊंगा।
काशी जिसे मोक्ष की नगरी, शिव की स्थली और धर्म की राजधानी कहा जाता है। मेरे लिए केवल एक यात्रा नहीं, आत्मा से साक्षात्कार का निमंत्रण था, जब इस बार जब मैंने काशी की ओर रुख किया। वाराणसी रेलवे स्टेशन पर उतरते ही एक अजीब ऊर्जा ने मुझे घेर लिया। हवा में गंगा की नमी थी और कानों में शंखध्वनि की गूंज। मैंने निश्चय किया कि इस बार मैं केवल घाटों और विश्वनाथ मंदिर तक ही नहीं रुकूंगा, बल्कि उन जगहों की खोज करूंगा जो इतिहास के पन्नों में छिपी हैं।



शिवेंद्र सिंह बघेल
वायरल गुरु

# कर्म, आस्था और अविनाशी विश्वास की धरती काशी


## कर्दमेश्वर महादेव मंदिर

वाराणसी की भीड़भाड़ और गलियों के बीच एक ऐसा स्थान है, जहां पहुंचते ही मन में शांति उतर आती है– कर्दमेश्वर महादेव मंदिर। यह मंदिर काशी के उन प्राचीन और कम चर्चित शिवालयों में से एक है, जिनके बारे में आम पर्यटक तो क्या कई स्थानीय लोग भी कम जानते हैं।

मैं एक सुबह गंगा आरती के बाद घाटों से होते हुए कर्दमेश्वर की ओर निकला। बनारस की संकरी गलियों में पैदल चलते हुए, पान की दुकानों की खुशबू, मंदिरों की घंटियों की धुन और गंगा के तट की ठंडी हवा, सभी मिलकर यात्रा को अद्भुत बना रहे थे। रास्ते में एक बुजुर्ग पंडित जी मिले, जिनसे बात करते हुए पता चला कि कर्दमेश्वर महादेव का महत्व स्कंद पुराण में भी वर्णित है। मान्यता है कि यहां स्वयं भगवान शिव ने कर्दम मुनि की तपस्या से प्रसन्न होकर प्रकट होकर उन्हें दर्शन दिए थे।

मंदिर पहुंचते ही सामने एक पुरातन शैली की संरचना नजर आई, जिस पर समय की परतें साफ झलकती थीं। द्वार पर नंदी महाराज विराजमान थे, जैसे आने–जाने वालों पर दृष्टि रखे हों। गर्भगृह में प्रवेश करते ही वातावरण में गूंजते "ॐ नम : शिवाय" के स्वर और जलाभिषेक की बूंदों की ठंडक ने तन–मन को भिगो दिया। वहां के पुजारी ने बताया कि सावन और महाशिवरात्रि के समय यहां विशेष मेला लगता है, लेकिन सामान्य दिनों में यहां का सन्नाटा और शांति ही इसकी असली पहचान है।

मंदिर के पीछे एक छोटा सा कुंड भी है, जिसके बारे में कहा जाता है कि कर्दम मुनि यहीं स्नान कर ध्यान लगाया करते थे। पानी में झांकते हुए लगा जैसे समय रुक गया हो। चारों ओर मंदिर की दीवारें, ऊपर नीला आसमान और मन में गूंजता शिव नाम।







## जंगमबाड़ी मठ

जंगमबाड़ी मठ, काशी का एक प्रमुख वीरशैव मठ है, जो दक्षिण भारत की दार्शनिक परंपराओं को उत्तर भारत से जोड़ता है। इस मठ में प्रवेश करते ही एक शांति का अनुभव होता है। यहां की दीवारों पर उकेरी गई लिपियां, ताम्रपत्र और योगी परंपरा के चिह्न उस काल की गाथा कहते हैं, जब संत ज्ञानेश्वर और बसवन्ना की वाणी उत्तर भारत में भी गूंजती थी। यहां पर बताया की लाखों की संख्या में शिवलिंग मौजूद हैं।

मठ के अंदर साधुओं का जीवन, तप और अनुशासन देखकर मन श्रद्धा से भर गया। हिंदी भाषा के कई ग्रंथ यहां के पुस्तकालय में सुरक्षित हैं, जिनमें भाषा, व्याकरण और दर्शन का अपूर्व समन्वय मिलता है।



## लोलार्क कुंड

लोलार्क कुंड का उल्लेख पुराणों में मिलता है। कहा जाता है कि यहां सूर्य देव स्वयं प्रकट हुए थे। यह कुंड 'संतान प्राप्ति' की कामना से जुड़ा है, विशेषकर लोलार्क छठ के अवसर पर यहां स्नान और पूजा का विशेष महत्व है। मैंने देखा– महिलाएं सिर पर दीप रखकर सीढ़ियों से उतर रही थीं। कोई तांबे के पात्र में जल भर रहा था, तो कोई तिल चढ़ा रहा था। श्रद्धा का वह दृश्य शब्दों में बांधना कठिन है।

इस स्थल की विशेषता यह है कि यह आस्था और विज्ञान का सम्मिलन है। कुंड की बनावट, जल का तापमान और उसकी संरचना में भारतीय वास्तुशास्त्र की स्पष्ट छाप दिखती है। यह नगरी जितनी प्राचीन है, उतनी ही नवीन। कर्दमेश्वर महादेव ने सिखाया कि कर्म ही पूजा है, जंगमबाड़ी ने दर्शन की गहराई से अवगत कराया और लोलार्क कुंड ने यह बताया कि आस्था, विज्ञान और परंपरा जब एकत्र होती हैं, तब काशी जन्म लेती है। यह यात्रा मेरे जीवन की एक पूर्ण विराम नहीं, बल्कि नवीन अनुच्छेद की शुरुआत है। काशी से जुड़े रहने की, उसे समझने की और आत्मा से जुड़ने की।

अनुभूति

# ऑरेंज आर्मी




पिछले हफ्ते जब भारी बारिश के कारण लगभग हर नदी अपने उफान पर थी। आसमान से बरसती मूसलधार बूंदें और धरती पर बहता पानी, हर तरफ एक अजीब-सा सन्नाटा और खौफ पैदा कर रहा था। इन हालातों में रात की ड्यूटी करना हमेशा से सबसे मुश्किल होता है। उन्हीं दिनों एक रात मेरी ड्यूटी बरेली सिटी-पीलीभीत पैसेंजर में थी। देवहा नदी का पुल रास्ते में पड़ता है। नदी उफान पर थी, लहरें मानो चेतावनी दे रही हों कि नदी से दूर रहने में भी भलाई है।

इंजन के शीशे पर जब बारिश की बूंदें 110 किमी की रफ्तार से टकराती हैं तो सामने का नजारा एकदम धुंधला हो जाता है। ऊपर से रात का अंधेरा हो तो रास्ता और भी डरावना लगता है। ऐसे में दिल बार-बार यही सोचता है, कहीं ट्रैक धंस न गया हो, कहीं पुल की मिट्टी बह न गई हो। हर क्षण एक अनदेखा डर साथ चलता रहता है। जब भी पुल पर या ट्रैक के किनारे नारंगी ड्रेस पहने ट्रैक मैन की एक परछाई नजर आती है, तो दिल को एक अलग सा सुकून मिल जाता है। वो धुंधली सी तस्वीर बताती है कि 'आगे सब सही है।' यही वो इंसान होते हैं, जो आधी रात, तूफान, ठंडी, गर्मी या बारिश हर मौसम में हमारी और यात्रियों की सुरक्षा के लिए डटे रहते हैं। वहीं नाइट पेट्रोलिंग करते गैंगमैन, ट्रैकमैन और कीमैन, जो खुद हमारे सफर में हमारे साथ नहीं बैठते, लेकिन हमें मंजिल तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए हर पल साथ खड़े रहते हैं। ट्रेन जब भी उनके पास से गुजरती है, हम लंबा हॉर्न देते हैं ताकि वो सतर्क हो जाएं। बदले में वो हमें बिना जाने-पहचाने, बस इंसानियत और अपने फर्ज के नाते, एक हाथ उठाकर अभिवादन करते हैं।

ये रिश्ता बड़ा अजीब है, न नाम जानते हैं, न कभी ठीक से मिले हैं। सालों से यही रिश्ता चलता आ रहा है। शायद कभी मंजिल पर जाकर उनसे मुलाकात हो जाए, शायद कभी न हो, लेकिन सफर के रास्ते हमेशा हमारे और उनके सांझा रहते हैं। सच कहूं तो जब भी रात के अंधेरे में नारंगी ड्रेस वाली वो परछाई दिखती है, तो लगता है कि चलो आगे का रास्ता सही है। कभी-कभी सोचता हूं, हम लोको पायलट तो सबके सामने रहते हैं, लोग हमें पहचानते हैं। मगर ऑरेंज आर्मी वाले साए का कोई नाम नहीं, कोई पहचान नहीं। वो चुपचाप अपने हिस्से का फर्ज निभाकर अगली रात फिर उसी रास्ते पर खड़े मिल जाते हैं। जिंदगी में न जाने कितनी मंजिलें बदलती रहती हैं, कितने सफर पूरे होते रहते हैं, लेकिन उनके साथ जुड़ा ये मौन रिश्ता कभी नहीं बदलता। वो हमारे सफर के अनकहे, अनजाने साथी हैं, जिन्हें हम कभी धन्यवाद तक नहीं कह पाते। शायद यही उनकी सबसे बड़ी महानता है।



रवि
ब्लॉगर

# सांझी: ब्रज की लोक चित्रांकन कला

सांझी को ब्रज की लोक देवी माना गया है। यह ब्रज संस्कृति की उपासना का प्रमुख अंग है। ब्रज के अनेक देवालयों में इसे आश्विन कृष्ण प्रतिपदा से आश्विन कृष्ण अमावस्या तक अंकित किया जाता है। इसके मध्य में भगवान श्रीकृष्ण से संबंधित विभिन्न लीलाओं का भी अंकन किया जाता है। यह ब्रज की लोक चित्रांकन कला है। इसमें सूखे रंगों, फूलों व गोबर आदि के प्रयोग से अष्टकोणीय रूप में ज्यामितीय आकार की विभिन्न दृश्यावलियां फर्श, दीवार व कागज आदि पर बनाई जाती हैं। चूंकि सांझी का आशय संध्या से है, इसलिए इसके दर्शन सायं काल ही होते हैं। पितृ पक्ष में इनके बनाए जाने का प्रमुख कारण यह है कि एक तो इन दिनों यहां विभिन्न प्रकार के फूल सहजता से प्राप्त हो जाते हैं। अतएव यह कला ब्रज में पितृ पक्ष का विशेष उत्सव है। ब्रज के नगरीय क्षेत्रों में सूखे रंगों एवं ग्रामीण अंचलों में गोबर से इस कला का चित्रांकन बहुतायत से होता है। इसे तेल व जल के अंदर एवं तेल व जल के ऊपर भी एक विशेष तरीके से बनाया जाता है। फूलों से सांझी बनाए जाने का इतिहास 5000 हजार वर्षों से भी अधिक पुराना है।



डॉ. गोपाल चतुर्वेदी
वरिष्ठ साहित्यकार



## कष्ट और श्रम साध्य कला

तत्पश्चात उन्हें फूलों व कौड़ियों आदि से सजाया जाता है। इस समय अधिकांशत : सूखे रंगों के द्वारा ही सांझी बनाई जाती है। ब्रज की अधिकांशत : कुंवारी कन्याएं श्रेष्ठ वर प्राप्त करने के उद्देश्य से भी सांझी बनाती हैं और व्रत भी रखती हैं। सांझी बनाया जाना अत्यंत कष्ट साध्य व श्रम साध्य कला है। क्योंकि इसे भक्ति भावना के साथ बनाया जाता है, इसलिए इसको जमीन पर बनाने वाले कलाकार इसे लकड़ी की तख्तियों पर बैठकर एवं घंटों झुके रहकर जमीन पर बिना पैर रखे बनाते हैं। वृंदावन के भट्ट जी मंदिर, राधावल्लभ मंदिर व राधारमण मंदिर आदि में पितृ पक्ष के दौरान अत्यंत चित्ताकर्षक व नयनाभिराम सांझी बनाई जाती है। वृंदावन के प्राचीन ब्रह्म कुंड पर पितृ पक्ष के पूरे 15 दिन सांझी का मेला लगता है। इसमें प्रतिदिन सांझी बनाने वाले कलाकार अपनी कला का हुनर दिखाते हैं। बाद को इन्हें पुरस्कृत भी किया जाता है। इस समय राधारमण मंदिर के सेवायत सुमित गोस्वामी एवं प्रियावल्लभ मंदिर के सेवायत रसिक वल्लभ नागार्च आदि की गिनती सांझी बनाने वाले प्रमुख कलाकारों में की जाती है।



## सांझी बनाने की कला

सांझी बनाने हेतु सर्वप्रथम अष्टकमल आकर में पीली मिट्टी की वेदी बनाई जाती है। अष्टकमल अष्टसखियों का प्रतीक हैं। तत्पश्चात ज्यामिती आकार में डिजाइन डाली जाती है। इसमें सतिया–स्वस्तिवाचक के रूप में, सात बिंदी–सप्तऋषियों के प्रतीक के रूप में और केला रुद्र पूजा के रूप में अंकित किए जाते हैं। इसके बाद इन्स्टेंसिल लगाकर तरह–तरह के रंगों को डाली गई डिजाइनों के अंदर छाना जाता है। सबसे अंत में सांझी के मध्य 'होंद' बनाया जाता है, जिसमें रंगों के द्वारा भांति–भांति के दृश्य चित्रित कर उनके मध्य राधा–कृष्ण का युगल चित्र लगाया जाता है। चार पांच व्यक्ति दिनभर कठोर परिश्रम से कार्य करने के बाद सायं तक एक सांझी तैयार कर पाते हैं। तत्पश्चात उसका ठाकुर जी के विग्रह की भांति अत्यंत विधि–विधान से भोग लगाया जाता है और उसकी आरती होती है। इसके बाद उसके दर्शन सभी के लिए खुलते हैं, जो कि रात्रि को मंदिर के पट बंद होने के तक खुले रहते हैं। प्रात : काल मंदिर की मंगला आरती के समय इसके दर्शन पुन : कराए जाते हैं। इसके बाद वेदी व राधा–कृष्ण की युगल छवि को छोड़कर पूरी सांझी बिगाड़ दी जाती है। अगले दिन कठिन परिश्रम के बाद विभिन्न दृश्यावलियों से सुसज्जित दूसरी सांझी बनाई जाती है। पितृ विसर्जन अमावस्या को प्रत्येक दिन की सांझी में प्रयुक्त होने वाले फूलों, रंगों आदि सामग्री को यमुना में विसर्जित कर दिया जाता है। ब्रज के ग्रामों में गोबर से भी सांझी बनाई जाती है।

## पौराणिक कथाओं के अनुसार

पौराणिक कथाओं के अनुसार राधा रानी मानिनी देवी थीं, इसलिए श्रीकृष्ण ने प्राय : अपनी सभी लीलाएं राधा रानी को मनाने के लिए की थीं। परंतु राधा रानी ने श्रीकृष्ण को रिझाने के लिए कुछ ही लीलाएं की थीं, सांझी उन्हीं में से एक है। सांझी राधा–कृष्ण के प्रेम का प्रतीक है। इसीलिए ब्रज में सांझी को राधा रानी का प्रतिरूप मानकर संध्या के समय उनकी उसी प्रकार पूजा–अर्चना की जाती है, जिस प्रकार ब्रज के मंदिरों में ठाकुर विग्रहों की पूजा–अर्चना होती है। सांझी कला राधा–कृष्ण के प्रेम की चरमतम अवस्था की परंपरा है, जो कि ब्रज में ही संजोयी गई है और विकसित हुई है। अष्टकोण में निहित होने एवं राधा रानी की कला होने के कारण इसे 'वैष्णव यंत्र' भी कहा गया है। सांझी कला ब्रज की लोक संस्कृति में निहित है। इसे प्रति वर्ष महोत्सव के रूप में मनाया जाता है। सांझी पर अनेक संतों, रसिकों व भक्तों आदि ने सैकड़ों पदों की रचना की है, जिनमें रसखान, सूरदास, हित हरिवंश महाप्रभु एवं भारतेंदु हरिश्चंद्र आदि प्रमुख हैं।

बतकही

# सह-अस्तित्व : कुत्ते और इंसान

देशभर में कुत्तों पर चर्चा हो रही थी। कुछ लोग कुत्तों के विरोध में उतर आए थे और कुछ पक्ष में। मेरी कॉलोनी में भी पहले दो-तीन स्ट्रीट डॉग्स होते थे, जिनसे कोई परेशानी नहीं थी। अब 10-12 स्ट्रे डॉग्स हैं, जिनमें से एक दो खतरनाक हैं। शायद पहले किसी के पाले हुए कुत्ते रहे होंगे। ये बाइक और स्कूटी वालों के पीछे भागते हैं व कई लोगों ने बच्चों पर झपटने की शिकायत भी की है। सभी जगह यही हाल है। रात में तो ये बहुत खूंखार हो जाते हैं।

भूले-भटके कभी नगर पालिका या नगर निगम इन्हें स्टरलाइजेशन के लिए ले जाना चाहें तो मोहल्ले के लोग ही ले जाने नहीं देते। रिजल्ट यह कि इनकी संख्या में दिनों-दिन वृद्धि होती जा रही है। गलियों में झूठा खाना और मल-मूत्र पड़ा रहता है, जिसके साथ जीना नियति बन गई है। खैर गली का मामला है। बैर मोल नहीं लेना। आपसी समझदारी जरूरी है। जिंदगी चल रही है इसी के साथ। पालतू कुत्तों की बात करें तो 'लव मी लव माय डॉग' वाली पॉलिसी अधिकतर कुत्ता पालकों की होती है। इसी सिलसिले में एक पुरानी घटना याद आ रही है। स्मार्ट सिटी बनने जा रहे एक बड़े शहर की। एक परिचित दो-तीन बार घर आ चुके थे और बार-बार अपने घर आने का आग्रह करते थे। एक बार हम दोनों पति-पत्नी उनके घर चले गए तो महाशय के साथ तीन कुत्तों ने हमारा स्वागत किया। एक जर्मन शेफर्ड, एक लैबराडोर और तीसरे की नस्ल याद नहीं। कुछ याद रखने जैसा माहौल ही नहीं था। भाईसाहब बोले कि मेरे पीछे सीधे चलते हुए आना, उनकी तरफ मत देखना। मन तो था पर कहने की हिम्मत न हुई कि हम वापस जा रहे हैं। खैर, उनके आदेशों का त्वरित पालन किया। किसी तरह ड्राइंग रूम में पहुंचकर सोफे में बैठे।

बातचीत का सिलसिला कुत्तों से ही शुरू हुआ। भाईसाहब ने बताया कि यह हमेशा खुले ही रहते हैं। उनके नाम ले लेकर उनकी क्वालिटी बताने लगे। सफेद रंग का लैब्राडोर बिल्कुल सीधा-साधा। दूसरा छोटे साइज का काफी खतरनाक। तीसरा जर्मन शेफर्ड तो कई बार घर आए लोगों को काट भी चुका है। उन्होंने बहुत हंसते-हंसते बताया कि एक काफी वृद्ध महिला की हथेली में जर्मन शेफर्ड ने अपना दांत आर-पार कर दिया। सुनकर हम दोनों तो बहुत भयभीत हो गए पर उस वक्त उन्हीं की दया पर निर्भर थे। जैसे बैठे थे वैसे ही बैठे रहना था। उन्होंने बताया कि अगर हमने सोफे के कपड़े को ठीक करने की कोशिश की या टेबल से कोई भी चीज उठाने या देखने की कोशिश की तो यह तुरंत काट लेगा। शोक ग्रस्त होकर कहिये या किसी राष्ट्रीय त्योहार के तहत राष्ट्रगान गाने जैसे हम अटेंशन में बैठे हुए थे। हाथ-पैर चिपके थे और होंठ भी खुलने का साहस नहीं कर रहे थे। चाय नाश्ता भी आया, लेकिन डरते-डरते चाय का कप उठाया और खत्म होने पर बहुत ही सावधानी के साथ टेबल पर रखा। नाश्ते को तो छूने का सवाल ही नहीं होता।

कुत्तों से मुझे नफरत नहीं है, पर बेतहाशा प्यार भी नहीं। सदियों से यहां सह-अस्तित्व जीवन परंपरा का हिस्सा रहे हैं। मगर यह भी जरूरी है कि एक दूसरे को नुकसान पहुंचाए दोनों का अस्तित्व और जीवन की मर्यादा बनी रहे। सह-अस्तित्व की इस धारणा में कई बार कुत्तों के सामने इंसान का कद बौना हो जाता है। ऐसे लोगों को देखकर बहुत आश्चर्य होता है कि जो मेहमानों के आने पर भी कुत्तों को बांधना जरूरी नहीं समझते। वह मेहमानों को चुम्मा-चाटी करता रहे तो दांत खोलकर हंसते रहेंगे। जरूरी नहीं हर कोई यह पसंद करता हो।



अमृता पांडे
लेखिका



इसी तरह सुबह-सवेरे कुत्तों को घुमाने वाले लोग भी जगह-जगह सड़क में गंदगी करवाते हैं। भारी भरकम कुत्ते को वह नहीं घूमाते,बल्कि कुत्ता उन्हें घुमाता है। पूरा दम लगाकर भी वे उसे कंट्रोल नहीं कर पाते। कई तो ऐसे भी हैं, जो उन्हें खुला छोड़ देते हैं। कोई डरे, किसी को काटे उनकी बला से। न बाहर के देशों की तरह यहां पर सजा का प्रावधान, न अगला इतना समझदार कि इलाज का पूरा प्रबंध कराए। बचकर निकलने में ही फायदा है। अगर बच सके तो...

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 82,626.23 | 25,327.05 |
| गिरावट | 387.73 | 96.55 |
| प्रतिशत में | 0.47 | 0.38 |

सोना : 1,14,000 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 1,32,000 प्रति किलो

अमृत विचार
बरेली, शनिवार, 20 सितंबर 2025
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2615, राज श्री 1840, फ़ॉर्चून कि. 2220, रविन्द्रा 2550, फॉर्चुन 13केजी 1955, जय जवान 1975, सचिन 2050, सूरज 1975, अवसर 1885, उजाला 1920, गृहणी 13केजी 1895, क्लासिक (केजी) 2095, मोर 2165, चक्र टिन 2375, ब्लू 2125, आशीर्वाद मस्टर्ड 2475, स्वास्तिक 2570
**किराना (प्रतिकु.) :** हल्दी निजामाबाद 14000, जीरा 24000, लाल मिर्च 14000–17000, धनिया 9000–11000, अजवायान 13500–20000, मेथी 7000–8000 सौंफ 9000–13000, सोंठ 27000, (प्रतिकि0) लौंग 800–1000, बादाम 780–1080, काजू 2 पीस 880, किसमिस पीली 300–400, मखाना 800–1100
**चावल (प्रतिकु) :** डबल चाबी सेला 9600, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 4950, शर्बती स्टीम 5100, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 7300, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1केजी,5केजी) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 8100, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4300
**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 12800–13500, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7550–8900, मलका छाँटी 7550, दाल उड़द बिलासपुर 8000–9000, मसूर दाल छोटी 9500–11200, दाल उड़द दिल्ली 10300, उड़द साबुत दिल्ली 9900, उड़द धोवा इंदौर 12800, उड़द धोवा 10000–11000, चना काला 7050, दाल चना 7600, दाल चना मोटी 7850, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8200, चना अकोला 7200, डबरा 7200–9200, सच्चा हीरा 8900, मोटा हीरा 10900, अरहर गोला मोटा 7700, अरहर पटका मोटा 8100, अरहर कोरा मोटा 8800, अरहर पटका छोटा 9800–10300, अरहर कोरी छोटी 10300
**चीनी :** डालमियां 4380, पीलीभीत 4280, सितारगंज 4260, धामपुर 4360

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती– 5000, मसूरी– 3400 बासमती– 9200, परमल– 3100
**दाल दलहन :** काला चना– 7000, साबुत चना दाल– 7200, मूंग साबुत– 9200 राजमा– 12100–14000, दाल उड़द– 9300, साबुत मसूर दाल– 7000, मसूर दाल– 7200, उड़द साबुत– 8200, काबुली चना– 10300, अरहर दाल– 11000, लोबिया/करमानी– 9400

# भारत की साख रेटिंग बढ़ाकर बीबीबी+ की

## जापान की आरएंडआई ने भारतीय अर्थव्यवस्था के स्थिर परिदृश्य को रखा बरकरार

नई दिल्ली, एजेंसी

जापान की रेटिंग एंड इन्वेस्टमेंट इन्फॉरमेशन इंक. (आरएंडआई) ने भारत की दीर्घकालिक सरकारी साख रेटिंग को 'बीबीबी' से बढ़ाकर 'बीबीबी+' करने के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था के 'स्थिर' परिदृश्य को बरकरार रखा है। इस साल किसी साख रेटिंग एजेंसी की तरफ से भारत की रेटिंग को तीसरी बार बढ़ाया गया है। इससे पहले एसएंडपी ने अगस्त 2025 में भारत की रेटिंग को बढ़ाकर 'बीबीबी' और मॉर्निंगस्टार डीबीआरएस ने मई 2025 में 'बीबीबी' किया था।

रेटिंग एजेंसी आरएंडआई की शुक्रवार को प्रकाशित भारत सरकारी साख समीक्षा के मुताबिक, यह रेटिंग दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में भारत की स्थिति से समर्थित है। रिपोर्ट कहती है कि भारत की बढ़ी हुई रेटिंग इसके जनसांख्यिकीय लाभांश, मजबूत घरेलू मांग और ठोस सरकारी नीतियों पर आधारित है। आरएंडआई ने अपनी रिपोर्ट में सरकार की राजकोषीय स्थिति में हुई प्रगति का उल्लेख किया, जो उच्च वृद्धि के साथ ही कर राजस्व में वृद्धि, सब्सिडी को तर्कसंगत बनाने और ऋण के प्रबंधनीय स्तर से प्रेरित है। यह रिपोर्ट भारत की मजबूत बाह्य स्थिरता पर भी प्रकाश डालती है। इसमें कहा गया कि चालू खाते का मामूली घाटा, सेवाओं और धनप्रेषणों में टिकाऊ अधिशेष, जीडीपी के अनुपात में बाहरी कर्ज कम होने और पर्याप्त विदेशी मुद्रा से इसकी मजबूती का पता चलता है।

वित्त मंत्रालय ने आरएंडआई की तरफ से भारत की रेटिंग बढ़ाए जाने का स्वागत करते हुए कहा कि सरकार राजकोषीय सूझबूझ और व्यापक आर्थिक स्थिरता के साथ ही समावेशी, उच्च-गुणवत्ता वाली वृद्धि को बढ़ावा देने वाली नीतियों के जरिये इस गति को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पांच महीनों के भीतर तीन क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों द्वारा भारत की रेटिंग में सुधार करने से देश के मजबूत और जुझारू व्यापक आर्थिक बुनियादी सिद्धांतों और विवेकपूर्ण राजकोषीय प्रबंधन के प्रति बढ़ती वैश्विक मान्यता का पता चलता है।




### कृषि श्रमिकों के लिए खुदरा महंगाई बढ़कर 1.07 % पर

**नई दिल्ली।** कृषि और ग्रामीण श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति अगस्त में बढ़कर क्रमश: 1.07 प्रतिशत और 1.26 प्रतिशत हो गई। इससे पिछले महीने जुलाई में यह क्रमश: 0.77 प्रतिशत और 1.01 प्रतिशत थी। श्रम मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, कृषि श्रमिकों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक अगस्त 2025 में 1.03 अंक बढ़कर 136.34 हो गया, जबकि ग्रामीण श्रमिकों के लिए सूचकांक 0.94 अंक बढ़कर 136.60 पर पहुंच गया। कृषि श्रमिकों के लिए खाद्य सूचकांक में आलोच्य महीने में 1.39 अंक और ग्रामीण मजदूरों के लिए 1.29 अंक की वृद्धि हुई।

### सोना 800 रुपये चढ़कर 1,14,000 प्रति 10 ग्राम पहुंचा, चांदी 500 रुपये मजबूत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 800 रुपये चढ़कर 1,14,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव और अमेरिका-चीन के बीच नए व्यापारिक तनाव के बीच मजबूत वैश्विक संकेतों के चलते सोने में तेजी आई। चांदी की कीमत भी 500 रुपये बढ़कर 1,32,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना गुरुवार को 1,13,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय सर्राफा बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 700 रुपये बढ़कर 1,13,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,12,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा, सप्ताह के आखिरी कारोबारी सत्र में सोने में सकारात्मक रुख रहा और कीमती धातुओं में तेजी रही। इस तेजी के कई कारण हैं। इनमें इस साल एक्सचेंज-ट्रेडेड फंडों में मजबूत निवेश और केंद्रीय बैंकों द्वारा सक्रिय रूप से सोना खरीदना शामिल है। इसके साथ, इस साल के अंत से पहले फेड द्वारा ब्याज दरों में और भी कटौती की उम्मीदें, तथा मौजूदा भू-राजनीतिक तनावों एवं व्यापार संबंधी मुद्दों के कारण सुरक्षित निवेश की लगातार मांग बनी रह सकती है।

# बाजार में तीन दिनों की तेजी थमी, सेंसेक्स 387 अंक टूटा

मुंबई, एजेंसी



- निफ्टी में 96 अंक की गिरावट बाजार में मुनाफावसूली देखी गई

प्रमुख कंपनियों एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक में मुनाफावसूली होने के कारण स्थानीय शेयर बाजार में तीन दिनों से चली आ रही तेजी शुक्रवार को थम गई। सेंसेक्स 387 अंक टूट गया जबकि निफ्टी में 96 अंक की गिरावट रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 387.73 अंक यानी 0.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,626.23 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान एक समय यह 528.04 अंक गिरकर 82,485.92 अंक पर आ गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 96.55 अंक यानी 0.38 प्रतिशत गिरकर 25,327.05 अंक पर आ गया। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से एचसीएल टेक, आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन, ट्रेंट, कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एचडीएफसी बैंक में सबसे अधिक गिरावट रही। दूसरी तरफ, अदाणी पोर्ट्स, भारती एयरटेल, एसबीआई, एनटीपीसी और सन फार्मा के शेयर लाभ में रहे। कारोबार के दौरान अदाणी समूह की कंपनियों में खासी तेजी देखी गई।

### परमार्थ संस्थाएं सोशल स्टॉक एक्सचेंज के दायरे में

**नई दिल्ली।** सेबी ने सोशल स्टॉक एक्सचेंज (एसएसई) का दायरा बढ़ाते हुए अधिक परमार्थ संस्थाओं को इस मंच के जरिये धन जुटाने की अनुमति दी। सोशल स्टॉक एक्सचेंज पूंजी बाजार का एक विशेष मंच है जिसे सेबी ने सामाजिक उद्यमों एवं गैर-लाभकारी संगठनों को पारदर्शी तरीके से धन जुटाने की सुविधा देने के लिए शुरू किया है। इस मंच के जरिये ट्रस्ट, सोसाइटी और सेक्शन-आठ में आने वाली कंपनियां दान-आधारित साधनों व सामाजिक उद्यम इक्विटी या ऋण साधनों से पूंजी जुटा सकती हैं।

# काम के आधार पर नियुक्त अस्थायी कर्मचारियों की संख्या बढ़कर 92 लाख होने का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

- आईएसएफ ने पेश की रिपोर्ट



देश में कार्य के आधार पर अनुबंध पर नियुक्त किये जाने वाले 'फ्लेक्सी' कर्मचारियों की संख्या सालाना आधार पर संचयी रूप से 12.6 प्रतिशत बढ़कर 2026-27 तक 91.6 लाख होने का अनुमान है। फ्लेक्सी-स्टाफिंग उद्योग में कोई कंपनी सीधे तौर पर कर्मचारियों को नौकरी पर नहीं रखती, बल्कि कार्य आधार पर अनुबंध पर कर्मचारियों को नियुक्त करती है।

इंडियन स्टाफिंग फेडरेशन (आईएसएफ) की नई रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2026-27 तक इस श्रमबल की संख्या सालाना आधार पर संचयी रूप से 12.6 प्रतिशत बढ़कर 91.6 लाख तक पहुंच सकती है, जिससे रोजगार के नए और लचीले अवसर बनेंगे। 'इंडियन फ्लेक्सी स्टाफिंग इंडस्ट्री 2025' शीर्षक से रिपोर्ट में बताया कि देश में फ्लेक्सी-स्टाफिंग उद्योग के 17.3 प्रतिशत की दर से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2026-27 तक 2,58,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। कंपनियां इस मॉडल को इसलिए अपना रही हैं क्योंकि इससे उन्हें जरूरत के हिसाब से कर्मचारी मिल जाते हैं, खासकर त्योहारी सीजन या खास परियोजनाओं के लिए।

यह कंपनियों को काम में लचीलापन देता है और कानूनी औपचारिकताओं का बोझ कम करता है। इंडियन स्टाफिंग फेडरेशन के अध्यक्ष लोहित भाटिया ने कहा, यह रिपोर्ट भारत के आर्थिक वृद्धि में 'फ्लेक्सी-स्टाफिंग' के विशाल योगदान को दर्शाती है।

## वोडाफोन आइडिया की याचिका पर न्यायालय करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने वोडाफोन आइडिया लिमिटेड की याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत हो गया। याचिका में 2016-17 तक के लिए अतिरिक्त समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) मांगों को रद्द करने का आग्रह किया है। कोर्ट 26 सितंबर को मामले की सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ दूरसंचार विभाग (डॉट) द्वारा वित्त वर्ष 2016-17 से संबंधित 5,606 करोड़ की नई मांग के खिलाफ वोडाफोन आइडिया की नई याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

# जीएसटी दरों में कटौती से सरकार पर नहीं पड़ेगा कोई खास राजकोषीय बोझ

कोलकाता, एजेंसी

- रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने पेश की ताजा रिपोर्ट




रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने शुक्रवार को कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में हाल ही में किए गए बदलाव से सरकार पर कोई खास राजकोषीय बोझ नहीं पड़ेगा। रेटिंग एजेंसी की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार, सरकार ने दर कटौती की वजह से अल्पावधि में सालाना करीब 48,000 करोड़ रुपये के शुद्ध नुकसान का अनुमान लगाया है, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में कुल जीएसटी संग्रह 10.6 लाख करोड़ रुपये रहा था।

रिपोर्ट कहती है कि कुल जीएसटी संग्रह के अनुपात में यह राजस्व नुकसान बहुत अधिक नहीं है। जीएसटी परिषद ने हाल ही में कर दरों को तर्कसंगत बनाते हुए पांच और 18 प्रतिशत के दो स्लैब में रखने का फैसला किया है। यह संशोधन 22 सितंबर से प्रभावी होने वाला है जिससे कई उत्पादों और सेवाओं की कीमतों में कमी आएगी। क्रिसिल ने कहा कि दरों को तर्कसंगत बनाने से अधिक वस्तुएं और सेवाएं औपचारिक कर दायरे में आ सकेंगी, जिससे मध्यम अवधि में कर वसूली में मजबूती मिलेगी। पहले 70-75% जीएसटी राजस्व 18 प्रतिशत स्लैब से आता था, जबकि 12 प्रतिशत स्लैब से केवल पांच-छह प्रतिशत और 28 प्रतिशत स्लैब से 13-15 प्रतिशत राजस्व मिलता था। रिपोर्ट के मुताबिक, 12% स्लैब में शामिल वस्तुओं पर कर घटाने से राजस्व को कोई खास नुकसान नहीं होगा।



# 1965 के युद्ध में शास्त्री ने निर्णायक नेतृत्व प्रदान किया

## रक्षा मंत्री ने तत्कालीन प्रधानमंत्री की सराहना की, ऑपरेशन सिंदूर को इस दृढ़ संकल्प का एक शानदार उदाहरण बताया

नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 1965 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री और भारतीय सैनिकों की सराहना करते हुए शुक्रवार को कहा कि यह राष्ट्र की ताकत की परीक्षा थी। सिंह ने कहा कि शास्त्री जी के दृढ़ इच्छाशक्ति वाले नेतृत्व के कारण ही भारत 1965 में अनिश्चितता और चुनौतियों का सामना करने में सफल रहा, क्योंकि उन्होंने न केवल निर्णायक राजनीतिक नेतृत्व प्रदान किया, बल्कि पूरे राष्ट्र का मनोबल भी बढ़ाया।

रक्षा मंत्री एक कार्यक्रम में 1965 के युद्ध में भाग लेने वाले सैनिकों और शहीद नायकों के परिजनों के साथ बातचीत कर रहे थे। इस बात पर जोर देते हुए कि भारतीयों ने बार-बार यह साबित किया है कि देश अपना भाग्य स्वयं बनाता है, सिंह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को इस दृढ़ संकल्प का एक शानदार उदाहरण बताया। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर ने हमारे दुश्मनों को दिखा दिया कि हम कितने मज़बूत हैं। जिस समन्वय और साहस के साथ हमारी सेनाओं ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया, वह इस बात का प्रमाण है कि जीत अब हमारे लिए कोई अपवाद नहीं है; यह हमारी आदत बन गई है। हमें इस आदत को हमेशा बनाए रखना चाहिए। हालाँकि, रक्षा मंत्री के संबोधन का मुख्य आकर्षण 1965 के युद्ध पर उनका अवलोकन था। सिंह ने कहा, कोई भी युद्ध केवल युद्ध के मैदान में नहीं लड़ा जाता; युद्ध में विजय पूरे राष्ट्र के सामूहिक संकल्प का परिणाम होती है। उन्होंने कहा, 1965 के उस दौर में, भारत अनिश्चितताओं और चुनौतियों का सामना करने में कामयाब रहा, जिसका श्रेय लाल बहादुर शास्त्री जी के दृढ़-इच्छाशक्ति वाले नेतृत्व को भी जाता है।



नई दिल्ली में भारतीय सेना द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में 1965 के युद्ध के पूर्व सैनिकों और शहीद सैनिकों के परिवारों के साथ बातचीत करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

### युद्ध के शहीद नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की

रक्षा मंत्री ने कहा, पाकिस्तान ने सोचा था कि वह घुसपैठ, गुरिल्ला रणनीति और अचानक हमलों के माध्यम से हमें डरा सकता है, लेकिन उसे यह नहीं पता था कि प्रत्येक भारतीय सैनिक इस भावना के साथ मातृभूमि की सेवा करता है कि राष्ट्र की संप्रभुता और अखंडता से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा। सिंह ने 1965 के युद्ध के दौरान लड़ी गई विभिन्न लड़ाइयों में भारतीय सैनिकों द्वारा प्रदर्शित अद्वितीय वीरता और देशभक्ति पर प्रकाश डाला, जिसमें असल उत्तर की लड़ाई, चाविंडा की लड़ाई और फिलोरा की लड़ाई शामिल थी। रक्षा मंत्री ने परमवीर चक्र विजेता अब्दुल हमीद की अदम्य भावना और वीरता का विशेष उल्लेख किया, जिन्होंने असल उत्तर की लड़ाई के दौरान मशीन गन टैंक की निरंतर गोलाबारी के बीच दुश्मन के कई टैंकों को नष्ट करते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। हमारे बहादुर अब्दुल हमीद ने हमें सिखाया कि बहादुरी हथियार के आकार की नहीं, बल्कि दिल के आकार की होती है।

# पित्रोदा के पाकिस्तान में 'घर जैसा महसूस होने' संबंधी बयान पर माफी मांगे कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सोनिया गांधी से पार्टी के विदेश विभाग के प्रमुख सैम पित्रोदा की पाकिस्तान में 'घर जैसा महसूस होने' संबंधी टिप्पणी के लिए माफी मांगने की मांग की और इस बयान को 'राष्ट्र-विरोधी' करार दिया। सैम पित्रोदा ने पड़ोमहिमामंडन किया है। भाजपा मुख्यालय में संवाददाताओं से बात करते हुए भंडारी ने कहा, यह सैम पित्रोदा का व्यक्तिगत बयान नहीं है, यह राहुल गांधी, सोनिया गांधी और गांधी-वाड्रा परिवार की नीति और मंशा है।

पहले भी राहुल गांधी कह चुके हैं कि वह भारतीय राज्य के खिलाफ लड़ना चाहते हैं। गांधी-वाड्रा परिवार का दिल आतंकी पाकिस्तान में बसता है। उन्होंने कहा, गांधी-वाद्रा परिवार को पित्रोदा की इस टिप्पणी के लिए देश के वीर सैनिकों से माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस या पित्रोदा की ओर से भाजपा के आरोपों पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। भंडारी ने कहा कि पित्रोदा की टिप्पणी से यह स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस की नीति और मंशा में देशभक्ति के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टी की नीति में केवल पाकिस्तान प्रेम है। भंडारी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, राहुल गांधी के करीबी और कांग्रेस के प्रवासी मामलों के प्रमुख सैम पित्रोदा कहते हैं- मैंने पाकिस्तान में 'घर जैसा महसूस' किया। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि संप्रग ने 26/11 के बाद भी पाकिस्तान के खिलाफ कोई सख्त कदम नहीं उठाया। पाकिस्तान की पसंद, कांग्रेस की पसंद! पित्रोदा की टिप्पणी को लेकर भाजपा के एक अन्य प्रवक्ता शहज़ाद पूनावाला ने आरोप लगाया कि कांग्रेस का पाकिस्तान के प्रति प्रेम कभी खत्म नहीं होता।

पूनावाला ने कहा, उन्होंने हाफिज सईद से यासीन मलिक के ज़रिए बात की। उन्होंने 26/11, समझौता, पुलवामा और पहलगाम (आतंकी हमलों) पर पाकिस्तान को क्लीन चिट दी। उन्होंने अनुच्छेद 370 पर पाकिस्तान का पक्ष रखा वे सिंधु जल संधि के तहत पाकिस्तान को 80 प्रतिशत पानी देते हैं! उन्हें पाकिस्तान से प्यार है! पूनावाला ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा, आईएनसी (इंडियन नेशनल कांग्रेस) मतलब इस्लामाबाद नेशनल कांग्रेस।



- भाजपा नेता भंडारी ने कहा- बयान राष्ट्र विरोधी गांधी-वाड्रा परिवार का दिल आतंकी पाकिस्तान में बसता है

# बानू मुश्ताक ही करेंगी मैसूर दशहरा समारोह का उद्घाटन, विरोध वाली याचिका खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

- कर्नाटक सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याची से पूछा राज्य कैसे कर सकता है भेदभाव



उच्चतम न्यायालय ने अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार विजेता बानू मुश्ताक को इस साल मैसुरु दशहरा उत्सव के उद्घाटन के लिए आमंत्रित करने के कर्नाटक सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी और सवाल किया कि राज्य कैसे भेदभाव कर सकता है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायामूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वकील से पूछा, इस देश की प्रस्तावना क्या है?।

याचिकाकर्ता के वकील ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के 15 सितंबर के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें राज्य के फैसले के खिलाफ याचिकाओं को खारिज कर दिया गया था। यह उत्सव 22 सितंबर से शुरू होगा। याचिकाकर्ता एचएस गौरव के वकील ने कार्यक्रम के उद्घाटन पर कोई आपत्ति नहीं जताई और इसे एक धर्मनिरपेक्ष गतिविधि बताया, लेकिन उन्होंने पीठ का ध्यान मंदिर परिसर के रीति-रिवाजों की ओर आकर्षित किया। उन्होंने कहा, यह (रीति-रिवाज) पूरी तरह से धर्मनिरपेक्ष नहीं है। ये एक आध्यात्मिक या धार्मिक क्रियाएं रूप ले लेते हैं। पीठ ने हालांकि इसे राज्य स्तरीय कार्यक्रम बताया और उनसे सवाल किया, यह कोई निजी कार्यक्रम नहीं है। राज्य सरकार इसका आयोजन कर रही है। राज्य सरकार कैसे अंतर कर सकती है? उच्चतम न्यायालय ने उच्च न्यायालय के उस आदेश का हवाला दिया, जिसमें यह उल्लेख किया गया था कि उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल करने वालों में से एक ने 2017 में आयोजित समारोह के उद्घाटन में आमंत्रित डॉ. निसार अहमद के साथ मंच साझा किया था। पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से पूछा, क्या यह सच है या नहीं? वकील ने कहा कि कार्यक्रम के दो पहलू हैं, एक उद्घाटन और दूसरा पूजा। पीठ ने पूछा, आपने याचिका क्यों दायर की? याचिका में क्या आधार लिया गया है? वकील ने कहा कि राज्य का फैसला अनुच्छेद 25 के तहत दिए गए उनके अधिकारों को प्रभावित करता है।

# चुनाव का चौकीदार जागता रहा और चोरों को बचाता रहा : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी



- कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने निर्वाचन आयोग पर साधा निशाना

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कथित वोट चोरी को लेकर शुक्रवार को एक बार फिर निर्वाचन आयोग पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि चुनाव का चौकीदार जागता रहा, चोरी देखता रहा और चोरों को बचाता रहा।

उन्होंने मतदाता सूची से नाम कथित तौर पर नाम हटाए जाने से संबंधित अपने संवाददाता सम्मेलन का एक संक्षिप्त वीडियो 'एक्स' पर साझा किया जिसमें उन्होंने दावा किया है कि जिन लोगों के नाम का इस्तेमाल कर वोट हटाए गए उन्हें यह पता ही नहीं था और सुबह चार बजे भी नाम हटाने के लिए ऑनलाइन आवेदन किए गए। कांग्रेस नेता ने शुक्रवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया, सुबह चार बजे उठो, 36 सेकंड में दो वोटर मिटाओ, फिर सो जाओ। ऐसे भी हुई वोट चोरी। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव का चौकीदार जागता रहा, चोरी देखता रहा और चोरों को बचाता रहा। गांधी ने गुरुवार को कर्नाटक के कलबुर्गी जिले के आलंद विधानसभा क्षेत्र के आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया था कि उनकी पार्टी के समर्थक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने के प्रयास हुए और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार लोकतंत्र की हत्या करने वालों" तथा वोट चोरों की रक्षा कर रहे हैं।

## राहुल युवाओं के नाम पर देश में फैलाना चाहते हैं अशांति : रविशंकर

**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला करते हुये आरोप लगाया कि वह 'जेन जी' और युवाओं के नाम पर देश में अशांति फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। पटना में आयोजित संवाददाता सम्मेलन प्रसाद ने राहुल के हालिया सोशल मीडिया पोस्ट को 'दुर्भाग्यपूर्ण और खतरनाक' करार दिया। दरअसल, राहुल गांधी ने अपने पोस्ट में कहा था कि, देश के युवा, छात्र और जेन जेड संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करेंगे और वोट चोरी को रोकेंगे। इस पर प्रतिक्रिया देते हुये पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रसाद ने कहा कि यह बयान संसद की गरिमा के खिलाफ है और इससे यह साफ होता है कि राहुल गांधी देश के लोकतांत्रिक ढांचे को कमजोर कर अराजकता फैलाना चाहते हैं।

# पोस्ट हटाने, माफी मांगने का मतलब यह नहीं कि मामला रद्द हो सकता है

मुंबई, एजेंसी

- मुंबई हाईकोर्ट ने ऑपरेशन सिंदूर मामले में 19 वर्षीय छात्रा द्वारा की गई टिप्पणी मामले में की टिप्पणी



मुंबई उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के खिलाफ सोशल मीडिया पोस्ट के लिए 19 वर्षीय छात्रा के खिलाफ मामला केवल इस आधार पर रद्द नहीं किया जा सकता कि उसने पोस्ट हटा दिया है और इसके लिए माफी मांग ली है। मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड की पीठ ने कहा कि सिर्फ इसलिए कि आरोपी एक मेधावी छात्रा है और उसने अपनी परीक्षाएं अच्छे अंकों से उत्तीर्ण की है, इसका मतलब यह नहीं है कि उसके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द की जा सकती है।

अदालत पुणे की एक छात्रा द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही जिसमें ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत-पाकिस्तान शत्रुता पर सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के लिए मई में उसके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने का अनुरोध किया गया था। उसे गिरफ्तार किया गया था लेकिन बाद में उच्च न्यायालय से जमानत मिलने के बाद उसे रिहा कर दिया गया था। शुक्रवार को छात्रा के वकील ने अदालत को बताया कि जमानत मिलने के बाद, वह परीक्षा में शामिल हुई और उसे अच्छे अंक मिले। हालांकि, पीठ ने कहा कि इसलिए कि वह एक मेधावी छात्रा है, प्राथमिकी रद्द करने का आधार नहीं हो सकता।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ऑस्ट्रेलिया : नेटवर्क में व्यवधान से तीन की मौत

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया की दूसरी सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी ने गुरुवार को नेटवर्क व्यवधान के दौरान तीन ग्राहकों की मौत के बाद माफी मांगी है। सिंगापुर के समूह सिंगटेल की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी ऑप्टस ने शुक्रवार को पुष्टि की कि नेटवर्क अपडेट के कारण कल ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रीय आपातकालीन टेलीफोन नंबर, ट्रिपल जीरो पर कॉल बाधित हो गई। ऑप्टस के सीईओ स्टीफन रू ने कहा कि पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण ऑस्ट्रेलिया और उत्तरी क्षेत्र प्रांतों के 600 ग्राहक प्रभावित हुए हैं। स्टीफन ने कहा, नेटवर्क अपडेट प्रक्रिया के दौरान ट्रिपल जीरो के तीन कॉल ऐसे घरों से संबंधित थे जहाँ एक व्यक्ति की दुखद मृत्यु हो गई थी।

### तालिबान ने ब्रिटिश दंपती को रिहा किया

**दुबई।** तालिबान ने अघोषित आरोपों में सात महीने से अधिक समय से अफगानिस्तान में हिरासत में रहे एक ब्रिटिश दंपती को शुक्रवार को रिहा कर दिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पीटर (80) और बार्बी रेनॉल्ड्स (75) का मामला पश्चिमी देशों के लिए चिंता का विषय था। रेनॉल्ड्स दंपती 18 वर्षों तक अफगानिस्तान में रहे थे और देश के मध्य प्रांत बामियान में एक शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान चलाते थे, लेकिन तालिबान के सत्ता पर कब्जा करने के बाद उन्होंने देश में ही रहने का फैसला किया। अरब प्रायद्वीप पर स्थित ऊर्जा संपन्न राष्ट्र कतर ने रेनॉल्ड्स को रिहा कराने में मदद की। एक राजनयिक ने बताया कि दंपती शुक्रवार को अफगानिस्तान से चले गए।

### रूस में महसूस किए गए भूकंप के तेज झटके

**मास्को।** रूस के कामचटका प्रायद्वीप के पूर्वी तट पर शुक्रवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 7.4 मापी गई। रूसी विज्ञान अकादमी के भूभौतिकीय सर्वेक्षण की कामचटका शाखा के अनुसार भूकंप के झटके ग्रीन मिड टाइम के मुताबिक 18:58 बजे महसूस किए गए। इसका केंद्र क्षेत्रीय राजधानी पेट्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की से लगभग 149 किमी दूर 39 किमी की गहराई पर था। कामचटका के गवर्नर व्लादिमीर सोलोदोव ने एक टेलीग्राम पोस्ट में कहा कि प्रायद्वीप के पूर्वी तट के लिए सुनामी की चेतावनी जारी कर दी गई है और लोगों को सूचित किया जा रहा है।

### सूडान : ड्रोन हमले में 43 नमाजियों की मौत

**काहिरा।** सूडान में उत्तरी दारफुर की राजधानी अल फशर शहर में एक अर्धसैनिक संगठन ने शुक्रवार तड़के एक मस्जिद में नमाज अदा कर रहे 43 लोगों की हत्या कर दी। सूडान डॉक्टर्स नेटवर्क ने शुक्रवार को 'एक्स' पर लिखा कि रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के ड्रोन हमले में वृद्धों और बच्चों समेत मुस्लिम श्रद्धालु मारे गए। उसने इसे जघन्य अपराध करार देते हुए कहा कि यह मानवीय और धार्मिक मूल्यों तथा अंतरराष्ट्रीय कानून के प्रति (अर्धसैनिक) संगठन की घोर उपेक्षा' को दर्शाता है।

## ब्रिटेन दुनिया भर में करेगा अपने जासूसी के नेटवर्क का विस्तार

लंदन, एजेंसी

- डार्क वेब पोर्टल के माध्यम से पूरी दुनिया में करेगा जासूसों की भर्ती

ब्रिटेन द्वारा शुक्रवार को शुरू किया गया डार्क वेब पोर्टल खुफिया एजेंसी एमआई6 के नए सुरक्षित मैसेजिंग प्लेटफॉर्म साइलेंट कूरियर का उपयोग करके देश के लिए दुनिया भर से जासूसों की भर्ती करेगा।

विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) ने कहा कि इसका लक्ष्य पहली बार डार्क वेब की गुमनामी का उपयोग करके रूस के साथ अन्य भौगोलिक क्षेत्रों में एजेंटों की भर्ती करना है। पोर्टल तक पहुंचने के निर्देश एमआई6 के सत्यापित यूट्यूब चैनल पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध होंगे, क्योंकि ब्रिटेन सक्रिय रूप से दुनिया के विभिन्न हिस्सों में संभावित नए एजेंटों तक पहुंच रहा है।

विदेश मंत्री यवेट कूपर ने कहा, जैसे-जैसे दुनिया बदल रही है और हमारे सामने मौजूद खतरे बढ़ रहे हैं, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि ब्रिटेन हमेशा अपने प्रतिद्वंद्वियों से एक कदम आगे रहे। उन्होंने कहा, हमारी विश्वस्तरीय ख़ुफ़िया एजेंसियां इस चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं और ब्रिटिश लोगों की सुरक्षा के लिए पर्दे के पीछे से काम कर रही हैं। अब हम अत्याधुनिक तकनीक के साथ उनके प्रयासों को मज़बूत कर रहे हैं ताकि एमआई6 रूस और दुनिया भर में ब्रिटेन के लिए नए जासूसों की भर्ती कर सके।

## सेलिब्रिटीज पर निशाना दहशत बढ़ाने के लिए

सनातन के अपमान के मुद्दे पर बरेली में रोहित गोदारा के गुर्गों का बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर पर गोलीबारी करना असल में ठीक वैसी ही घटना है जैसा लॉरेंस विश्नोई गैंग का जोधपुर में काले हिरन के शिकार के मामले में फिल्म स्टार सलमान खान को धमकियां देने का मामला है। असल में इस तरह की धमकियों के पीछे व्यापारी, राजनेता और ठेकेदारों के उस समुदाय में दहशत फैलाना होता है जो रंगदारी की वसूली के लिए इन गैंगस्टर का असल निशाना होते हैं। इसी वजह से दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग की घटना के बाद इस संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है कि रंगदारी की वसूली के लिए उन कुख्यात गैंगस्टरों की निगाह अब बरेली जैसे शहरों पर भी है जो किसी और देश में बैठकर भारत के पूंजीपतियों को निशाना बना रहे हैं। हालांकि पाटनी के घर पर गोली चलाने वाले शूटरों का पुलिस मुठभेड़ में मारा जाना फिलहाल इस संभावना पर फिलहाल एक विराम माना जा सकता है।

## यूपी में गैंगस्टर



### भारत में सक्रिय गैंग

- लॉरेंस विश्नोई गिरोह में गोल्डी बराड़, रोहित गोदारा, जग्गू भगवानपुरिया जैसे कई बड़े और कुख्यात नाम शामिल हैं।
- दिल्ली-हरियाणा-पश्चिमी यूपी गैंग में काला जठेड़ी, सुनील टिल्लू, संदीप काला उर्फ काला राणा जैसे नाम रिकॉर्ड में हैं।
- पंजाब में सुखा दुनीके, गज्जी फौजी, भिंडर गुज्जर, हरियाणा राजस्थान में बलराज डगर, नरेश सेठी गैंग सक्रिय हैं।
- मुंबई-ठाणे में अभी भी दाऊद इब्राहिम नेटवर्क, छोटा शकील और कुछ लोकल सिंडिकेट हैं, हालांकि अब दबदबा कम है।
- बिहार और उत्तर प्रदेश में सक्रिय रहे मुख्तार अंसारी व अतीक अहमद का खात्मा हो चुका है, लेकिन छोटे गैंग सक्रिय हैं।

### किस राज्य में कितने गैंग

- पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में ही 30-40 संगठित गैंग सक्रिय माने जाते हैं।
- दिल्ली और एनसीआर में 10 से 15 बड़े गैंग और दर्जनों छोटे गिरोह सक्रिय हैं।
- यूपी-बिहार में बड़े आपराधिक गिरोहों की संख्या पुलिस रिकॉर्ड में 20 से ज्यादा है।
- इसके साथ महाराष्ट्र, गुजरात और दक्षिण भारत के राज्यों में भी लोकल नेटवर्क हैं।

### प्रमुख गतिविधियां

- कारोबारियों, उद्योगपतियों और ठेकेदारों जैसे पूंजीपतियों से रंगदारी यानी रकम की वसूली।
- ड्रग और हथियारों की तस्करी, कई गैंगस्टर नकली सामान और मानव तस्करी में भी लिप्त।
- बड़ी फिरौती के लिए अपहरण, मनी लॉन्डरिंग, फर्जी कंपनियों के जरिए नकदी प्रवाह छिपाना।

### यूपी पर क्यों निगाहें

- बड़े गैंगस्टर यूपी के बड़े बाजार की वजह से यहां पैर जमाना चाहते हैं। जमीन और कारोबार के विवाद और ठेकों पर उनकी निगाह है।
- अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी के मारे जाने और उनका नेटवर्क के कमजोर होने से यहां नए गैंग के लिए संभावना पैदा हो गई है।
- वर्ष 2023 में लखनऊ पुलिस ने खुलासा किया था कि लॉरेंस विश्नोई गैंग यूपी के कारोबारियों से फिरौती वसूलने की योजना बना रहा था।
- मेरठ-बागपत बेल्ट में सुनील राठी जैसे गैंग से संपर्क करके लॉरेंस ग्रुप पश्चिमी उत्तर प्रदेश में नेटवर्क बनाने की कोशिश कर चुका है।

### पुलिस से मुकाबला

पिछले कुछ सालों में उत्तर प्रदेश की पुलिस ने कई गैंगस्टर के शूटरों को गिरफ्तार किया है या मुठभेड़ में ढेर कर दिया है। नोएडा में 2023 में सचिन भाटी गैंग के दो शूटर और 2024 में मेरठ में पंजाब से आए तीन शूटरों को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया। गाजियाबाद में 2023 में गोल्डी बराड़ का कुख्यात शूटर अभिषेक और बागपत में सुनील राठी का शूटर मनोज मुठभेड़ में मारा गया।

# गाजा में युद्धविराम के खिलाफ ट्रंप का वीटो मानवता की अंतरात्मा पर धब्बा

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने की तीखी आलोचना, कहा- ये शर्मनाक

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

गाजा में मानवीय पहुंच और आपूर्ति पर सभी प्रतिबंधों को तुरंत हटाने के साथ तत्काल और बिना शर्त स्थाई युद्धविराम के साथ हमास और अन्य सशस्त्र समूहों द्वारा बंधक बनाए गए सभी लोगों की सम्मानजनक और तत्काल रिहाई के मसौदा प्रस्ताव पर अमेरिका के वीटो की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने तीखी आलोचना की है।

अमेरिका ने गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनजीसी) के उस मसौदा प्रस्ताव पर वीटो लगा दिया था जो इजराइल के खिलाफ लाया गया था। इस प्रस्ताव को सुरक्षा परिषद के 10 निर्वाचित सदस्यों की ओर से प्रस्तुत किया गया था और 15 सदस्यीय परिषद में से 14 मतों से समर्थन मिला। परिषद के स्थाई सदस्य अमेरिका ने वीटो शक्ति का इस्तेमाल कर इस प्रस्ताव को रोक दिया था। अमेरिकी वीटो की सुरक्षा परिषद में व्यापक आलोचना की गई है।

अल्जीरिया के संयुक्त राष्ट्र राजदूत अमर बेंडजामा ने कहा कि मसौदा प्रस्ताव के पक्ष में मतदान करने वाले 14 परिषद सदस्यों ने अंतर्राष्ट्रीय जनमत का आह्वान दोहराया है। उन्होंने कहा, यह परिषद फिर से विफल रही, मानवता की अंतरात्मा पर एक और धब्बा। खुली आंखों के सामने हो रहे नरसंहार के सामने यह शर्मनाक है। बेंडजामा ने कहा, इस समय कोई अस्पष्टता नहीं हो सकती। हममें से प्रत्येक को या तो नरसंहार रोकने के लिए कार्रवाई करनी होगी या फिर इसमें शामिल लोगों में गिना जाना होगा।

सोमालिया के संयुक्त राष्ट्र के राजदूत अबुकर दाहिर उस्मान ने मतदान परिणाम को गंभीर नैतिक विफलता बताया। उन्होंने कहा कि यह मसौदा संयुक्त राष्ट्र चार्टर की भाषा और भावना पर आधारित है, जिसका पालन करने की सभी सदस्य देशों ने शपथ ली है। मसौदा प्रस्ताव में न्यूनतम जरूरत की मांग की गई थी। फिर भी बार-बार, सुरक्षा परिषद को कार्रवाई करने से रोका गया है।




दक्षिणी इजराइल में शुक्रवार को गाजा सीमा पर लोगों ने युद्ध के विरोध में प्रदर्शन किया।

### अमेरिकी रुख पर चीन-रूस ने भी जताई निराशा

संयुक्त राष्ट्र में चीन के स्थाई प्रतिनिधि फू कांग ने कहा कि चीन मतदान के परिणाम से बेहद निराश है। गाजा संघर्ष लगभग दो वर्षों से चल रहा है, जिससे एक अभूतपूर्व मानवीय आपदा पैदा हुई है। सुरक्षा परिषद ने बार-बार कार्रवाई करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि फिर भी हर बार अमेरिका ने उसके प्रयासों को विफल किया है। इजराइल को गाजा में अपने सैन्य आक्रमण और तनाव बढ़ाने वाले किसी भी खतरनाक कदम को रोकना चाहिए। कांग ने कहा कि चीन को उम्मीद है कि अमेरिका अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के साथ मिलकर निष्पक्ष और ज़िम्मेदार रुख अपनाएगा और युद्धविराम की दिशा में प्रयास करेगा। संयुक्त राष्ट्र में रूसी राजदूत वसीली नेबेंज़िया ने कहा कि जब तक गाजा संकट के बारे में अमेरिका की धारणा बदलती रहेगी और जब तक वह संयुक्त राष्ट्र में बहुपक्षीय कूटनीति को एक महत्वपूर्ण उपकरण के बजाय एक बाधा के रूप में देखता रहेगा, तब तक पश्चिम एशिया के प्रश्न पर कोई सफलता नहीं मिलेगी। ब्रिटेन के संयुक्त राष्ट्र राजदूत बारबरा वुडवर्ड ने खेद व्यक्त किया कि सुरक्षा परिषद मसौदा प्रस्ताव पर आम सहमति तक नहीं पहुंच पाई।

### हूतियों ने इजराइल के तीन शहरों पर कई हमलों किया का दावा

**सना।** यमन के हूती समूह ने कहा कि उसने गुरुवार रात इजराइल के तीन शहरों पर लंबी दूरी की हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल और तीन ड्रोन से हमला किया। हूती समूह के सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने कहा कि मिसाइल ने जाफा (तेल अवीव) में एक सैन्य ठिकाने को निशाना बनाया जबकि तीन ड्रोनों ने बीर शेवा शहर और बंदरगाह शहर ऐलात में ठिकानों को निशाना बनाया। इस बीच, इजराइली रक्षा बलों ने कहा कि एक ड्रोन ने ऐलात में एक होटल पर हमला किया जबकि यमन से आने वाली मिसाइल और अन्य ड्रोनों को रोक लिया गया।

### बगराम एयरबेस पर फिर तैनात करेंगे अमेरिकी सैनिक: ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अफगानिस्तान के बगराम एयर बेस पर अमेरिकी सैनिकों की तैनाती की वह योजना बना रहे हैं। चार वर्ष पहले अमेरिकी सैनिकों के अचानक अफगानिस्तान से जाने के बाद बगराम एयर बेस पर तालिबान ने कब्जा कर लिया था। ट्रंप ने ब्रिटेन की यात्रा के समापन पर एक प्रेस वार्ता में यह बात कही। साथ ही इस कदम को सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी चीन का मुकाबला करने की जरूरत से जोड़ा। यूक्रेन पर आक्रमण के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में ट्रंप ने इस बेस का जिक्र किया और कहा, हम इसे वापस पाने की कोशिश कर रहे हैं।

## कड़ी धूप और प्रदर्शन




ऑल ओडिशा कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन्स एसोसिएशन ऑफ स्टेट मिशन, शक्ति विभाग के सैकड़ों महिला सदस्यों ने अपनी वेतन वृद्धि और नौकरियों के नियमितीकरण की मांग को लेकर शुक्रवार को ओडिशा में कड़ी धूप में प्रदर्शन किया। एजेंसी

## सऊदी अरब के साथ हुए रक्षा समझौते में दूसरे अरब देशों के शामिल होने का रास्ता बंद नहीं

इस्लामाबाद, एजेंसी

- पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने किया साफ

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि उनके मुल्क और सऊदी अरब के बीच आपसी रक्षा समझौते में अन्य अरब देशों के शामिल होने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि इस तरह के समझौते के लिए दरवाजे बंद नहीं हैं। पाकिस्तान और सऊदी अरब ने बुधवार को एक रणनीतिक पारस्परिक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके अनुसार उनमें से किसी भी देश पर किसी भी हमले को दोनों के विरुद्ध आक्रमण माना जाएगा।

रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने और अरब देशों के इस समझौते का हिस्सा बनने की संभावना पर एक सवाल पर कहा, मैं इसका अभी जवाब नहीं दे सकता लेकिन इतना अवश्य कहूंगा कि दरवाज़े बंद नहीं हैं। मंगलवार को 'जियो न्यूज' को दिए एक साक्षात्कार में आसिफ ने कहा था कि वह हमेशा से नाटो जैसे समझौते की वकालत करते रहे हैं, क्योंकि पाकिस्तान के लिए खतरे की स्थिति अधिक रही है।

उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि यहां के देशों और लोगों, विशेष रूप से मुस्लिम आबादी का यह मौलिक अधिकार है कि वे मिलकर अपने क्षेत्र और राष्ट्रों की रक्षा करें। उन्होंने बताया कि इस समझौते में ऐसी कोई धारा नहीं है जो किसी अन्य राष्ट्र को शामिल होने से रोकती हो या पाकिस्तान को किसी और के साथ ऐसा ही समझौता करने से रोकती हो। उनसे पूछा गया कि क्या पाकिस्तान की परमाणु संपत्ति भी इस समझौते के तहत उपलब्ध होगी, इस पर आसिफ ने कहा, हमारे पास जो क्षमताएं हैं, वे निश्चित रूप से इस समझौते के अंतर्गत उपलब्ध होंगी।

## रूस की परमाणु पनडुब्बियों ने किया मिसाइल का परीक्षण

- ओखोटस्क सागर में नौसैनिक अभ्यास कर रही है रूसी फ्लीट

**व्लादीवोस्तोक।** रूस के प्रशांत फ्लीट की दो परमाणु पनडुब्बियों ने ओखोटस्क सागर में नौसैनिक अभ्यास के दौरान सफलतापूर्वक क्रूज मिसाइल दागी। प्रशांत फ्लीट ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी।

फ्लीट ने कहा कि बहुउद्देशीय सबमरीन क्रास्नोयार्स्क और ओम्स्क ने अपने 250 किमी दूर समुद्री लक्ष्य पर ओनिक्स तथा ग्रनिट नाम की क्रूज मिसाइलें दागीं। तकनीकी निगरानी आधारित डाटा के मुताबिक मिसाइलों ने अपने लक्ष्य को प्राप्त किया। परीक्षण के दौरान लक्ष्य क्षेत्र को सुरक्षित रखने के लिए प्रशांत सागर बेड़े के जहाजों और नौसेना विमानन इकाइयां तैनात की गई थीं। यह मिसाइल फायरिंग, 12 सितंबर से रूस के उत्तर-पूर्व में संयुक्त सेना कमान के कमांड-एंड-स्टाफ अभ्यास का हिस्सा थी। इसका उद्देश्य उत्तरी प्रशांत महासागर में समुद्री मार्गों की सुरक्षा के साथ कामचटका और चुकोटका क्षेत्रों तथा निकटवर्ती द्वीप क्षेत्रों की तटों की सुरक्षा था।

### यूक्रेन की अपने रक्षा उद्योग में पश्चिमी देशों के निवेश की योजना

**कीव।** यूक्रेन के नाटो में शामिल होने की क्षीण संभावनाओं के बीच उसके पश्चिमी सहयोगियों ने उसके हथियार उद्योग में बड़े निवेश की रणनीति बनाई है ताकि वह रूस का बेहतर मुकाबला कर सके। यदि यह रणनीति सफल रहती है, तो यूक्रेन की विकसित सैन्य तकनीक अमेरिकी और यूरोपीय सेनाओं को भी उपलब्ध कराई जा सकेगी। हाल ही में यूक्रेन ने एक 'क्वाडकॉप्टर' ड्रोन विकसित किया है, जो रूस के जैमिंग उपकरणों से बचकर 20 किमी तक उड़ सकता है और छह किलो विस्फोटक गिरा सकता है। यूक्रेन के लिए ट्रंप प्रशासन के विशेष दूत कीथ केलॉग ने पिछले सप्ताह कहा था कि ड्रोन तकनीक में यूक्रेन दुनिया में अग्रणी है।

# जेन जी आंदोलनकारियों पर गोलीबारी का आदेश नहीं दिया था: ओली

## नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री ने घुसपैठियों को ठहराया जिम्मेदार, जांच की मांग की

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल के अपदस्थ प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने इस बात से इन्कार किया है कि उनकी सरकार ने आठ सितंबर को 'जेन जी' आंदोलन के पहले दिन गोलीबारी का आदेश दिया था, जिसमें 19 लोग मारे गए थे। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के अध्यक्ष ने इस त्रासदी के लिए घुसपैठियों को दोषी ठहराया।

ओली ने देश के संविधान दिवस पर जारी एक संदेश में दावा किया, सरकार ने प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने का आदेश नहीं दिया था। उन्होंने कहा, प्रदर्शनकारियों पर स्वचालित बंदूकों से गोलियां चलाई गईं, जो पुलिसकर्मियों के पास नहीं थीं और इसकी जांच होनी चाहिए। ओली ने शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन में घुसपैठ का दावा करते हुए कहा, घुसपैठ करने वाले षड्यंत्रकारियों ने आंदोलन को हिंसक बना दिया और इस तरह हमारे युवा मारे गए। उन्होंने जानमाल के नुकसान पर दुख व्यक्त करते हुए घटना की जांच की मांग की।



- कहा- स्वचालित बंदूकों से चलाई गई थीं गोलियां जो नहीं हैं पुलिस के पास

ओली ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा, मेरे पद से इस्तीफा देने के बाद सिंह दरबार सचिवालय और उच्चतम न्यायालय को आग लगा दी गई, नेपाल का नक्शा जला दिया गया और कई महत्वपूर्ण सरकारी इमारतों को आग लगा दी गई। उन्होंने कहा, मैं इन घटनाओं के पीछे की साजिशों के बारे में विस्तार से नहीं बताना चाहता, समय खुद ही सब बता देगा। ओली ने संविधान लागू करते समय देश के सामने आई चुनौतियों को भी याद किया।

### संविधान की रक्षा सभी नेपाली नागरिकों की जिम्मेदारी: कार्की




नेपाल की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने शुक्रवार को कहा कि 10 साल पहले अपनाए गए संविधान की रक्षा करना सभी नेपाली नागरिकों की जिम्मेदारी है तथा लोकतंत्र बातचीत और समाधान खोजने की प्रणाली है। कार्की संविधान दिवस पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। यह दिन नेपाल में राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया जाता है। हालांकि, पिछले हफ्ते युवा आंदोलन में हुई हिंसा में 72 लोगों की मौत के शोक के कारण पिछले सालों की तुलना में इस साल के कार्यक्रम छोटे पैमाने पर आयोजित किए गए। नेपाल की संविधान सभा ने देश के राष्ट्रीय कैलेंडर के अनुसार, तीन आश्विन 2072 विक्रम संवत को, या 20 सितंबर 2015 को संविधान अंगीकार किया था।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 सितंबर, शनिवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी 21 सितंबर 00.16 तक तत्पश्चात अमावस्या।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व, ऋतु- शरद।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- मघा 08.05 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

**मेष:** आज आत्मविश्वास में कमी हो सकती है। छोटे बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मेहनत का पूरा फल नहीं मिलेगा। नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। आपको मौके पर लोगों की मदद नहीं मिल पाएगी। जल्दबाजी में लिए गए निर्णयों के कारण हानि हो सकती है।

**वृष:** आज वरिष्ठ व्यक्तियों की अवहेलना न करें। तनाव के कारणों को पहचानें और उनसे बचें। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। सरकारी मामलों को लेकर परेशानी होगी। अपनी प्रतिभा का उचित लाभ नहीं उठा पाएंगे।

**मिथुन:** आज दोपहर के बाद कुछ महत्वपूर्ण अवसर मिल सकते हैं। जॉब में उच्च पद मिल सकता है। कानूनी मामलों में विजय मिल सकती है। करियर को लेकर शुभ समाचार मिलने की संभावना है। अधूरे कार्यों को पूर्ण कर लेंगे।

**कर्क:** आज सहकर्मी आपके प्रति ईर्ष्या का भाव रख सकते हैं। क्रोध में आकर कड़वे वचन बोलने से बचें। कोई मूल्यवान वस्तु गुम हो सकती है। समय अनुसार आपके सभी काम बनते जाएंगे। बच्चों के साथ आपका समय अच्छे से बीतेगा।

**सिंह:** आज महत्वपूर्ण लोगों के साथ आपके संपर्क विकसित होंगे। सहकर्मी आपकी प्रशंसा करेंगे। अपने आचरण को संयमित रखें। आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। बेरोजगार लोगों की नौकरी की समस्या समाप्त होगी।

**कन्या:** आज नए काम की शुरुआत में अति शीघ्रता उचित नहीं है। बड़ों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। महिलाओं को इंफेक्शन संबंधी परेशानी हो सकती है। दूसरों की सहायता करने से आत्मसंतुष्टि की अनुभूति होगी। मन में बेचैनी का भाव आ सकता है।

**तुला:** आज व्यापार में बेहतरीन धन लाभ प्राप्त होगा। ससुराल पक्ष के साथ तनाव कम हो सकता है। आपकी सलाह से लोगों का हित होगा। भाई-बहनों की उपलब्धियों पर गौरव की अनुभूति होगी। मन का तनाव दूर होगा। व्यर्थ के कार्यों से स्वयं को दूर रखें।

**वृश्चिक:** आज प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए दिन काफी अच्छा है। आप लोगों की सहायता करने को तत्पर रहेंगे। आप रचनात्मक विचारों के कारण प्रशंसा के पात्र बनेंगे। खेल और कला के क्षेत्र से जुड़े करियर में उत्तम सफलता मिलेगी।

**धनु:** आज बड़ी व्यापारिक डील हो सकती है। विचारों को सकारात्मक बनाए रखें। प्रियजनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। धैर्य और संयम के कारण आपको सफलता मिलेगी। यदि कोई आपके विचारों से सहमत नहीं है तो उस पर विचार थोपने से बचें।

**मकर:** आज मन में थोड़ी अशांति हो सकती है। यदि महंगी वस्तुओं को खरीद रहे हैं तो पहले उनकी थोड़ी जांच-परख कर लें। अपने व्यवहार में अभिमान न आने दें। विदेश में शिक्षा ले रहे छात्रों को अध्ययन में थोड़ी असुविधा महसूस होगी।

**कुंभ:** आज सत्कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। दूसरों के मामलों में आप हस्तक्षेप न करें। नई तकनीक के अध्ययन के प्रति आपका रूझान बढ़ेगा। ऑफिस का माहौल बहुत ही अच्छा रहेगा। विरोधियों के ऊपर वर्चस्व स्थापित कर पाएंगे।

**मीन:** आज दिन की शुरुआत बहुत ही अच्छा रहेगी। क्रोध के स्थान पर शांतिपूर्वक समस्याओं का समाधान करें। बदलते मौसम के कारण आपके शरीर में थकावट हो सकती है। राजनैतिक गतिविधियों में आपका मन लगेगा।

## सुडोकू-105

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | | 4 | | |
| 4 | 7 | 8 | 1 | | | 9 | | |
| | | | 2 | | 4 | | | |
| 6 | | | | | | | 2 | |
| 3 | | 7 | | | | 5 | | 8 |
| | 2 | | 8 | | 7 | | 1 | |
| | | | 9 | | | | | |
| | | 9 | | | 6 | | 7 | |
| | | 5 | | 4 | | | | |

### सुडोकू - 104 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 9 | 7 | 6 | 5 | 4 | 8 | 2 |
| 2 | 7 | 8 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 6 |
| 4 | 6 | 5 | 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 7 | 9 | 2 | 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 1 |
| 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 7 | 2 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 5 | 7 |
| 5 | 8 | 3 | 1 | 7 | 2 | 6 | 4 | 9 |
| 6 | 1 | 4 | 3 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 |
| 9 | 2 | 7 | 5 | 4 | 6 | 3 | 1 | 8 |

